CMYK

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, रविवार 21 सितम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 26 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार की नीयत साफ हो, तो योजनाएं अपना रास्ता बना लेती हैं: योगी पेज 2



भारत को पाकिस्तान के 'पलटवार' से सतर्क रहना होगा खेल टाइम्स



सऊदी अरब को परमाणु हथियार देगा पाकिस्तान: रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ पेज 11



शाहरुख खान की 'किंग' पर सबकी नजर बॉलीवुड

## टैरिफ के नशे में चूर ट्रम्प को चढ़ा नया फितूर

# H-1B वीजा के लिए 88 लाख रुपये वसूलेगा अमेरिका, यात्री जहाज से उतरे

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिका अब** एच-1बी वीजा के लिए हर साल एक लाख डॉलर (करीब 88 लाख रुपये) एप्लिकेशन फीस वसूलेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में इस ऑर्डर पर साइन किए। नए चार्ज 21 सितम्बर से लागू होंगे। एच-1बी वीजा के लिए पहले औसतन 5 लाख रुपये लगते थे। यह 3 साल के लिए मान्य होता था। इसे 3 साल के लिए रिन्यू किया जा सकता था।

अब अमेरिका में एच-1बी वीजा के लिए 6 साल में 5.28 करोड़ लगेंगे, यानी खर्च करीब 50 गुना से ज्यादा बढ़ जाएगा। अमेरिकी सरकार हर साल लॉटरी से 85,000 एच-1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। सबसे ज्यादा भारतीय (72 फीसदी) इसका इस्तेमाल करते हैं। अब वीजा फीस बढ़ने से 3 लाख से ज्यादा भारतीयों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। ट्रम्प ने 19 सितम्बर को एच-1बी वीजा को लेकर नियमों में बदलाव से जुड़े ऑर्डर पर साइन किए। ट्रम्प ने एच-1बी में बदलाव के अलावा 3 नए तरह के वीजा कार्ड भी लॉन्च किए हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड, ट्रम्प प्लेटिनम कार्ड और कॉर्पोरेट गोल्ड कार्ड जैसी सुविधाएं भी शुरू की गई हैं। ट्रम्प गोल्ड कार्ड (8.8 करोड़ कीमत) व्यक्ति को अमेरिका में अनलिमिटेड रेसीडेंसी (हमेशा रहने) का अधिकार देगा। एच-1बी वीजा एक नॉन-इमिग्रेंट वीजा है। यह वीजा लॉटरी के जरिये दिए जाते रहे हैं, क्योंकि हर साल कई सारे लोग इसके लिए आवेदन करते हैं। यह वीजा स्पेशल टेक्निकल स्किल जैसे आईटी, आर्किटेक्चर -**शेष पृष्ठ दो पर**




**छह साल का खर्च 50 गुना बढ़ा, तीन लाख भारतीयों पर असर, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में ऑर्डर पर किए हस्ताक्षर**

**2023 में एच-1बी वीजा लेने वालों में से 1,91,000 लोग भारतीय थे, ये आंकड़ा 2024 में बढ़कर 2,07,000 हो गया**

### एच-1बी वीजा की फीस बढ़ने के बाद भारतीय यात्रियों में मचा हड़कंप

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एच-1बी वीजा की फीस बढ़ा दी है। इससे देश लौट रहे भारतीय यात्रियों में हड़कंप मच गया है। सैन फ्रांसिस्को से भारत आ रही फ्लाइट में कई भारतीय यात्रियों ने बैठने के बाद ही विमान से उतरने की मांग कर दी। इसके अलावा दुबई से अमेरिका जा रही फ्लाइट में बैठे कई यात्री भी एयरपोर्ट पर ही उतर गए। उन्हें डर था कि वे समय पर अमेरिका नहीं पहुंच पाएंगे और नए नियम लागू होने के बाद दोबारा एंट्री मुश्किल होगी। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और जेपी मार्गन जैसी कंपनियों ने भी अपने कर्मचारियों को अमेरिका से बाहर न जाने की सलाह दी है। वहीं, छुट्टियों या त्योहारों के लिए भारत आए कई भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स अब फंस गए हैं। ट्रम्प के ऐलान के तुरंत बाद भारत-अमेरिका फ्लाइट का किराया दोगुना हो गया। दिल्ली से न्यूयॉर्क के लिए एकतरफा टिकट जो 37 हजार रुपये में मिल रहा था, वह 70-80 हजार रुपये तक पहुंच गया।

### लुढ़के अमेरिका में सूचीबद्ध भारतीय आईटी कंपनियों के शेयर

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा एच-1बी वीजा की फीस में बेतहाशा बढ़ोतरी सेअमेरिका में भारतीय आईटी और बैंकिंग कंपनियों के शेयर गिर गए। अउस समय तक भारत में शेयर बाजार बंद हो चुके थे, लेकिन अमेरिका में भारतीय आईटी और बैंकिंग कंपनियों पर उसका असर देखा गया। नैसडेक में सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों कॉग्निजेंट का शेयर 4.73 प्रतिशत लुढ़क गया। इंफोसिस में 3.41 प्रतिशत और विप्रो में 2.10 प्रतिशत की गिरावट रही। सिफी टेक्नोलॉजीज का शेयर 0.17 प्रतिशत टूट गया। एचडीएफसी बैंक का शेयर 0.48 फीसद और आईसीआईसीआई बैंक का 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

## विकसित भारत में वर्तमान न्यायिक व्यवस्था बड़ी बाधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**पीएम के एडवाइजर बोले- माई लॉर्ड शब्द अंग्रेजों ने दिया, इसे बदलना चाहिए, कोर्ट में महीनों तक छुट्टी गलत**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री की इकोनॉमिक एडवाइजर काउंसिल (ईएसी) के सदस्य संजीव सान्याल ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत के लिए हमारा ज्यूडिशियल सिस्टम सबसे बड़ी बाधा है। कई कानून ऐसे हैं, जो समस्या को आसान की बजाय जटिल बना देते हैं।

कोर्ट में माई लॉर्ड जैसे शब्दों से भी आपत्ति है, जो अंग्रेजों के जमाने के हैं। इन्हें बदलना चाहिए। इसके साथ ही सान्याल ने अदालतों में महीनों तक छुट्टी होने पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका भी राज्य के किसी भी अन्य हिस्से की तरह एक सार्वजनिक सेवा है। क्या आप पुलिस विभाग या अस्पतालों को महीनों तक बंद रख सकते हैं। संजीव सान्याल ने ये बातें दिल्ली में भारतीय महाधिवक्ता के सम्मेलन में कहीं। इस सम्मेलन का विषय 2047 में विकसित भारत के लिए भारत के कानूनी आधार की पुनर्कल्पना था। सान्याल ने आगे कहा कि भारत की सबसे बड़ी दिक्कत कानून और न्याय को समय पर लागू न कर पाना है। हमारे देश में समझौते और न्याय समय पर पूरे नहीं होते। इस वजह से भले ही हम सड़कों, इमारतों या शहरों पर बहुत पैसा खर्च करें, असली विकास रुक जाता है। उन्होंने एक 99-1 समस्या का जिक्र किया। असल में सिर्फ 1 फीसदी लोग नियमों का गलत इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्योंकि हमें भरोसा नहीं है कि अदालतें ऐसे मामलों को जल्दी सुलझा देंगी, तो सरकार सारे नियम ऐसे बनाती है कि उस 1 फीसदी को भी रोका जा सके। नतीजा ये होता है कि बाकी 99 फीसदी ईमानदार लोग भी उन जटिल नियमों में फंस जाते हैं। सान्याल ने कहा कि मुकदमा दायर करने से पहले अनिवार्य मध्यस्थता का नियम सही सोच के साथ लाया गया था, लेकिन असल में उल्टा असर कर गया।

### वोट चोरी कर सत्ता में आए मोदी हमारे पास पक्के सबूत: राहुल गांधी

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को फिर से वोट चोरी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके पास एक हाइड्रोजन बम सबूत है, जो पूरी सच्चाई को सामने लाएगा और साबित करेगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वोट चोरी कर सत्ता हासिल की। उन्होंने वायनाड में कहा कि हम एक हाइड्रोजन बम लाने जा रहे हैं, जो स्थिति को पूरी तरह तहस-नहस कर देगा। हम जो कह रहे हैं, उसके हमारे पास स्पष्ट प्रमाण हैं। मैं बिना सबूत के कुछ नहीं कह रहा हूं।

### सिंगर जुबीन की मौत मामले में ऑर्गेनाइजर व मैनेजर पर FIR

**गुवाहाटी।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आर्गेनाइजर श्यामकानु महंत और सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ असम के मोरीगांव पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है। दोनों पर आरोप है कि जुबीन को इवेंट के बहाने विदेश ले जाया गया, लेकिन असली मकसद उनकी हत्या करना था। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि सरकार जुबीन की मौत की जांच कराएगी। राज्य भर में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसलिए डीजीपी हरमीत सिंह को निर्देश दिया है कि सभी एफआईआर मिलाकर एक केस दर्ज करें और जांच सीआईडी को सौंपी जाए।

### बर्खास्त IAS पूजा खेडकर का फैमिली बॉडीगार्ड अरेस्ट

**पुणे।** बर्खास्त आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के परिवार के बॉडीगार्ड प्रफुल सालुंखे को नवी मुंबई पुलिस ने धुले से गिरफ्तार किया है। पूजा के पिता दिलीप और मां मनोरमा फरार हैं। इन तीनों पर एक ट्रक हेल्पर के अपहरण और मारपीट करने का आरोप है। इससे पहले 15 सितम्बर को जब पुलिस हेल्पर के अपहरण मामले में खेडकर के घर पहुंची थी, तो मनोरमा खेडकर ने पुलिस से बदसलूकी की और उन पर कुत्ता छोड़ दिया था। हालांकि, पुलिस ने हेल्पर को छुड़ा लिया था। इस दौरान दिलीप व मनोरमा ने अगले दिन थाने आने का वादा किया था, लेकिन दोनों एसयूवी समेत फरार हो गए थे। पुलिस ने मनोरमा पर सरकारी काम में बाधा डालने, सबूत नष्ट करने और आरोपी को बचाने का मामला दर्ज किया है।

### दिल्ली के कई स्कूलों को फिर बम की धमकी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह फिर एक बार फिर कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। धमकी सुबह करीब साढ़े नौ बजे फोन कॉल्स और संदेशों के माध्यम से मिली, जिसके तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि धमकी पाने वाले स्कूलों में डीपीएस द्वारका, कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल, सर्वोदय विद्यालय और सर्वोदय को-एड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुतुब मीनार (महरौली) शामिल हैं।

## एच-1बी वीजा: राहुल व खड़गे ने मोदी को बताया कमजोर पीएम

**कहा: मोदी एक बार फिर अमेरिका के सामने कमजोर प्रधानमंत्री साबित हुए**

**नई दिल्ली।** पार्टी के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता ने श्री मोदी को फिर कमजोर प्रधानमंत्री बताया और कहा कि मैं दोहराता हूं, भारत के पास एक कमजोर प्रधानमंत्री है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मोदी को कमजोर प्रधानमंत्री कहने वाले श्री गांधी के पांच जुलाई 2017 के ट्वीट का हवाला देते हुए कहा कि आठ साल बाद राहुल गांधी एक बार फिर सही साबित हुए हैं। उन्होंने 2017 में भी यही कहा था और कुछ नहीं बदला। भारत अभी भी एक कमज़ोर प्रधानमंत्री के साथ फंसा हुआ है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका के एच-1-बी1 वीजा शुल्क में भारी वृद्धि करने के निर्णय को भारतीयों के लिए निराशाजनक बताते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर अमेरिका के सामने कमजोर प्रधानमंत्री साबित हुए हैं। श्री खड़गे ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री जी जन्मदिन की फोन पर मिली बधाई के बाद आपको मिले रिटर्न गिफ्ट्स से देश के लोग दुखी हैं। ट्रम्प सरकार की ओर से आपके 'अबकी बार, ट्रम्प सरकार' जन्मदिन का रिटर्न गिफ्ट है, एच-1बी वीज़ा पर एक लाख डॉलर का वार्षिक शुल्क का सबसे ज्यादा असर भारतीय तकनीकी कर्मियों पर है, क्योंकि 70 प्रतिशत एच-1बी वीजा धारक भारतीय हैं।

### गैर न्यायिक ट्रिब्यूनल सदस्य नहीं पारित करते सरकार के खिलाफ आदेश: गवई

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई ने न्यायाधिकरणों (ट्रिब्यूनल) के गैर न्यायिक सदस्यों को लेकर अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि न्यायाधिकरणों के कुछ गैर-न्यायिक सदस्य सरकार के खिलाफ आदेश पारित करने से बचते हैं। इसमें से अधिकतर गैर न्यायिक सदस्य पूर्व नौकरशाह होते हैं। उनको इस पर विचार करना चाहिए। नई दिल्ली में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण 2025 के 10वें अखिल भारतीय सम्मेलन सीजेआई बीआर गवई ने ट्रिब्यूनल और न्याय प्रणाली से जुड़े मुद्दों को लेकर बात की। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुए आयोजन में सीजेआई गवई ने कहा कि प्रशासनिक न्यायाधिकरण न्यायालयों से अलग हैं।

## चिप हो या शिप, हमें बनाने होंगे: पीएम मोदी



**कहा: इसी सोच के साथ आज भारत समुद्री क्षेत्र में भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म करने जा रहा है**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को गुजरात के भावनगर पहुंचे। यहां पीएम मोदी ने समुद्र से समृद्धि कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया और 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित किया।

पीएम मोदी ने कहा कि ये कार्यक्रम तो भावनगर में हो रहा है, लेकिन ये कार्यक्रम पूरे हिंदुस्तान का है। पूरे भारत में समुद्र से समृद्धि से जाने की ओर हमारी दिशा क्या है, उसके लिए शनिवार को इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का केंद्र भावनगर को चुना गया है। गुजरात और भावनगर के लोगों को बहुत-बहुत बधाई। 17 सितम्बर को आप सबने अपने नरेन्द्र भाई को जो शुभकामनाएं भेजी हैं, देश और दुनिया से जो मुझे शुभकामनाएं मिली हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत आज विश्वबंधु की भावना से आगे बढ़ रहा है। दुनिया में हमारा कोई बड़ा दुश्मन नहीं है।

### उधमपुर में मुठभेड़, एक जवान शहीद, एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में घायल हुआ जवान शनिवार सुबह शहीद हो गया। वहीं एसपीओ समेत दो पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मुठभेड़ दूदू-बसंतगढ़ और डोडा के भद्रवाह में सोजधार के जंगलों में हो रही है। शुक्रवार रात करीब 8 बजे सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की संयुक्त टीम ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान वहां छिपे जैश के 2-3 आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। मुठभेड़ वाले इलाके में रातभर कड़ी घेराबंदी कर शनिवार सुबह फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। उधमपुर और डोडा दोनों तरफ से हवाई निगरानी के लिए ड्रोन, हेलीकॉप्टर और जमीन पर खोजी कुत्तों से लैस फोर्स आतंकियों की तलाश कर रही है।

## इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा MIG-21

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिग-21 फाइटर जेट 26 सितम्बर को रिटायर हो जाएगा**

**62 साल पहले एयरफोर्स में शामिल हुआ था मिग-21, 3 जंग में शामिल रहा, अब तक 400 क्रैश**



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना की रीढ़ कहे जाने वाला मिग-21 एयरक्राफ्ट 26 सितम्बर को रिटायर हो जाएगा। 62 साल की सर्विस के दौरान इसने 1971 युद्ध, कारगिल और कई मिशनों में अहम भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एलसीए एमके1ए को शामिल किया जाएगा।

चंडीगढ़ एयरबेस में फाइटर जेट को विदाई दी जाएगी। इसके बाद विमान की सेवाएं आधिकारिक तौर पर खत्म हो जाएंगी। मिग-21 जेट 1963 में पहली बार भारतीय वायुसेना में शामिल किया गया था। यह भारत का पहला सुपरसोनिक जेट था यानी ये आवाज की गति (332 मीटर प्रति सेकेंड) से तेज उड़ सकता है। फाइटर जेट की आखिरी 2 स्क्वाड्रन (36 मिग.21) राजस्थान के बीकानेर में नाल एयरबेस पर तैनात है। इन्हें नंबर 3 स्क्वाड्रन कोबरा और नंबर 23 स्क्वाड्रन पैंथर्स के नाम से जाना जाता है। मिग-21 जेट ने 1965 के भारत-पाक युद्ध, 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और 1999 के कारगिल युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब इसकी जगह तेजस एमके1ए फाइटर एयरक्राफ्ट लेंगे। रक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 400 से ज्यादा मिग-21 विमान क्रैश हुए हैं। इसमें 200 से ज्यादा पायलट मारे गए गए हैं। इसी वजह से फाइटर प्लेन को 'उड़ता ताबूत' और 'विडो मेकर' कहा जाता है। अक्टूबर 2023 में मिग-21 लड़ाकू विमान ने राजस्थान के बाड़मेर शहर के ऊपर से आखिरी बार उड़ान भरी थी। भारत ने 900 मिग-21 फाइटर जेट खरीदे थे। इनमें से 660 हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एलएएल) ने देश में ही बनाए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस समय भारतीय वायुसेना के बेड़े में सिर्फ 36 मिग-21 फाइटर जेट ही बचे हैं। इसने कई दशकों तक बेहतरीन सेवा दी। फरवरी 2019 पुलवामा अटैक में भारत के 40 जवान शहीद हुए थे। इसके 2 हफ्ते बाद 26 फरवरी को वायुसेना ने मिराज जेट्स से बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी कैंप पर एयर स्ट्राइक की थी।


## मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फक्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)

- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### आज अपराधियों में दिखता है कानून का खौफः ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि 2017 के बाद से मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अभियान शुरू हुआ। आज आलम यह है कि अपराधी मुख्यमंत्री योगी का नाम सुनकर ही कांप जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले क्या हालात थे किसी से छुपे नहीं। हमारी बहनें 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति को एक बार याद करें। 2017 से पहले बेटी 5 बजे घर नहीं आती थी, तो परिवार घबराता था।नारा चलता था देख सपाई बिटिया घबराई। श्री पाठक ने कहा कि आज अपराधी गले में तख्ती लटका कर कह रहे हैं अपराध नहीं करना है।आज अपराधी अपराध से तौबा तौबा चिल्ला रहे हैं।

### इस्लाम में फिल्में देखना और दिखाना नाजायजः रजवी

**बरेली।** ऑल इंडिया जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बरेली में एक बयान जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बनी फिल्म को देखना और दिखाना दोनों को नाजायज बताया है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में फिल्में देखना शरीयत के नजरिए से गलत है और जो भी इसे देखता है, उसे तौबा करनी चाहिए। मौलाना ने यह बयान पीएम मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जोड़ते हुए दिया, जहां उन्होंने फिल्म को लेकर सख्त रुख अपनाया। मौलाना शहाबुद्दीन ने कहा कि इस्लाम में फिल्में देखना नाजायज है। अगर कोई इसे देखता है, तो वह शरीयत के हिसाब से गलत है। उनका यह बयान सोशल मीडिया और स्थानीय समुदाय में चर्चा का विषय बन गया है।

# यूपी में नियुक्तियों में हुए घोटालेः अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ योगी सरकार के नौ साल के कार्यकाल में पीडीए के साथ भेदभाव

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 9 साल में नियुक्तियों में बड़े पैमाने पर घोटाले हुए हैं, सरकार खुद शामिल है इन घोटालों में। बड़े पैमाने पर भेदभाव पीडीए परिवार के साथ हो रहा है।

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में योगी सरकार पर हमला बोलते हुए अखिलेश ने कहा कि सरकार यह आंकड़े भी बताए कि सबसे ज्यादा असुरक्षित बेटियां कहां है? सबसे ज्यादा कस्टोडियल डेथ कहां हो रही है? उन्होंने कहा कि सरकार यह आंकड़े भी बताए कि सबसे ज्यादा असुरक्षित बेटियां कहां है? सबसे ज्यादा कस्टोडियल डेथ कहां हो रही है? हिमालयों को बचाया नहीं जा रहा, उनमें डायनामाइट लगाकर सड़के बनाई जा रही है।

छुट्टा जानवर, अन्ना पशुओं की समस्या के समाधान के लिए उत्तर प्रदेश की सरकार ने देश के प्रधानमंत्री जी से भी आश्वासन दिलवा दिया था, सोचिए डबल इंजन क्या कर रहा है।

### हमारे देश की विदेश नीति फेलः सपा

**लखनऊ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एच-1बीजा आवेदकों को प्रायोजित करने वाली कंपनियों द्वारा दी जाने वाली फीस को बढ़ाकर 100,000 डॉलर करने के आदेश पर यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केंद्र सरकार को घेरा है।

सपा मुखिया ने कहा कि हमारी विदेश नीति कमजोर ही है। हमारी तैयारी क्या है? हमारे देश को आर्थिक रूप से जितना मजबूत दिखाई देना चाहिए था, हमें नहीं दिख रहे हैं। हम दूसरे देशों पर निर्भर होते जा रहे हैं।

# घरेलू हिंसा में अंतिम घटनास्थल की अदालत को सुनवाई का अधिकारः हाईकोर्ट

प्रयागराज, वार्ता

■ बरेली की महिला की याचिका पर निचली अदालत का आदेश रद्द

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा में अंतिम बार जहां घटना होती है, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। इस टिप्पणी संग कोर्ट ने बरेली की अपर सत्र अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की एकल पीठ ने चरनजीत कौर की याचिका पर दिया है।

बरेली निवासी युवती की शादी उत्तराखंड में हुई थी, लेकिन वह राजस्थान में रह रही थी। घरेलू हिंसा की शिकायत के बाद वह बरेली आ गई और वहां पुलिस से शिकायत की। इस पर थाने में दोनों पक्ष एकत्र हुए तो ससुरालवालों ने उसे धमकी दी। इसी घटना के आधार पर उसने बरेली की अदालत में गुजारा भत्ता के लिए याचिका दायर की। इस पर मजिस्ट्रेट ने पति को 9,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। इस आदेश को अपर सत्र अदालत ने यह कहते हुए रद्द कर दिया था कि बरेली की अदालत को इस मामले की सुनवाई का अधिकार नहीं है। इस आदेश को पीड़िता ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। कोर्ट ने कहा कि घरेलू हिंसा कानून के अनुसार जहां पीड़ित स्थायी या अस्थायी रूप से रहता है या जहां विपक्षी रहता है या जहां हिंसा की आखिरी घटना हुई हो, वहां की अदालत को मामले की सुनवाई का अधिकार है। बरेली में ही पीड़िता के साथ आखिरी बार घरेलू हिंसा की घटना हुई थी। इसलिए वहां की अदालत को उसकी याचिका पर सुनवाई का अधिकार है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुरादाबाद के सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी को सशर्त अग्रिम जमानत दे दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने आरोपी अनुज सिरोही की अर्जी पर दिया। अनुज के खिलाफ मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थाने में अश्लील वीडियो बनाने, वायरल करने के साथ सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। उसने जमानत के लिए हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की। याची के वकील ने कोर्ट में दलील दी कि उसे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। उसके खिलाफ लगाए गए आरोप सीधे तौर पर सही नहीं हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सह-अभियुक्त विजय की याचिका पर हाईकोर्ट ने पहले ही रोक लगा रखी है और शिकायतकर्ता के बयानों में विरोधाभास है। वहीं सरकारी वकील ने जमानत का विरोध किया।

## सीएम ने यूपी के थानों में लॉन्च किया मिशन शक्ति-5 अभियान

# यूपी की बेटियां खुद बना रहीं अपने रास्तेः योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ महिला पुलिस कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 44 हजार हुई

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 1,647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का बटन दबाकर उद्घाटन किया। साथ ही मिशन शक्ति केंद्रों की एसओपी पुस्तिकाओं, बुकलेट और सशक्त नारी, समृद्ध प्रदेश फोल्डर का विमोचन भी किया। सीएम ने कहा कि पहले बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, लेकिन आज वे खुद अपने रास्ते बना रही हैं।

उन्होंने कहा कि नारी सम्मान उनकी प्राथमिकता है, यही वजह है कि 2017 के बाद से प्रदेश में महिलाओं की स्थिति में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। सरकार की नीयत साफ होती है, तो योजनाएं खुद अपना रास्ता बना लेती हैं। सीएम योगी ने कहा कि मिशन शक्ति के 5वें चरण का शुभारंभ करते हुए गर्व हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान ने नारी को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का मार्ग दिखाया है, जिसे तेजी से आगे बढ़ाया गया। आजादी के बाद से 2017 तक पुलिस में महिला कर्मचारियों की संख्या महज 10,000 थी, लेकिन 2017 से अब तक यह संख्या 44,000 से अधिक हो गई है। हर भर्ती में 20 प्रतिशत महिलाओं को अनिवार्य रूप से शामिल किया जा रहा है। हाल ही में संपन्न 60,200 पुलिस कर्मचारियों की भर्ती में 12 हजार से अधिक महिलाएं शामिल हुई हैं, जो वर्तमान में ट्रेनिंग ले रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा और अन्य विभागों में भी महिला भर्ती को बढ़ावा दिया गया। 2017 से पहले ट्रेनिंग की कमी एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में ही 60,200 से अधिक पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग संभव हो रही है।

इसके अलावा, बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना पर कहा कि बेटी के जन्म से स्नातक तक 25,000 रुपये का पैकेज दिया जाता है। जन्म पर 5,000 रुपये, एक वर्ष पर 2,000 रुपये (टीकाकरण के बाद), पहली और छठी कक्षा में 3,000-3,000 रुपये, 9वीं में 5,000 रुपये और 12वीं पास करने पर 7,000 रुपये दिए जाते हैं।

### उप्र में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं

**लखनऊ।** फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर फायरिंग के मामले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में जो भी महिलाओं की सुरक्षा से खिलवाड़ करेगा और कानून व्यवस्था को तोड़ेगा उसका बुरा हश्र होगा। कहा कि यूपी में अपराधियों की कोई जगह नहीं है। एक अपराधी मारीच बनकर आया था। वो जब पुलिस की गोली से घायल हुआ तो कहने लगा कि मुझसे गलती हो गई, जो मैं उत्तर प्रदेश आ गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग है। इसमें खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि सरकार अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति पर काम कर रही है। बता दें कि दिशा पाटनी के बरेली स्थित पुश्तैनी आवास पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। घटना पर एसएसपी अनुराग आर्या ने कहा कि मुठभेड़ के बाद घायल अवस्था में आरोपी रामनिवास को गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात में उसके साथ रहे अनिल नामक युवक को भी दबोच लिया गया है। बता दें कि मुठभेड़ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें दिखाया गया है कि घायल आरोपी जमीन पर गिरा हुआ है और पुलिस से हाथ जोड़कर कह रहा है, ष्बाबा के उत्तर प्रदेश में कभी नहीं आएंगे सर। पुलिस ने आरोपियों के पास से .32 बोर की पिस्टल, चार जिंदा कारतूस और चार चले हुए खोखे बरामद किए गए हैं। पूछताछ में आरोपी रामनिवास ने घर में फायरिंग की बात कबूल की।

# गेस्ट हाउस में चल रहे सेक्स रैकेट का किया भंडाफोड़

अयोध्या, वार्ता

■ अयोध्या कैंट में चल रहा था धंधा, सात पकड़े

उत्तर प्रदेश में अयोध्या कैंट के फतेहगंज क्षेत्र में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। नगर कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात छापेमारी करके सेक्स रैकेट सरगना, तीन पुरुष और ग्यारह महिलाओं को रंगेहाथ दबोच लिया और पूछताछ के लिए नगर कोतवाली ले गई।

क्षेत्राधिकारी नगर शैलेंद्र सिंह ने छापेमारी अभियान की कमान खुद संभाली। इस गेस्ट हाउस में पुलिस पहले भी छापेमारी कर चुकी है। पुलिस ने गेस्ट हाउस को सील कर दिया है। अयोध्या कैंट क्षेत्र के व्यापारिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जाने वाले फतेहगंज के खीर वाली गली स्थित एक गेस्ट हाउस में यह देह व्यापार संचालित हो रहा था। पुलिस को मौके पर तीन पुरुष व 11 महिलाएं मिली, जिन्हें हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। इसमें गेस्ट हाउस संचालक गणेश अग्रवाल भी शामिल है। इस प्रकरण में कोतवाली नगर में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। फतेहगंज चौकी के ठीक सामने खीर वाली गली है। इस गली में कुछ दूरी पर राणी सती गेस्ट हाउस है। इस गेस्ट हाउस में स्थानीय लोगों के द्वारा काफी दिन से देह व्यापार संचालन की शिकायतें की जा रही थी। गेस्ट हाउस पर इसके पहले भी इस तरह के आरोप लगते रहे है। फतेहगंज चौकी क्षेत्र से कुछ दूरी पर स्थित यह गेस्ट हाउस चर्चा का विषय बना हुआ था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस की टीम सक्रिय हुई। जिसके बाद अचानक गेस्ट हाउस में छापेमारी की गई और यहां सेक्ट रैकेट के संचालित होने की बात सामने आई।



सेंसेक्स 81785.74
निफ्टी 25069.20



सोना रु. 114000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 130040
प्रति किलो



# उप्र में आउटसोर्स नौकरियों के ग्रेड बांटे

## चार श्रेणियों में किया विभाजित, आठ सेवाओं में मिलेगा 40000 मानदेय

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सरकार ने सभी के लिए अलग-अलग वेतनमान रखे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में आउटसोर्स के जरिए भर्ती को लेकर यूपी आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जिसके बाद आउटसोर्स कर्मियों की भर्ती अब निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ हो सकेगी। सरकार ने आउटसोर्स की भर्तियों के लिए चार श्रेणियां बनाई हैं। जिनके लिए अलग-अलग वेतनमान निर्धारित किया गया है।

यूपी के सरकारी विभागों में आउटसोर्स कार्मिकों को श्रेणी एक, श्रेणी दो, श्रेणी तीन और श्रेणी चार में विभाजित किया गया है। इन कर्मचारियों ने न्यूनतम 20 हजार रुपये से 40 हज़ार रुपये तक का मानदेय मिलेगा। इसके साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि और कर्मचारी राज्य बीमा आदि का लाभ दिया जाएगा। आउटसोर्स सेवा निगम के गठन के बाद आउटसोर्स के कर्मचारियों के शोषण पर रोक लगेगी। कर्मचारियों की भर्ती लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के जरिए होगी।

**ग्रेड तीन और चार का नहीं होगा इंटरव्यूः** हालांकि ग्रेड 3 और ग्रेड चार के लिए भर्ती सिर्फ लिखित परीक्षा के आधार पर होगी, इसके लिए कोई इंटरव्यू नहीं होगा। पहली श्रेणी में डॉक्टर, इंजीनियर, लेक्चरर, प्रोजेक्ट आफिसर, एकाउंट आफिसर, असिस्टेंट आर्किटेक्ट और रिसर्च आफिसर जैसे पद है। इनके लिए शैक्षणिक योग्यताओं में डॉक्टर के लिए एमबीबीएस, असिस्टेंट इंजीनियर के लिए बी-टेक, लेक्चरर के लिए परास्नातक डिग्री निर्धारित की गई है। इनके लिए 40 हज़ार का वेतनमान तय किया गया है। श्रेणी दो में जूनियर इंजीनियर, स्टाफ नर्स समेत अन्य पदों को शामिल किया गया है। इसके लिए जरूरी शैक्षिक योग्यता निर्धारित की गई हैं। दो श्रेणी के कार्मिकों को 25 हजार रुपये वेतन दिया जाएगा। तीसरी श्रेणी में ऑपरेटर, पैरामेडिकल, जूनियर असिस्टेंट, जूनियर स्टेनोग्राफर, टाइपिस्ट, टेलीफोन आपरेटर, स्टोर कीपर, फोटोग्राफर, डाटा एंट्री आपरेटर, लाइब्रेरियन जैसे पद हैं। इनके लिए अधिकतम वेतनमान 22 हजार होगा। चौथी श्रेणी में कक्षा आठ से 10वीं पास अभ्यार्थियों को शामिल किया गया है। इनमें ऑफिस सहायक, लिफ्ट आपरेटर, लैब अटेंडेंट, रिकॉर्ड असिस्टेंट, अर्दली, अनुसेवक, स्टोर सहायक, नाई, मोची, राजमिस्त्री, मेट, निर्माण सहायक, लोहार, बढ़ई, क्रेन आपरेटर, पेंटर, धोबी, नाविक, क्लीनर, कुली, चौकीदार, माली जैसे पद हैं। इन्हें 20 हज़ार तक वेतन मिलेगा।

### सोने-चांदी के दाम ने फिर पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** देशभर में पिछले कई दिनों से ऊपर चढ़ रहे सोने के भाव में एक बार फिर तेजी आई है। सोना 890 रुपए महंगा हुआ है, वहीं चांदी 1880 रुपए महंगी हुई है। भारत में 24 कैरेट गोल्ड का रेट 114,000 रुपए प्रति 10 ग्राम है। जबकि बीते दिन यह 109,530 रुपए प्रति 10 ग्राम था। देश में चांदी भी 130,040 रुपए प्रति 1 किलो बिक रही है, जो बीते दिन 128,160 रुपए/किलो थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने का भाव 890 रुपये बढ़कर 114,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। बढ़ते वैश्विक तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों से सोने की कीमतों में तेजी आई। अगर आप सोने के गहने खरीदने जा रहे हैं, तो कभी भी क्वालिटी से समझौता न करें। हॉलमार्क देखकर ही गहने खरीदें, क्योंकि यही सोने की सरकारी गारंटी है। भारत में ब्यूरो आफ इंडियन स्टैंडर्ड्स हॉलमार्क का निर्धारण करता है। हर कैरेट के हॉलमार्क अंक अलग होते हैं, जिसे ध्यान से रखकर ही सोना खरीदें। अगर आप ऐसा नही करते हैं, तो आपके सोने में मिलावट भी हो सकती है।

# उत्तर प्रदेश के 11 संस्थानों में मुफ्त होगी कीमोथेरेपी, मेरठ में भी सेंटर



**लखनऊ।** कैंसर से पीड़ित मरीजों की बढ़ोतरी होने से चिंतित उत्तर प्रदेश सरकार ने इससे निपटने के लिए समाधान निकाला है। राज्य के 11 प्रमुख चिकित्सा संस्थानों में निशुल्क कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे पहले यह सुविधा नहीं थी। इसके लिए चिकित्सा संस्थानों में डे केयर कैंसर सेंटर खोले जा रहे हैं। इसमें स्क्रीनिंग के साथ ही 24 घंटे कीमोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। एक लाख से पांच लाख तक की दवाएं (कीमो) भी निशुल्क मिलेंगी। पूर्वांचल में वाराणसी के साथ ही गोरखपुर में भी सेंटर बनेगा। आगरा, प्रयागराज, मेरठ, अलीगढ़ में भी सेंटर बनाया जा रहा है।

यूपी सरकार ने नेशनल हेल्थ मिशन के तहत मेडिकल यूनिवर्सिटी, रिसर्च इंस्टीट्यूट और मेडिकल कॉलेजों में डे केयर कैंसर सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। इस सेंटर की खासियत यह है कि यहां ओरल, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर पीड़ितों की फ्री जांच की जाएगी, उनका इलाज भी किया जाएगा। एम्स बीएचयू को नोडल सेंटर भी बनाया गया है। इससे वाराणसी के आस-पास के जिलों को जोड़ा गया है। स्वास्थ्य महानिदेशक डा. रतन पाल सिंह सुमन ने बताया कि लखनऊ में 4 सेंटर खुलेंगे। 24 घंटे मरीजों को सेवा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार चिकित्सा के क्षेत्र में काम कर रही है। बहुत सारी सुविधाएं और स्कीम सरकार के तहत चलाई जा रही हैं। मरीजों को इलाज मिल पा रहा है, लेकिन फिर भी कीमोथेरेपी सरकारी मेडिकल संस्थान में निशुल्क होना जरूरी है। जिनके पास कमाने के साधन नहीं हैं, उन मरीजों को इसकी बहुत जरूरत है। अभी तक मेडिकल संस्थान में कीमोथेरेपी के लिए कुछ शुल्क निर्धारित किए गए थे, लेकिन अब यह बिल्कुल फ्री होगा तो इससे मरीजों को राहत मिलेगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**एच-1बी...**

और हेल्थ जैसे प्रोफेशन वाले लोगों के लिए जारी होता है। अमेरिकी सरकार हर साल 85,000 एच-1बी वीजा जारी करती है, जिनका इस्तेमाल ज्यादातर तकनीकी नौकरियों में होता है। इस साल के लिए आवेदन पहले ही पूरे हो चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार, केवल अमेजन को ही इस साल 10,000 से ज्यादा वीजा मिले हैं, जबकि माइक्रोसॉफ्ट और मेटा जैसी कंपनियों को 5,000 से अधिक वीजा स्वीकृत हुए हैं। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल एच-1बी वीजा का सबसे ज्यादा फायदा भारत को मिला। हालांकि इस वीजा कार्यक्रम की आलोचना भी होती है। कई अमेरिकी तकनीकी कर्मचारियों का कहना है कि कंपनियां एच-1बी वीजा का इस्तेमाल वेतन घटाने और अमेरिकी कर्मचारियों की नौकरियां छीनने के लिए करती हैं। एच-1बी वीजा के नियमों में बदलाव से 3,00,000 से ज्यादा भारतीय प्रभावित होंगे।

साल 2023 में एच-1बी वीजा लेने वालों में 1,91,000 लोग भारतीय थे। ये आंकड़ा 2024 में बढ़कर 2,07,000 हो गई। भारत की आईटी/टेक कंपनियां हर साल हजारों कर्मचारियों को एच-1बी पर अमेरिका भेजती हैं। हालांकि, अब इतनी ऊंची फीस पर लोगों को अमेरिका भेजना कंपनियों के लिए कम फायदेमंद होगा। 71 फीसदी भारतीय एच-1बी वीजा धारक हैं और यह नई फीस उनके लिए बड़ा आर्थिक बोझ बन सकती है। खासकर मिड-लेवल और एंट्री-लेवल कर्मचारियों को वीजा मिलना मुश्किल होगा। कंपनियां नौकरियां आउटसोर्स कर सकती हैं, जिससे अमेरिका में भारतीय पेशेवरों के अवसर कम होंगे। नए नियम के अनुसार, एच-1बी वीजा के लिए +100,000 (लगभग 88 लाख रुपये) की फीस हर साल देनी होगी। यह फीस नए आवेदनों और मौजूदा वीजा धारकों के नवीनीकरण दोनों पर लागू होगी। यह फीस 21 सितम्बर 2025 से लागू होगी और 12 महीनों के लिए प्रभावी रहेगी, जब तक कि इसे बढ़ाया न जाए। कंपनियों को इस भुगतान का प्रमाण रखना होगा। यदि भुगतान नहीं किया गया, तो याचिका को अमेरिकी राज्य विभाग या होमलैंड सुरक्षा विभाग (डीएचएस) रद्द कर देगा। अगर कोई एच-1बी कर्मचारी 21 सितम्बर के बाद देश छोड़ता है, तो वापस अमेरिका आने के लिए उसकी कंपनी को 88 लाख का भुगतान करना होगा। यही कारण है कि इस फैसले के बाद माइक्रोसॉफ्ट, जेपी मार्गन और अमेजन जैसी कंपनियों ने एच-1बी वीजा होल्डर कर्मचारियों को अमेरिका में ही रहने की सलाह दी है। रायटर्स के मुताबिक बाहर रहने वाले कर्मचारियों को सलाह दी कि वे शनिवार रात से पहले वापस आ जाएं। भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, कागनिजेंट और एचसीएल जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा अपने कर्मचारियों को एच-1बी वीजा स्पॉन्सर करती हैं। कहा जाता है कि भारत अमेरिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। अब फीस महंगी होने से भारतीय टैलेंट यूरोप, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, मिडिल ईस्ट के देशों की ओर रुख करेगा।

# मुरादाबाद में बन रहे भारतीय रक्षा संग्रहालय का नाम होगा त्रिशूल

शाह टाइम्स ब्यूरो



**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने शनिवार को कहा कि यहां नवनिर्मित भारतीय रक्षा संग्रहालय का नाम 'त्रिशूल' होगा और संग्रहालय में सेना के प्रोटोकॉल के अनुसार उपकरण स्थापित किए जा रहे हैं।

नगर आयुक्त ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में नवनिर्मित रक्षा संग्रहालय को अब 'त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय' के नाम से जाना जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह के निर्देश अनुसार संग्रहालय का निर्माण पूरी सुरक्षा और नियमों के आधार पर किया जा रहा है। सेवा के प्रोटोकॉल के मुताबिक मिलने वाले यंत्रों को स्थापित किया जा रहा है, जिसके लिए सेवा के अधिकारियों की ड्यूटी भी यहां लगाई गई है। नगर आयुक्त ने बताया कि जो रक्षा संग्रहालय नगर निगम मुरादाबाद के द्वारा बनाया जा रहा है इसका औपचारिक नामकरण कर दिया गया है। अब इस संग्रहालय को त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय के नाम से जाना जाएगा। त्रिशूल भारतीय सेना की तीनों विंग्स को प्रदर्शित करता है। त्रिशूल भारतीय रक्षा संग्रहालय को कुल 25 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है जिसमें प्रथम तल का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। भारतीय सेना के अधिकारियों की यहां पर डेपुटेशन के रूप में एक महीने के लिए तैनाती भी कर दी गई है ताकि जो सेना के उपकरण रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सहयोग से मिले हैं उनको ठीक तरीके से सेना के प्रोटोकॉल अनुसार लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि डीआरडीओ और भारतीय सेना शीर्ष अधिकारियों द्वारा जो सामान मुहैया कराया गया है, उसके इंस्टॉलेशन का काम शुरू हो गया है। पटेल ने बताया कि 15 नवंबर के आसपास इसके उद्घाटन की योजना बनाई जा रही है। औपचारिक रूप से इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किए जाने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए तैयारी की जा रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# धामी ने रुद्रप्रयाग के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

## आपदा पीड़ितों को हर संभव सहायता पहुंचाना हमारी प्राथमिकताः धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** जनपद रुद्रप्रयाग के आपदा प्रभावित बसुकेदार क्षेत्र के तालजामण, डूंगर, बड़ेथ, जौला, कमद, उछोला, छैनागाड़, पटुय आदि गांवों का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हवाई सर्वेक्षण किया। तत्पश्चात उन्होंने जिला पंचायत सभागार, रुद्रप्रयाग में बैठक कर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे बचाव एवं राहत कार्यों, विद्युत, पेयजल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, मोटर मार्गों की अद्यतन स्थिति और श्री केदारनाथ धाम यात्रा की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मानसून काल में समूचे प्रदेश ने आपदा के कारण कठिन परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना किया है। उन्होंने प्रभावितों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और आपदा के समय जिला प्रशासन की तत्परता से कार्य करने पर सराहना की। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रभावित क्षेत्रों में तत्परता से पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य किए जाने से प्रभावितों को हौसला मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानसून के बाद श्री केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से वृद्धि होने की संभावना है, इसके दृष्टिगत यात्रा व्यवस्थाओं को चाक - चौबंद बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और यात्रा को सुगम बनाने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किए जाएं।

इस अवसर पर चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, विधायक रुद्रप्रयाग भरत चौधरी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, राज्य मंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष रितु नेगी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, जिलाधिकारी प्रतीक जैन, पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे।

### लगातार अपडेट ले रहे हैं प्रधानमंत्री

मुख्यमंत्री ने आपदा की इस घड़ी में राज्य को पूर्ण सहयोग देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आई आपदा की स्थिति की जानकारी का अपडेट समय-समय पर प्रधानमंत्री ले रहे थे। देहरादून पहुंचकर उन्होंने प्रभावितों से भेंट करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में तात्कालिक राहत पहुंचाने के लिए 1200 करोड़ की धनराशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को आगामी 30 सितम्बर तक अलर्ट मोड पर रहकर आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने नदी-नालों पर अतिक्रमण हटाने पर विशेष निर्देश दिए।

### प्रभावितों को दी जा रहीं सुविधाएंः डीएम

जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन ने मुख्यमंत्री को जनपद में मानसून काल तथा 28 अगस्त को आई आपदा से प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने आपदा के दौरान प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने एवं राहत शिविरों में आश्रय देने की व्यवस्था, खाद्यान्न किट, रिफ्रेशमेंट किट, सोलर लाइट, कंबल, टेंट, तिरपाल, टॉर्च, चिकित्सा सुविधाएं एवं मेडिकल कैंप संचालित किए जाने राहत एवं बचाव कार्यों में मानवीय संसाधन, हेली सेवा द्वारा प्रसव पीड़िताओं को अस्पताल पहुंचाना, खाद्यान्न वितरण आपदा से पशु क्षति, निजी संपत्ति एवं पशुधन क्षति, भवन व गौशालाओं की क्षति सहित सड़क मार्ग, पेयजल योजनाएं, विद्युत पोल-ट्रांसफार्मर, कृषि भूमि आदि प्रभावित हुए परिसंपत्तियों के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

# सीएम ने मां धारी देवी के मंदिर में की पूजा-अर्चना

## प्रदेशवासियों की सुरक्षा, सुख-समृद्धि व आपदा राहत की कामना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस कठिन घड़ी में राज्य सरकार हर प्रभावित व्यक्ति के साथ है। राहत और बचाव कार्यों को युद्धस्तर पर चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि "हमारा संकल्प है कि हम हर पीड़ित तक पहुंचें, उसकी जरूरत समझें और उसे फिर से सामान्य जीवन की ओर ले जाएं।" प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश और आपदा की गंभीर परिस्थितियों के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज पौड़ी जनपद स्थित पावन धारी देवी मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री शनिवार को चमोली और रुद्रप्रयाग जिलों में आपदाग्रस्त क्षेत्रों का जायजा लेने के बाद पौड़ी जिले स्थित धारी देवी मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, विधायक आशा नौटियाल (केदारनाथ), विधायक भरत सिंह चौधरी (रुद्रप्रयाग), जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह, अपर जिलाधिकारी अनिल गर्ब्याल, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीक्षिता जोशी सहित अन्य अधिकारी व गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### स्थानीय नागरिकों व तीर्थयात्रियों से की वार्ता

पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, तीर्थयात्रियों और मंदिर समिति के पदाधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने लोगों से क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि राज्य सरकार हर जरूरतमंद तक राहत पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के बावजूद सरकार द्वारा किए गए इंतजाम अत्यंत सराहनीय हैं।

# भ्रष्टाचार की दलदल में धंसी भाजपा सरकारःकांग्रेस

## 50 करोड़ की लूट में पुलिस की गिरफ्तारी व आईजी गढ़वाल पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** रुड़की के भाजपा पार्षद मोनू बॉलर की ओर से 50 करोड़ रुपये से अधिक की जमीन को अवैध तरीके से खुर्दबुर्द करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मामले की जांच में सामने आया है कि इस घोटाले में दो पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी हुई है, जिनका संबंध सीधे आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप के कार्यालय से है। अब सबसे बड़ा सवाल यह हैख्इन पुलिसकर्मियों को अल्मोड़ा से कौन लाया और किनके इशारे पर इनकी तैनाती हुई?



यह बात शनिवार को राजीव भवन में प्रेस से वार्ता करते हुए उत्तराखंड कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कही। उन्होंने इस पूरे प्रकरण को लेकर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जब तक निष्पक्ष जांच पूरी नहीं होती, राजीव स्वरूप को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए। करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। प्रति लाख जनसंख्या पर 77 अपराध दर्ज, जो राष्ट्रीय औसत 65 से अधिक हैं। 2025 में 208 हत्याएं, 534 बलात्कार, 1,245 बच्चों पर अपराध, 5.1% अपहरण में वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के होमस्टे बन रहे हैं ड्रग्स पार्टी के अड्डे। महानगर भाजपा अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल के होमस्टे पर अवैध पार्टी, मादक पदार्थों का सेवन और जांच में अधिकारियों पर दबाव के आरोपों को लेकर करन माहरा ने कहा कि भाजपा के संरक्षण में अपराध फल-फूल रहा है। प्रेस वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता सुजाता पॉल, मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, महानगर अध्यक्ष जसविंदर सिंह गोगी, महामंत्री नवीन जोशी व पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष राम रतन नेगी उपस्थित थे।

### धरोहर को बेचने की साजिश

कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने जॉर्ज एवरेस्ट हेरिटेज को निजी हाथों में सौंपे जाने पर सरकार को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि यह स्थल केवल उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान है। इसे बाबा रामदेव के सहयोगी बालकृष्ण से जुड़ी कंपनी को सौंपना सीधे जनता के हितों और सांस्कृतिक अधिकारों के साथ विश्वासघात है। माहरा ने आरोप लगाया कि सरकार ने 23 करोड़ खर्च कर जिस स्थल को संवारा, उसे सिर्फ 1 करोड़ सालाना की दर से 15 वर्षों की लीज पर सौंप दिया गया, जबकि इसकी बाजार कीमत 30 करोड़ से अधिक है। उन्होंने सवाल उठाया कि यह खुली लूट और मिलीभगत नहीं तो क्या है? माहरा ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जॉर्ज एवरेस्ट सौंपने का निर्णय वापस नहीं लिया, तो कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी और व्यापक जनआंदोलन छेड़ेगी।

### टेंडर में घोटाला, जनता की आंखों में धूल

दिसंबर 2022 में जारी टेंडर प्रक्रिया को लेकर करन माहरा ने आरोप लगाया कि उत्तराखंड पर्यटन बोर्ड के माध्यम से टेंडर में खुलेआम घपला किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार सरकारी जमीन को निजी हाथों में सौंपने के लिए नियमों की धज्जियां उड़ा रही है। माहरा ने दावा किया कि 4,081 करोड़ का रोपवे प्रोजेक्ट अडाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड को सौंपना आपदा को न्योता देना है, क्योंकि इस कंपनी का रोपवे निर्माण में कोई अनुभव नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि अत्यधिक हेली सेवाएं और अनियोजित निर्माण पहाड़ों के लिए खतरा हैं।

### मुआवजा मजाक बन गया

भारी बारिश से तबाह उत्तराखंड को लेकर करन माहरा ने केंद्र और राज्य दोनों सरकारों को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जहां 20,000 करोड़ की राहत की मांग की, वहीं धामी सरकार ने केवल 5,700 करोड़ मांगे और केंद्र ने ऊंट के मुंह में जीरा जितना 1,200 करोड़ दिया।

# परीक्षा में पास कराने का प्रलोभन देने पर हाकम सिंह फिर गिरफ्तार

## परीक्षा में पास कराने के लिए अभ्यर्थियो से 15 लाख की मांग की थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** परीक्षा के दौरान असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने तथा उनके द्वारा अभ्यर्थियों को परीक्षा में पास कराने का प्रलोभन देकर अपने झांसे में लिए जाने की संभावना के दृष्टिगत पुलिस तथा एसटीएफ द्वारा पूर्व से ही संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही थी। इस दौरान संयुक्त पुलिस टीम को 02 दिन पूर्व सूचना प्राप्त हुई कि उक्त परीक्षा के लिए कुछ लोगों द्वारा गिरोह बनाकर अभ्यर्थियों को धोखा देने की नीयत से उन्हें परीक्षा में पास करने का प्रलोभन देकर मोटी धनराशि की मांग की जा रही है। इस सूचना पर देहरादून पुलिस तथा एसटीएफ की संयुक्त टीम द्वारा गोपनीय रूप से जांच/सर्विलांस के माध्यम से जानकारी एकत्रित की गई तो जांच के दौरान पकंज गौड़ नाम के एक अभ्यर्थी का हाकम सिंह के संपर्क में होने की जानकारी प्राप्त हुई तथा व्यक्ति के द्वारा अभ्यर्थियों से संपर्क कर उन्हें परीक्षा में पास कराने के एवज मे15 लाख रुपए की मांग की जा रही थी।



एसटीएफ कार्यालय में संयुक्त रूप से आयोजित की गई प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने जानकारी देते हुए बताया कि गोपनीय जांच के आधार पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तो के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए दो नकल माफिया हाकम सिंह पुत्र केदार सिंह निवासी ग्राम निवाड़ी पोस्ट बैटरी थाना मोरी जनपद उत्तरकाशी और क्या पंकज गौड़ पुत्र केशवानंद गौड़ निवासी ग्राम कंडारी ब्लॉक नौगांव राजस्व थाना कंडारी बड़कोट उत्तरकाशी को पटेलनगर क्षेत्र से हिरासत में लिया गया। जिनके विरुद्ध कोतवाली पटेल नगर में उत्तराखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम एवं रोकथाम के उपाय) अध्यादेश 2023 के तहत निरीक्षक मुकेश त्यागी प्रभारी एस0ओ0जी0 द्वारा अभियोग पंजीकृत कराया जा रहा है।

आरोपी से पूछताछ में पुलिस टीम को जानकारी प्राप्त हुई कि इनके द्वारा अभ्यर्थियों को धोखा देने की नीयत से परीक्षा में पास कराने का प्रलोभन देकर उक्त पैसों की मांग की गयी थी, यदि परीक्षार्थियों का इन परीक्षाओं में चयन स्वतः हो जाता तो आरोपियों द्वारा उक्त पैसे को अपने पास स्वयं रख लिया जाता तथा अभ्यर्थियों का चयन न होने की दशा में आरोपियों द्वारा इन पैसे को आगे की परीक्षाओं में एडजस्ट करने के नाम उन्हें अपने झांसे में लेने की योजना थी।

# मोदी जैसा नेतृत्व मिलना हम सबका सौभाग्य : अजय

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा महानगर कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन चरित्र पर प्रदर्शनी लगाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल व महामंत्री संगठन भाजपा अजय कुमार ने विधिवत रूप से प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता महामंत्री संगठन अजय कुमार ने भी सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा कि हम सबका सौभाग्य है कि हमें प्रधानमंत्री के रूप में मोदी जैसा नेतृत्व मिला है। जिन्होंने 2014 के बाद देश की कमान संभालते हुए देश को आर्थिक, तकनीकी, एवं सशक्त व मजबूत राष्ट्र बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। आज मोदी ने देश भर में कई योजनाओं के माध्यम से लाखों लोगों को लाभ प्राप्त हो रहा है।

कार्यक्रम में महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने कहा के प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बाल्य काल जीवन से ही देश हित में अपने जीवन को समर्पित कर दिया था। उनकी एक सोच थी कि समाज में एक नई ऊर्जा के साथ नई दिशा देते हुए देश को आगे ले जाना है। कार्यक्रम में विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ , सविता कपूर दर्जाधारी मंत्री श्रीमती विनोद उनियाल, मधु भट्ट श्याम अग्रवाल , प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, विनय गोयल आदित्य चौहान ,भगवत प्रसाद मकवाना, महानगर उपाध्यक्ष राजेंद्र ढिल्लों सहित सभी मंडल अध्यक्ष पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आज होने वाली स्नातक स्तरीय परीक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था द्वारा रविवार को आयोजित होने वाली स्नातक स्तरीय परीक्षा की व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त जनपदों के वरिष्ठपुलिस अधीक्षकों के साथ गोष्ठी की गई। गोष्टी के दौरान पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि उत्तराखण्ड के 13 जनपदों के कुल 445 केन्द्रों पर स्नातक स्तरीय परीक्षा आयोजित की जानी है जिसके लिए सभी तैयारियां की गई हैं। परीक्षा के सफल संचालन हेतु प्रत्येक जनपद में एक नोडल अधिकारी के रूप में एक-एक राजपत्रित अधिकारी को नियुक्त किया गया है, जिनको परीक्षा के पूर्व परीक्षा केन्दों का आयोग द्वारा नामित अधिकारी के साथ व्यक्तिगत भ्रमण करने हेतु निर्देशित किया गया है।साथ ही इनके पर्यवेक्षण में लगातार परीक्षा केन्द्रों, होटलों, कोचिंग सेंन्टर, संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता रखी जा रही है। सभी परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल को नियुक्त किया गया है, जिसमें महिला एवं पुरूष पुलिस कर्मी शामिल हैं।

गोष्ठी में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी परीक्षा केन्द्रों मेंटल डिटेक्टर से चौकिंग सुनिश्चित की जाये, कोई भी इलेक्ट्रानिक उपकरण, ब्लूटूथ, कैमरा, चिप आदि परीक्षा कक्षों पर न ले जा सके। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास अनावश्यक लोगों को रूकने न दिया जाये। परीक्षा के पूर्व जनपद प्रभारी एवं नोडल अधिकारी जनपद के परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण सुनिश्चित करेंगें तथा 'परीक्षा केन्द्रों की 200 मीटर परिधि के अन्दर आने वाले समस्त होटल, धर्मशाला, होमस्टे, साईबर कैफे, इंटरनेट सेंटर, फोटोकापी की दुकानों का निरीक्षण' करेंगें। उन्होंने कहा कि राज्य के बाहरी एवं संदिग्ध लोगों का समय रहते सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया है।

गोष्ठी में सुनील कुमार मीणा, पुलिस महानिरीक्षक, सीसीटीएनएस, धीरेन्द्र गुंज्याल, पुलिस उपमहानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था, पुलिस मुख्यालय विशाखा अशोक भदाणे, पुलिस अधीक्षक अपराध पुलिस मुख्यालय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# हरबर्टपुर-विकासनगर में एमडीडीए की ताबड़तोड़ कार्रवाई

## अवैध प्लॉटिंग व निर्माणों पर शिकंजा, कई बहुमंजिला भवन सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरीख्देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) अवैध निर्माण व अवैध प्लॉटिंग के खिलाफ लगातार सखघ्त कार्रवाई कर रहा है। अब तक 200 से अधिक अवैध निर्माणों व प्लॉटिंग पर कार्यवाही की जा चुकी है। इसके साथ ही नियम विरुद्ध निर्माण कर रहे बहुमंजिला भवनों को भी बड़ी संख्या में सील किया जा रहा है। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नियमों के विपरीत काम करने वालों को किसी प्रकार की छूट नहीं दी जाएगी और उन पर सखघ्त से सखघ्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग प्राधिकरण के नियमानुसार निर्माण कर रहे हैं, उनके हित सुरक्षित हैं। लेकिन नियम तोड़ने वालों के खिलाफ यह अभियान बिना किसी दबाव के आगे भी जारी रहेगा।



शनिवार को इसी कड़ी में मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत हर्बटपुर, विकासनगर और अन्य स्थानों पर आज भी एमडीडीए की संयुक्त टीम ने अवैध प्लाटिंग व व्यवसायिक निर्माणों पर ध्वस्तीकरण एवं सीलिंग की कार्रवाई की है। एटनबाग, हर्बटपुर में प्रशान्त द्वारा लगभग 5 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं हर्बटपुर में अमर सिंह द्वारा अवैध रूप से निर्मित दो मंजिला व्यवसायिक भवन को सील कर दिया गया।प्राधिकरण की ओर से स्पष्ट किया गया है कि ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे।इस कार्यवाही में सेक्टर सहायक अभिषेक भारद्वाज, प्राधिकरण द्वारा गठित संयुक्त टीम तथा पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे।

**सेलाकोई में क्रीड़ा मैदान पर भी कार्रवाईः** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत बहादुरपुर रोड, सेलाकोई में सुनील थापा द्वारा लगभग 2.5 बीघा भूमि पर कॉलम की सहायता से निर्माणाधीन क्रीड़ा मैदान पर भी सीलिंग की कार्रवाई की गई।

### विकासनगर और डाकपत्थर में भी सीलिंग

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत मुख्य चकराता रोड, बाबूगढ (हेरिटेज वैडिंग प्वाइंट) विकासनगर में भरत सिंह नेगी द्वारा किए गए अवैध व्यवसायिक निर्माण को सील किया गया। निकट गुरुद्वारा चौक, विकासनगर में नीरज गुप्ता व मनोज कुमार द्वारा किए जा रहे व्यवसायिक निर्माणों को सील कर दिया गया। तेलपुर मार्ग निकट दुर्गा मंदिर, विकासनगर में रामशाह द्वारा किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही हुई। जीवनगढ, डाकपत्थर में रविन्द्र चौहान, शाहिल एवं आशु आदि द्वारा किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माणों को भी सील किया गया।

### अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान जारी रहेगाः तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण व अवैध प्लाटिंग को हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता की सुरक्षा और शहरी विकास की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों के विपरीत कार्य करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी की जाती रहेगी।

# नैनी झील का बढ़ता तापमानः मछलियों के लिए संजीवनी, पर्यावरण के लिए खतरे की घंटी

**अफजल हुसैन फौजी**

**नैनीताल।** ग्लोबल वार्मिंग का असर अब नैनीताल की जीवन रेखा कही जाने वाली नैनी झील में भी स्पष्ट रूप से देखा जा रहा है, विशेषज्ञों का कहना है कि झील के जल का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जहां कभी शीतकाल में झील का पानी 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक ठंडा हो जाता था, वहीं अब यह स्तर 10 डिग्री तक पहुंच चुका है। वर्तमान में झील का तापमान 19 डिग्री के आसपास है, जबकि गर्मियों में यह 28 डिग्री तक दर्ज किया जाता है।

पर्यावरण वैज्ञानिक मानते हैं कि जलवायु परिवर्तन के लिहाज से यह चिंता का विषय है, लेकिन इसके बीच एक दिलचस्प तथ्य यह भी है कि बढ़ता तापमान मछलियों के प्रजनन और अस्तित्व के लिए अनुकूल साबित हो रहा है। कभी ऐसा दौर था जब सर्दियों में पानी जमाव की स्थिति तक पहुंच जाता था और हर साल हजारों मछलियां ऑक्सीजन की कमी और ठंड से मर जाती थीं, मगर अब हालात बदल गए हैं, और झील में एयरेशन प्रणाली से ऑक्सीजन की आपूर्ति शुरू होने और जल के तापमान में वृद्धि से मछलियों की मौत का सिलसिला लगभग थम गया है। वर्तमान में नैनी झील में कई प्रजातियों की मछलियां संरक्षित हैं और वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में इनकी संख्या और बढ़ सकती है। यह स्थिति मछुआरों और स्थानीय जैव विविधता के लिए सकारात्मक है, लेकिन झील की पारिस्थितिकी पर इसके दूरगामी प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के प्रो. आशुतोष मिश्रा ने बताया, ष्जलवायु परिवर्तन का असर सिर्फ झीलों पर ही नहीं, बल्कि समुद्रों पर भी व्यापक रूप से देखा जा रहा है। समुद्री जल का तापमान औसतन 0.8 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है, इसके कारण समुद्री पारिस्थितिकी में कोरल प्रजातियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। साथ ही, समुद्री मछलियों में लिंग अनुपात भी बिगड़ रहा है। नर मछलियों की तुलना में मादा मछलियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है, जो आने वाले समय में समुद्री जीवन के लिए संतुलन बिगाड़ सकती है। ग्लोबल वार्मिंग एक ओर जहां ठंडी झीलों में मछलियों के लिए जीवनदायी बन रही है, वहीं दूसरी ओर यह समुद्री पारिस्थितिकी और अन्य जलीय जीवों के लिए खतरे की घंटी बजा रही है. यही कारण है कि विशेषज्ञ सतर्कता बरतने और जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत पर जोर दे रहे हैं।

**19 डिग्री तक पहुंच रहा झील का तापमान, गर्मियों में पहुंचता है 28 डिग्री तक जलवायु परिवर्तन के लिहाज से चिंता का विषय**

### स्थानीय जनता को राहत पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : जोशी

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को कैंप कार्यालय में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत हाल ही में आई आपदा से हुए नुकसान की समीक्षा की। बैठक में प्रभावित क्षेत्रों में बहाल किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। कैबिनेट मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुनर्निर्माण एवं सुरक्षात्मक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र के कई स्थानों पर आपदा के चलते नालों, पुलों, सड़क किनारे सुरक्षा दीवारों इत्यादि के कार्यों का त्वरित पुनर्निर्माण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय जनता को राहत पहुँचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए विभागीय अधिकारी बिना किसी देरी के कार्ययोजना तैयार कर उसे क्रियान्वित करें। बैठक में कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को सभी प्रभावित स्थलों का मौके पर सर्वे करने और शीघ्र विस्तृत इस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजने के भी निर्देश दिए।

# दवा कारोबारी की संदिग्ध मौत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** रौनक मेडिकल स्टोर के स्वामी नदीगांव सड़क में मृत हाल में मिले। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का जिला अस्पताल में पहुंचे, जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की सुबह करीब 7 बजे नदीगांव गिरेछीना मोटर मार्ग में आइस्क्रीम फैक्ट्री के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही दल बल के साथ मौके पर पहुंचे कोतवाल कैलाश नेगी ने शव को कब्जे में लिया। जिसके बाद शव की शिनाख्त रौनक मेडिकल स्टोर के स्वामी आनंद सिंह कालाकोटी (52) पुत्र स्व. दीवान सिंह कालाकोटी निवासी दोफाड़ हाल निवासी मंडलसेरा के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक आनंद सिंह भवाली से लौट रहा था। जिसने मोटर मार्ग में कई जगह खून की उल्टियां की थी। जिसके बाद वह आइस्क्रीम फैक्ट्री के पास अपने बैग को सिरहाने रखकर सो गया। तब से वह उठा ही नहीं। इधर घटना के बाद मृतक की पत्नी सीमा देवी, बेटा रौनक साहित गांव से आए रिश्तेदारों का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक के परिजनों को सांत्वना देने के लिए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, जगदीश कालाकोटी, ललित जोशी, गोकुल कालाकोटी, हरीश कालाकोटी सहित अन्य ग्रामीण जिला अस्पताल पहुंचे। दोपहर ने शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंपा।

## नवरात्रों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को धर्मयात्रा महासंघ ने दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** शारदीय नवरात्रों में सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने की मांग को लेकर धर्मयात्रा महासंघ ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है, जिसमें धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि शारदीय नवरात्र 22 सितम्बर, सोमवार से प्रारम्भ होने जा रहे हैं। इस हेतु अनेकों देवीभक्त, मातृशक्ति, युवा व वृद्धजन नित्य प्रति शक्ति उपासना/दुर्गा पूजा हेतु हजारों की संख्या में नगर के सभी मान्यता प्राप्त दुर्गा मन्दिरों में प्रातः लगभग 4:00 बजे से जाना प्रारम्भ कर देते हैं और यह क्रम दिनभर/रात्रि 8-10 बजे तक चलता है। उन्होंने सभी प्रमुख मन्दिरों पूरे नवरात्र अर्थात नौ दिन, 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने के साथ ही मन्दिर मार्गों पर मदिरा व अन्य मादक पदार्थों, मांस, मछली, मीट व पुराने बासी फलों आदि की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध करने की मांग की है।

# पुलिस अधिकारियों से कोर्ट ने मांगा स्पष्टीकरण

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** अदालत के हुक्म की अवमानना करने के मामले में अदालत ने नोटिस जारी कर पुलिस अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। नोटिस पर सुनवाई 25 सितंबर को होगी।

आवास विकास कालोनी निवासी कविता सेठी पत्नी प्रवीन सेठी ने अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल एडवोकेट के माध्यम से सिविल जज (सी.डी.) न्यायालय में दायर वाद किया था कि उनकी भूमि पर रिजवान सैफी कब्जे का प्रयास कर रहा है, जिस पर न्यायालय ने कविता सेठी के पक्ष में स्टे आदेश पारित किया। कविता सेठी के अनुसार जब वह 16 सितंबर को स्टे आदेश लेकर मौके पर पहुंचीं तो पुलिस ने आदेश की अवहेलना करते हुए उनके पुत्र और साथ गये लोगों को थाने ले जाकर उनका पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। इसके बाद उपजिलाधिकारी ने भी पुलिस को आदेश अनुपालन का लिखित निर्देश दिया, मगर पुलिस ने आदेश का पालन नहीं किया। कविता सेठी ने संबंधित पुलिस अधिकारियों व रिजवान सैफी के खिलाफ न्यायालय अवमानना याचिका दाखिल की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने आईटीआई थानाध्यक्ष, पैगा चौकी प्रभारी व रिजवान को नोटिस जारी कर उन्हें आगामी 25 सितंबर को अपना पक्ष रखने को कहा हैं। वहीं, आईटीआई थाना प्रभारी कुंदन सिंह रौतेला का कहना है कि भूमि संबंधी विवादों का निस्तारण राजस्व विभाग के स्तर से होता है। उनके लिए कब्जा दिलाने से संबंधित कोई आदेश नहीं था। पुलिस का काम शांति व्यवस्था बनाए रखने का है। विवाद होने की स्थिति में उन्होंने दोनों पक्षों को पाबंद मुचलका किया है।

## खो-खो टीम नैनीताल जनपद रवाना

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिला खो खो ऐसोसिएशन बागेश्वर की ओर से जनपद बागेश्वर खो खो बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग की 13-13 सदस्यों की टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चकलुवा कालाढूंगी (नैनीताल) रवाना हुई। जानकारी देते हुए जिला खो खो ऐसोसिएशन बागेश्वर के अध्यक्ष गणेश सिंह धपोला ने बताया कि टीम को अर्जुन सिंह रावत जिला युवा कल्याण अधिकारी बागेश्वर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। टीम कोच पवन कुमार, सुन्दर गढ़िया, सचिव बबीता रौतेला, अजय चन्दोला, कमलदीप मटियानी, राहुल कपकोटी, कविता खेतवाल, गीता खड़ायी, गीता परिहार आदि शामिल है।

## एक नजर

### ट्यूबवेल की मोटर फुंकने से पानी का संकट

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** नगर के वार्ड नंबर 2 में स्थित ट्यूबवेल की मोटर का फ्यूज फुंक जाने से वार्ड 3, 4 और 5 में पिछले दो दिनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है। पानी की सप्लाई बाधित होने से सैकड़ों परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल, वार्ड 2 के ट्यूबवेल से ही आसपास के वार्ड 3, 4 और 5 में पानी की आपूर्ति की जाती है। लेकिन मोटर का फ्यूज फुंकने के कारण से सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि गर्मी और उमस के बीच पानी का संकट उनके लिए बेहद तकलीफदेह बन गया है। वार्ड 4 की सभासद नसीम जहां ने जल संस्थान और संबंधित विभागों से मांग की है कि ट्यूबवेल की मोटर को जल्द से जल्द ठीक कर, पानी की सप्लाई सामान्य की जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके।

### अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा आज

**अल्मोड़ा।** उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से विभिन्न विभागों के स्नातक स्तरीय पदों की लिखित परीक्षा के दिन अल्मोड़ा में धारा 163 लागू करने के आदेश परगना मजिस्ट्रेट, अल्मोड़ा संजय कुमार ने दिए है। अल्मोड़ा के विभिन्न केंद्रों में रविवार यानि आज को उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से विभिन्न विभागों के स्नातक स्तरीय पदों की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न केंद्रों में परीक्षा को लेकर शांति एवं कानून-व्यवस्था भंग होने की संभावना को देखते हुए परीक्षा को सफल एवं शांतिपूर्ण संपादन के लिए धारा 163 लागू की जा रही है। परगना मजिस्ट्रेट ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार नियत परीक्षा तिथि को परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर परिधि सीमा के अंतर्गत अस्त्र-शस्त्र, आग्नेयास्त्र, धारदार हथियार एवं लाठी डंडा, ध्वनि विस्तारक यंत्र ले जाने पर रोक रहेगी। पांच या इससे अधिक लोग झुंड में एक साथ नहीं चल सकेंगे। परीक्षा सुबह 11 से एक बजे तक होगी।

### 'हिन्दी की सार्वभौमिकता' पर व्याख्यान

**अल्मोड़ा।** विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में शनिवार को हिन्दी कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में हिन्दी के प्रचार-प्रसार, महत्व आदि पर चर्चा की गई। वैज्ञानिकों ने बताया कि वीपीकेएएस के माध्यम से किसान मातृभाषा में ही कृषि विज्ञान की प्रगति को समझ सकते हैं। कार्यशाला में हिन्दी के प्रवक्ता रहे प्रकाश चंद्र जोशी ने 'हिन्दी की सार्वभौमिकता' पर व्याख्यान दिया। कहा कि हिन्दी सुगम, सरल और सबको समझ आने वाली भाषा है। उन्होंने संस्थान के निदेशक डा. लक्ष्मी कान्त ने कहा कि भाषा के बिना संचार अधूरा है। किसी भी संस्थान की कार्यक्षमता को बढ़ाने में राजभाषा का प्रयोग अनिवार्य है। राजभाषा हिन्दी के साथ-साथ क्षेत्रीय भाषाओं को भी समान सम्मान मिलना चाहिए। कहा कि वीपीकेएएस धरातल पर काम करने वाला संस्थान है। यहां के किसान अपनी मातृभाषा में ही कृषि विज्ञान की प्रगति को समझ सकते हैं। वहीं, हिन्दी पखवाड़ा के तहत टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता भी हुई। यहां डा. निर्मल कुमार हेडाउ, राजभाषा प्रभारी अधिकारी रेनू सनवाल, डा. रमेश सिंह पाल रहे।

### एबीवीपी ने छात्रसंघ के टिकट बांटे

**कालाढूंगी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोटाबाग द्वारा छात्र संघ चुनाव हेतु कोटाबाग कार्यलय में बैठक की गई, जिसमें विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा उक्त पदों पर टिकटों की घोषणा नगर मंत्री कंचन सांवल द्वारा की गई की गई जिसमें अध्यक्ष दिपक जोशी, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विकास जोशी उपाध्यक्ष सचिन बधानी, सचिव ललित जखवाल, उपसचिव सौरव बुढलाकोटी, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार, इस दौरान विद्यार्थी परिषद के वरिष्ठ कार्यकर्ता, पुर्व नगर प्रमुख चंद्रप्रकाश सनवाल, पुर्व नगर प्रमुख कमल बोहरा, वरिष्ठ कार्यकर्ता दीपक बधनी, नगर मंत्री कंचन सोनवाल उपस्थित रहे, पूर्व परिषद के कार्यकर्ता कमल बोहरा द्वारा बताया गया, विद्यार्थी परिषद वर्षों से राजकिय महाविद्यालय कोटाबाग एबीवीपी कब्जा है आगे भी विधार्थी परिषद का कब्जा कॉलेज में रहेगा, पूर्व वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्र प्रकाश ने बताया कि इस वर्ष भी विद्यार्थी परिषद जोर सोरों से चुनाव लड़ेगी और अपने प्रत्याशी को पूर्ण बहुमत से जीताएगी, पूर्व कार्यकर्ता, दीपक बधनी ने बताया कि कोटाबाग में अन्य छात्र संगठन शून्य हो चुके हैं सभी पूरी कार्यकर्ताओं ने नए पदाधिकारी को बधाइयां शुभकामनाएं दीं।

### बुरांस किसान उत्पादक संगठन की वार्षिक बैठक का हुआ आयोजन

**कालाढूंगी।** शनिवार को कोटाबाग ब्लॉक के सभागार में बुरांस किसान उत्पादक संगठन एफपीओ की वार्षिक साधारण संघ एजीएम की बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवीन चंद्र जोशी द्वारा की गई। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान आशीष नेगी द्वारा सभा में किसानों को जैविक खेती है मधुमक्खी पालन की स्कीमों के बारे में अवगत कराया गया। वार्षिक सभा में मुख्य अतिथि कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने सभा में किसानों को कर किसानों से अधिक से अधिक जैविक खेती करने की बात कही। वहीं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवाल, ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी ने संबोधित कर हर ग्राम सभा में जैविक खेती उत्पादन करने की बात कही। बुरांस सभा में सब निदेशक मंडल के आनंद रस्तोगी, देवेंद्र पुरी, अनिल सती, लीला साह, दिनेश चंद्र त्रिपाठी, उमापति तिवारी, बुरांस एफपीओ के लेखाकार गोविंद सिंह बिष्ट, बेसिक से हेमचंद बुधलाकोटी मौजूद रहे।

# विधायक चीमा ने किया 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम शुरु

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनसंपर्क को नई दिशा देने के उद्देश्य से विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने आज ग्राम चांदपुर से 'आपका विधायक आपके द्वारा' जन मिलन कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के तहत विधायक ने स्वयं जनता के बीच पहुँचकर उनकी समस्याएं सुनी और मौके पर ही समाधान की प्रक्रिया शुरू की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और अपनी समस्याएं विधायक के समक्ष रखीं। विधायक ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा और प्रशासनिक स्तर पर उचित



कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, क्षेत्र पंचायत सदस्य रवि कुमार, ग्राम प्रधान तारावती, पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू चौधरी, पूर्व प्रधान कमलेश कुमार, मंडल अध्यक्ष बृजेश पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य व मंडल कोषाध्यक्ष सतपाल सिंह, अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र की जनता मौजूद रही। सभी ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया।

# अल्टीमेटम का असरः ग्रामीणों से बात करेंगे अधिकारी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**सोमेश्वर।** ग्राम सूपाकोट के प्राचीन नौले की मरम्मत और गधेरे की निक. ासी के कार्य को लेकर 13 मई को हुए समझौते का पालन नहीं होने से नाराज ग्रामीणों से वार्ता करने के लिए ब्लॉक स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि आगामी 24 सितम्बर को गांव में आएंगे।

बता दें कि 8 मई 2024 को हुई अतिबृष्टि के बाद से ही मामले के समाधान हेतु प्रभावित ग्रामीण सेवा. निवृत्त सहायक लेखा परीक्षा अधिक. ारी रमेश चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में संघर्षरत हैं। उनके द्वारा वादाखिलाफी के खिलाफ आन्दोलन हेतु 27 सितम्बर तक का अल्टीमेटम दिया गया है। खण्ड विकास अधिकारी खजान चन्द्र जोशी ने ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, उप कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, कनिष्ठ अभियन्ता मनरेगा, रोजगार सेवक एवं एडीओ पंचायत को सम्बोधित पत्र में 13 मई को हुए लिखित समझौते का क्रियान्वयन नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द कार्य आरम्भ करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में उक्त सभी कार्मिकों को 24 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से ग्रामवासियों से होने वाली वार्ता में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। पत्र में सेवानिवृत्त सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी रमेश चंद्र पाण्डे से उक्त वार्ता में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया गया है।

## बार खुलने की सूचना पर भड़के ग्रामीण

**बागेश्वर।** विकास खंड गरुड़ के घाघली क्षेत्र में बार खुलने की सुगबुगाहट से ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने बार का विरोध करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वही क्षेत्रीय ग्रामीणों को मदिरा से दूर रखने की मांग की। शनिवार को ग्राम पंचायत घाघली, छटिया, ग्वाड़पजेडा, डगोली, पजेना आदि गांवों के ग्रामीण जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने क्षेत्र में बियर बार खुलने की सुगबुगाहट का विरोध किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय ग्रामीण कामकाजी है। यहां की महिलाएं शराब का सख्त विरोध करती है। इसके अलावा क्षेत्र में स्कूल आदि हैं। ग्रामीणों ने इस संबंध में जिलाधिकारी से मुलाकात कर किसी भी संभावना को निरस्त करने की मांग की।

# मकान में भू धंसाव, तीन चोटिल

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** चटक धूप में अचानक भू धंसाव होने से ग्रामीण के आवासीय मकान टूट गया। घर में मौजूद तीन लोग चोटिल हुए। घटना की जानकारी मिलने के बाद आस पास मौजूद लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। जिसके पश्चात घायलों को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय



से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर एक बजे मनकोट निवासी पूरन चंद्र पुत्र हरि बल्लभ का आवासीय मकान भू धंसाव के कारण अन्दर का मिट्टी से बना पाल व घर की दीवार टूट गई। उस समय घर में मौजूद 70 वर्षीय पूरन चन्द्र पुत्र हरी बल्लभ, 65 वर्षीय देवकी देवी पत्नी पूरन चन्द्र चंद्र, 21 वर्षीय गीता पुत्री गोकुलानंद घायल हो गए। परिजनों के चीखने की आवाज सुनकर आस पास मौजूद ग्रामीण तत्काल सहायता के लिए पहुंचे। समय रहते सभी को मलवे से बाहर निकाला गया। जिसके तत्काल बाद घायलों को 112 वाहन की सहायता से जिला चिकित्सालय बागेश्वर भेजा गया। यहां घायलों का उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं। घटना में ग्रामीण को काफी नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि घर में रखा खाद्य सामग्री, कपड़े, वर्तन व अन्य कीमती समान टूट गया है।

## शांतिपुरी में रामलीला की तैयारी जोरों पर

**शांतिपुरी।** आगामी 22 सितंबर से शांतिपुरी में शुरू होने जा रही 10 दिवसीय रामलीला की तैयारियां जोरों पर हैं। यहां रामलीला कमेटी द्वारा मंचन स्थल का निरीक्षण किया गया तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर गहन चर्चा की गई। इसके साथ ही विभिन्न कार्यों के लिए कमेटी ने अपने सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। रामलीला का मंचन प्रतिदिन दिन रात 8 बजे से देर रात 12.30 बजे तक किया जाएगा। जिसमें भगवान श्रीराम की जीवन गाथा का जीवंत चित्रण होगा। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष नारायण सिंह बिष्ट, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री डा. गणेश उपाध्याय, कोषाध्यक्ष भुवन चंद्र बुधानी, पूर्व प्रधान नारायण सिंह कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विनोद कोरंगा, जगत सिंह पाल, बहादुर सिंह कोरंगा, इंदर सिंह दफोटी समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# वोट से वंचित रखने पर भड़के छात्र

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** छात्रसंघ चुनाव में वोटिंग और चुनाव लड़ने के अधिकार से वंचित रखने के चलते एलएलबी के छात्रों का आक्रोश भड़क गया। नाराज छात्रों ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी की। मामले में विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट से मुलाकात की।

मताधिकार का प्रयोग करने और चुनाव में भागीदारी करने की मांग की। मौके पर छात्रों ने कहा कि एलएलएबी चतुर्थ, षष्ठम और एलएलएम द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को छात्रसंघ चुनाव में प्रतिभाग करने से वंचित किया जा रहा है। कहा कि इसके अलावा विधि के सभी छात्रों को मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित किया जा रहा है। कहा कि छात्रसंघ चुनाव में वोटिंग का



हकदार विवि का हर विद्यार्थी है। कहा कि सभी शुल्क जमा करने के बाद भी विवि प्रशासन वोटिंग के अधिकार से विद्यार्थियों को वंचित कर रहा है। इससे छात्रसंघ चुनाव में हिस्सेदारी करने वाले विद्यार्थी परेशान हैं। छात्रों ने एक स्वर में विधि के छात्र-छात्राओं को अगले सेमेस्टर में प्रोन्नत करते हुए चुनाव में भागीदारी करने, विद्यार्थियों को आइकार्ड उपलब्ध कराने की मांग की। चेता. वनी दी कि छात्रों हितों का हनन किया गया तो मजबूरन उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। इसके अलावा छात्रों ने आरोप लगाया कि मामले के समाधान के लिए कुलपति से मुलाक. ात करने गए, लेकिन कुलपति छात्रों की पूरी बात सूने बिना ही वहां से चल दिए। यहां गिरीश पांडे, विशाल, जगदीश जोशी, दीपक बिष्ट, पंकज जोशी, गौरव पांडेय, भोला सिंह, गोपाल दत्त जोशी, गौरव, आशीष जोशी, किशोर, गौरव खत्री, लक्ष्मन सिंह, दिव्या जोशी, नेहा, अंजलि, शिवानी, जगदीश, नवीन चंद्र आदि मौजूद रहे।

# दुग्ध उत्पादकों को मिला बोनस

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** दुग्ध संघ लालकुआं द्वारा कोटाबाग ब्लॉक की 7 समितियों में 43 लाख रूपये का बोनस वितरण किया गया। दुग्ध समिति द्वारा लामाचौड़ खास, रामपुर,



छोराजाली, रूपपुर, देवलचौड, चांदनी चौक व नीरपानी में दुग्ध संघ दुग्ध उत्पादक किसानों के बीच बोनस का वितरण किया। मुख्य अतिथि दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने कहा कि सुधा डेयरी किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सहकारी संस्था है। शनिवार को रामपुर गांव चकलुवा में दुग्ध संघ द्वारा दुग्ध उत्पादक किसानों के बीच बोनस का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा ने दुग्ध उत्पादकों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए यह व्यवस्था किसानों को बिचौलियों के शोषण से बचाती है, और उन्हें सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ती है। दुग्ध उत्पादक बोनस का वितरण होने से काफी उत्साह दिखायी दिये। बोनस की राशि पाकर दुग्ध उत्पादक किसानों के चेहरे खिल उठे। पुष्पा भट्, ललिता भट् व मनीषा वालिया क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम कि अध्यक्षता सचिव मीना जोशी और संचालन शांती को. रंगा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल राजद नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुनील कुमार उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि सुधा डेयरी एक सहकारी संस्था होने के नाते, हजारों किसानों के जीवन रेखा के रूप में कार्य करती है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मनीषा जंतवला, सांसद प्रतिनिधि विक्रम जंतवाल, मोहन जोशी, दिनेश चौनियाल, मीना रौतेला, बहादुर खोलिया, बाला दत्त लोहनी, कैलाश चंद्र जोशी, रमेश पडलिया, बंसती कपकोटी, लक्ष्मी देवी, महेन्द्र दिगारी सहित अनेक दुग्ध उत्पादक मौजूद रहे।

# उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति बदहालः डा. उपाध्याय

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**शांतिपुरी।** राज्य आन्दोलनकारी व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डा. गणेश उपाध्याय का कहना है उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति बदहाल है। चिकित्सकों की भर्ती और संसाधन विकसित करने के स्वास्थ्य मंत्री के दावों के बीच मरीज़ लगातार सड़कों पर दम तोड़ रहे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड का प्रदर्शन बेहतर होने की बजाए बदतर हुआ है। नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में बढ़ोत्तरी हुई है। किच्छा सीएचसी में चिकित्सा अधीक्षक, सर्जन, फिज़ीशियन, एनस्थीसिया सहित कुल 5 चिकित्सकों के पद लंबे समय से रिक्त हैं। रेडियोलॉजिस्ट पद को समाप्त कर दिया। दुर्भाग्यपूर्ण है लगभग 125 किमी दूर स्थित सुयालबाड़ी चिकित्सालय नैनीताल से 3 दिन के लिए एक्सरे टैक्नीशियन



किच्छा सीएचसी में आते हैं। किच्छा सीएचसी को उपजिला चिकित्सालय बनाना चाहिए था। किच्छा, शान्तिपुरी, हल्दी, पक्की खमरिया, नारायणपुर, बरा चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर पूरे देश में स्वस्थ नारी सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत सरकार स्वास्थ्य सेवाएं दुरुस्त करने का ढोल पीट रही है।

# एसडीएम से अवैध निर्माण की शिकायत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**कालाढूंगी।** कोटाबाग क्षेत्र में हो रहे लगातार अवैध निर्माणों पर कार्यवाही की मांग की गयी है। एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। गुरुवार को कोटाबाग की ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी व पूर्व प्रधान उमेश तिवारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कालाढूंगी तहसील पहुंचकर उपजिला. धिकारी परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंप कर



अवगत कराया कि ग्राम-सेल्सिया में एक बिल्डर द्वारा कुछ सरकारी कुछ बेनाप भूमि में कब्जा कर बिना स्वीकृत नक्शे के बहुमंजिला इमारत बनाई जा हैं वहीं बिल्डर द्वारा उक्त निर्माण कार्य पर जाने के लिए राजस्व (नाले) की भूमि में अवैध रूप से रास्ता भी बना लिया गया है जबकि इस मार्ग से किसी भी ग्रामीण का आना जाना नहीं है। उमेश ने कहा उक्त बिल्डिंग में बिना परमिशन के एक बोरिंग भी की जा रही। जिससे ग्रामवासियों में काफी आक्रोश है, क्योंकि इस तरह एक व्यक्ति के उपयोग के लिए बोरिंग देने से जलस्तर गिरेगा जिससे आने वाले समय में ग्रामीणों को पीने के पानी की समस्या उत्पन्न होगी। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग करते हुए करते हुए उक्त भूमि की वह उसके प्रपत्रों की जांच करवाने की व नाले में अतिक्रमण कर अवैध रूप से बनाए गए रास्ते को बंद कर जांच कराए जाने को कहा। उमेश ने कहा बाहरी लोगों द्वारा हमारे पहाड़ी लोगों को बहकाकर जो इनकी जमीन कब्जाने का खेल खेला जा रहा है। अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान हेमा देवी, जीतू, कविता देवी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# वैंडर जोन बनाया जाएगाः खेतवाल

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** नगर पालिका में शनिवार को पीएम स्व निधि के लाभार्थियों के लिए लोक कल्याण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन सुरेश खेतवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन खेतवाल ने फंड व्यवसाईयों से नगर को साफ और स्वच्छ रखने में अपना सहयोग देने की अपील की। साथ ही व्यापारियों के लिए वंडर जोन बनाने को कहा गया।

उन्होंने फाड़ व्यापारियों से पीएम स्वनिधि की योजना के अंतर्गत ज्यादा से ज्यादा लोगों को लोन लेने के लिए आवाहन किया। लोक कल्याण मेले में सिटी मैनेजर उर्मिला बिष्ट के द्वारा पीएम सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बताया कि फंड व्यापारियों के लिए योजना अब नए रूप में आई है, इस योजना के तहत व्यवसाइयों को प्रथम ट्रेंच में



15000 का तथा द्वितीय ट्रेंच में 20000 का तथा तृतीय चरण में 50000 का ऋण दिया जाएगा। तथा फाड़ व्यवसाईयों को क्रेडिट कार्ड बैंक की ओर से जारी किए जाएंगे तथा सभी फाड़ व्यवसाईयों का क्यूआर कोड बैंक के द्वारा बन सके। ताकि डिजिटल लेनदेन में आसानी हो। उन्होंने सभी व्यवसायियों से अनुरोध किया गया कि वह जल्दी से जल्दी ऋण के लिए आवेदन करें। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने अपने अपने विभागों से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में गंगा अधिकारी, गणेश शाही, राज. ेश उनियाल, राजेंद्र गिरी, हरीश राम, मंजू शिव सिंह, हरिराम, धन सिंह, ममता देवी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, श्रम विभाग के अधिकारी, लीड बैंक का अधिकारी, पुलिस डिपार्टमेंटके अधिकारी मौजूद थे।

## झूला पुल के जीर्णोद्धार को हरी झंडी

**बागेश्वर।** बागेश्वर के ऐतिहासिक झूला पुल के जीर्णोद्धार के लिए शासन से हरी झंडी मिली। जल्द पुल का नव निर्माण कर आवागमन शुरू होगा। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में फंडिंग फॉर फास्टर इंप्लीमेंटेशन ऑफ इंपार्टेट प्रोजेक्ट्स इंक्लूडिंग मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट्स कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न अवस्थापना परियोजनाओं पर विचार किया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद बागेश्वर क्षेत्रान्तर्गत सरयू नदी पर स्थित 113 वर्ष पुराने एवं 51 मीटर स्पान वाले ऐतिहासिक पैदल झूला पुल के जीर्णोद्धार के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। यह पुल स्थानीय निवासियों एवं पर्यटकों की आवाजाही का महत्वपूर्ण माध्यम है। अन्य किसी मद से धनराशि उपलब्ध न होने के कारण पुल के मरंमत के लिए 180. 63 लाख की धनराशि मिसिंग लिंक फंड से उपलब्ध कराने पर समिति ने सहमति दी है।

# महाविद्यालय में 18 यूनिट रक्तदान



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**हल्दूचौड़।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में सेवा सप्ताह के अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर डा. सीमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता और निर्देशन में रक्तदान शिविर संयोजक डा. हेम चन्द्र पाण्डे, डा. भारत सिंह डोबाल, डा. संजय काण्डपाल और सह संयोजक यूथ रेडक्रॉस, रोवर रेंजर, राष्ट्रीय सेवा योजना, मतदाता जागरूकता प्रकोष्ठ, नशा उन्मूलन प्रकोष्ठ, ईको क्लब, पूर्व छात्र संगठन पदाधिकारी सचिन फुलारा आदि के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय हल्द्वानी के ब्लड बैंक प्रभारी डा. राशि भटनागर के सहयोग से रक्तदान शिविर में 18 यूनिट रक्तदान और 170 से अधिक छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों और कर्मचारियों ने रक्तदान करने के लिए ई-रक्तकोष में पंजीकरण कराया। रक्तदान शिविर में महाविद्यालय के डा. प्रदीप मंडल, डा. राजेन्द्र कुमार सनवाल, दिनेश कुमार जोशी, गणेश नाथ गोस्वामी, नवीन चन्द्र, पवन भट्ट, हिमांशु कुनियाल, सावन मेहता, राहुल सतवाल, ईशू मिश्रा, अभिषेक भट्ट, योगा सिंह गैड़ा, सागर सिंह बिष्ट, अर्जुन सिंह बिष्ट, प्रकाश भट्ट, अक्षय कुमार, दीपक धामी, सचिन फुलारा आदि दर्जनों दर्जन रक्तदाताओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। प्राचार्य और संयोजकों द्वारा रक्तदाताओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त विभागों के प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, समितियों के संयोजक, सह-संयोजक, सदस्य और निवर्तमान छात्रसंघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. गीता तिवारी पाण्डे और डा. मंजू जोशी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**पंतनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की जनजातीय उप योजना के तहत शाहपुर कल्याणपुर गांव देहरादून में मशरूम उत्पादन पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डा. श्वेता चौधरी और डा. रुचि रानी गंगवार ने मशरूम विपणन, पैकेजिंग, स्टार्टअप योजनाओं व सरकारी समर्थन की जानकारी दी।

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाईसेंस में त्रुटिवश मेरे पिता का नाम BHEEM BAHADUR GURUNG दर्ज हो गया है, जबकि मेरे पिता का वास्तविक नाम BHIM SINGH GURUNG है, जो मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में दर्ज है।

उमेश गुरुंग पुत्र श्री भीम सिंह गुरुंग
पता-तल्ला प्लॉट, जवाहर ज्योति,
दमुवाढूंगा काठगोदाम, हल्द्वानी
(नैनीताल)-263126

# चैन की सांस नहीं लेंगे नशा कारोबारी

## 215 आदतन नशा तस्करों पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी: आइजी

### ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड की ओर कुमायूँ पुलिस का बड़ा कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के ड्रग्स फ्री उत्तराखण्ड के विजन को आइजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल ने आगे बढ़ाते हुए नशा माफियाओं की नकेल कसने की एक और मज़बूत पहल की है। आइजी रिद्धिम अग्रवाल ने सक्रिय 215 आदतन नशा तस्करों, जिनपर 2 या उससे अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश जारी किए हैं। आइजी ने इसके लिए हर संदिग्ध पर एक-एक उपनि. रीक्षक व अपर उपनिरीक्षक को



जिम्मेदारी सौंपी गई है। आइजी रिद्धिम अग्रवाल का कहना है कि आधुनिक समाज में युवाओं के बीच मादक पदार्थों का प्रचलन आज एक भयावह चुनौती के रूप में सामने खड़ा है। नशे का जाल इतना गहरा होता जा रहा है कि अब यह केवल युवाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि किशोरावस्था के बच्चों से लेकर वयस्कों तक को अपनी गिरफ्त में ले चुका है। यह प्रवृत्ति न केवल उनके स्वास्थ्य और भविष्य को अंधकारमय बना रही है, बल्कि परिवार और समाज की नींव को भी हिला रही है। उनके अनुसार ऐसे कठिन समय में कुमायूँ पुलिस ने ठान लिया है कि नशा कारोबारियों को अब चैन से सांस नहीं लेने दिया जाएगा। उनकी हर गतिविधि पर गुप्त और सघन निगरानी रखी जाएगी। सभी नामित उपनिरीक्षक एवं अपर उपनि. रीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके जिम्मे लगाए गए संदिग्धों की वर्तमान आजीविका, रहन-सहन और रोज़मर्रा की गतिविधियों की गहन जांच की जाए। यह भी देखा जाएगा कि संदिग्ध अथवा उसके परिजनों का जीवन स्तर उनकी आय के ज्ञात स्रोतों के अनुरूप है अथवा नहीं। यदि किसी भी प्रकार की असमानता या संदिग्ध गति. विधियों के संकेत मिलते हैं तो उसकी तत्काल तस्दीक कर उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाए। यदि निगरानी के दौरान यह प्रमाणित होता है कि कोई संदिग्ध पुनः नशे की तस्करी अथवा बिक्री में संलिप्त है, तो उसके विरुद्ध एनडीपीएस, पीआइएनडीपीएस और गैंगस्टर एक्ट के तहत योजनाबद्ध एवं कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। सुनियोजित निगरानी और कार्रवाई को प्रभावी बनाने हेतु क्षेत्राधिकारी प्रतिदिन की प्रगति का अवलोकन कर अधीनस्थ कार्मिकों का मार्गदर्शन करेंगे। वहीं, अपर पुलिस अधीक्षक स्तर पर प्रत्येक सप्ताह समीक्षा कर कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करेंगे। आईजी ने निर्देशित किया है कि नामित उपनि. रीक्षक/अपर उपनिरीक्षक और एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त कार्रवाई की व्यक्तिगत पाक्षिक समीक्षा की जाएगी। साथ ही हर माह की 10 तारीख तक विस्तृत रिपोर्ट आईजी कार्यालय में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

# एमबीपीजी में जमकर बवाल

## नामांकन निरस्त करने को लेकर पेट्रोल लेकर छत पर चढ़ा छात्रनेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कालेज में छात्रसंघ चुनाव की सरगर्मी के बीच एक बार फिर से जमकर हंगामा हो गया। एमबीपीजी कॉलेज में 27 सितंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्रनेता दीपक पलड़िया ने अध्यक्ष पद के दावेदार कमल बोरा का नामांकन रद्द करने की मांग को लेकर पेट्रोल से भरी बोतल लेकर प्राचार्य कक्ष की छत पर चढ़ गया और आत्मदाह की चेतावनी दी। छत के इस कदम से कालेज प्रशासन व पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूल गये। जिसके बाद कालेज प्रशासन ने छात्रनेता को काफी समझाया और उसे नीचे उतार कर मामले को शांत कराया। बता दे कि छात्रनेता दीपक पलड़िया ने वर्तमान में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमल बोरा पर आरोप लगाया कि उसने पूर्व छात्रसंघ सचिव कमल सिंह बोहरा के पद का दुरुपयोग किया। कहा कि उसने दीपक बोहरा की जगह पर सचिव के पद पर कार्य किया और एक ही तरह के नाम होने का नाजायज फायदा उठाया। इस तरह उसका नामांकन रद्द किया जाना चाहिए। प्राचार्य की ओर से शिकायत के निस्तारण के लिए जांच समिति गठित की गई थी, जिस पर उसे शीघ्र ही रिपोर्ट सौंपे जाने का आश्वासन दिया गया था घटनाक्रम के तहत शनिवार को दीपक पलड़िया शिकायत के बाद जांच समिति की रिपोर्ट प्राप्त करने प्राचार्य कक्ष में पहुंचा। जिस दौरान कुछ देर समझाने पर वह लौट गया। लेकिन कुछ देर बाद वह दोबारा एक पेट्रोल से भरी बोतल लेकर कॉलेज की छत पर चढ़ गया और आत्मदाह की चेतावनी देते हुए अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमल बोरा का नामांकन रद्द करने की मांग करने



लगा। इधर, कॉलेज के प्राचार्य एनएस बनकोटी ने बताया कि कमल सिंह बोहरा ने 2023-24 छात्रसंघ चुनाव में नामांकन किया था। शपथ ली थी और बतौर सचिव कार्य भी किया। जबकि वर्तमान में छात्रसंघ अध्यक्ष पद के दावेदार कमल बोरा के पिता का नाम भी अलग है, जिसने न तो चुनाव में भाग लिया और न ही किसी वित्तीय दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। छात्र नेता दीपक पलड़िया की ओर से की गई शिकायत की जांच के बाद प्राचार्य एनएस बनकोटी ने स्पष्ट किया कि सभी दस्तावेजों की जांच के दौरान कोई अनियमितता नहीं पाई गई। उन्होंने कहा कि सभी प्रपत्रों की जांच पूरी पारदर्शिता से की गई है। यदि इसके बाद भी किसी को अब भी आपत्ति है, तो वह न्यायालय की शरण ले सकता है।

# स्कॉर्पियो में 6 पेटी अवैध शराब, दो तस्कर चढ़े हत्थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार रात्रि वाहन चैकिंग के दौरान मुखानी पुलिस ने 6 पेटी अवैध शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। शराब तस्करी में प्रयुक्त काले रंग की स्कॉर्पियों कार को सीज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर



जेल भेजा गया है। नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार रात्रि मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में एसआई वीरेन्द्र सिंह बिष्ट मय टीम हनुमान मंदिर के पास वाहन चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान काले रंग की स्कॉर्पियो नंबर यूके 05ई-6775 आती दिखाई दी। पुलिस ने गाड़ी रोकने का इशारा किया। लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ा दी। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए कार रुकवाई और दो लोगों को हिरासत में लिया। कार की तलाशी लेने पर अंग्रेजी शराब की 6 पेटी बरामद हुई। तस्करों ने अपना नाम भरत सिंह पुत्र राम सिंह निवासी दयाल बिहार कुसुमखेड़ा मुखानी, नीरज बिष्ट पुत्र दीवान सिंह निवासी दयाल बिहार कुसुमखेड़ा बताया।

### लिखित परीक्षा आज

**हल्द्वानी।** आज 21 सितंबर को होने वाली स्नातक स्तरीय लिखित प्रतियोगी परीक्षा को लेकर नैनीताल पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने शनिवार को जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों, यातायात व खुफिया विभाग सहित संबंधित जिम्मेदारों के साथ वर्चुअल गोष्ठी की और नकलमुक्त परीक्षा कराने के निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी ने कहा, परीक्षा में किसी भी तरह की लाप. रवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नकल माफिया, भ्रामक खबर फैलाने वाले या अराजक तत्व किसी भी कीमत पर नहीं बचेंगे। कहा, परीक्षा केंद्रों पर महिला-पुरुष पुलिसकर्मी और एचएचएमडी के साथ तलाशी हो। मेटल डिटेक्टर से जांच, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, ब्लूटूथ, स्मार्टवाच व कैमरे पूरी तरह प्रति. बंधित होंगे।

# सफाईकर्मी ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थानाक्षेत्र स्थित गौलापार सुल्तानपुर में रहने वाले एक सफाई कर्मचारी ने बीते शुक्रवार की रात्रि घर के आंगन में एक पेड से लटकर अपनी जान दे दी। शनिवार की सुबह जब परिजन उठे तो पेड़ से लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पंचनामा भर मोर्चरी भेजा। फिलहाल पुलिस इसे आत्महत्या मान कर चल रही है।

जानकारी के अनुसार काठगोदाम स्थित सुल्तानपुर गौलापार निवासी 33 वर्षीय हरमिंदर पुत्र सालिक राम हल्द्वानी नगर निगम में सफाई कर्मी के रूप में तैनात था। बताया जा रहा वह पिछले कई सालो से यहां अपने परिवार के साथ रहता है। परिजनों के अनुसार हरमिंदर रोजना की तरह बीते शुक्रवार को भी खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। आज शनिवार की सुबह जब उसकी पत्नी उठकर और बिस्तर में देखा तो हरमिंदर नहीं था। वह उठकर जैसे ही घर के आंगन में पहुंची तो हल्दू के पेड़ से हरमिंदर को लटका हुआ देखा तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गयी। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गये। घटना की सूचान मिलते ही मौके पर पहुंची काठगोदाम पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और उसे अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौप दिया।

**नशे में गाड़ी चलाने वालों पर शिकंजा- हल्द्वानी।** ऑपरेशन रोमियो अभियान के तहत पुलिस ने नशे में स्टेरिंग पकड़ने वाले 15 चालक गिरफ्तार किया। जबकि सार्वजनिक स्थानों में 113 नशेड़ी, हुड़दंगी दबोचे गए और 31500 जुर्माना वसूला। सीओ सिटी नितिन लोहनी और सीओ लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल की अगुवाई में संबंधित थाना प्रभारी ने अपनी-अपनी टीमों के साथ हल्द्वानी, मुखानी व काठगोदाम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों मंगल पड़ाव, मंडी क्षेत्र, सतपाल पेट्रोल पंप तिराहा, क्रियाशाला तिराहा, कैंसर अस्पताल तिराहा, भारद्वाज मेडिकल स्टोर तिराहा, मुखानी रोड, कुल्यालपुरा, ठंडी सड़क, वर्कशॉप लाइन, कुसुमखेड़ा, कठघरिया में चेकिंग अभियान चलाया। सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने, अशांति फैलाने वाले 113 अराजक तत्वों पर कार्यवाही करते हुए 31500 रुपये का जुर्माना वसूला।

# इंटर्नशिप के लिए स्पेन जाएंगी हल्द्वानी की आतिका खान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा के किदवई नगर की रहने वाली आतिका खान ने अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। आतिका को स्पेन की एजुकेशन मिनिस्ट्री द्वारा चयनित कर 8 महीने की इंटर्नशिप के लिए स्पेन भेजा जा रहा है। इस शानदार उपलब्धि से बनभूलपुरा में खुशी की लहर दौड़ गई है।



आतिका खान ने अपनी 12वीं की शिक्षा जामिया मिल्लिया इस्लामिया दिल्ली से पूरी की है और वर्तमान में एसीसीए (चार्टर्ड एकाउंटेंसी) का कोर्स कर रही हैं। इसके साथ ही, उन्होंने दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ सर्वांतेस से स्पेनिश भाषा का विशेष कोर्स भी किया। इसी के आधार पर उन्हें स्पेन में टीचर्स को असिस्ट करने के लिए चुना गया है। आतिका बनभूलपुरा क्षेत्र के मशहूर (मरहूम) पिया खान की पोती और गुड्डू खान की बेटी हैं। उनकी इस ऐतिहा. सिक उपलब्धि पर न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में जश्न का माहौल है। मां असना खान ने बेटी की इस उपलब्धि को गर्व का क्षण बताया और कहा कि इससे क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। परिवार को क्षेत्रवासियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों की ओर से बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

# शिव वरदान से रावण में अहंकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्रीरामलीला मैदान में चल रही दिन की रामल. ीला मंचन के दूसरे दिन शनिवार को ब्रह्मा आदि देवताओं का आगमन, रावण तपस्या, रावण अत्याचार एवं आक.



ाशवाणी की लीला का सुंदर मंचन किया गया। आज के लीला में रावण, कुंभकर्ण और विभीषण भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया जाता है, जिससे देवतागण चिंतित हो उठते हैं और ब्रह्मा जी के पास पहुंचते हैं और कहते हैं प्रभु रावण और उसके भाई शिव भगवान की घोर तपस्या कर रहे है। आपको तो पता ही है, भोलेनाथ से जो वो राक्षस मांगेगा मिल जाएगा, कुछ कीजिए। इधर रावण की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव कहते है.. मांगना हो मांग लो वरदान जो कुछ मांगते, नेत्र खोलो और बोलो बिना समय गवाते हुए रावण भगवान शिव के हाथ जोड़कर वरदान मांगता है और कहता है कि... हम काहू के मरही न मारे, वानर जात मनुज दुई वारे, जीतहूं लोकपाल दिगपाला, यह वर दीजीए मोहि कृपाला। व्यास गद्दी पर पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री विराजमान रहे। रामलीला संचालन समिति के सदस्य विनीत अग्रवाल व भवानी शंकर नीरज ने बताया कि कल यानि आज रविवार को दशरथ दरबार, श्रीराम जन्म, ताड़का एवं सुबाहु वध का मंचन होगा। रामल. ीला समिति ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि वे अपने बालक-बालिकाओं को भी अवश्य लेकर आएं, जिससे वे भारतीय संस्कृति एवं जीवन-मूल्यों से परिचित होकर प्रेरणा प्राप्त कर सकें। इस दौरान अशोक अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, नरेंद्र साहनी, सौरभ अग्रवाल, संजय गोयल, राजेश साहू, कुसुमलता केसरवानी, अतुल अग्रवाल, दिनेश गुप्ता, अमित जोशी, मनोज गुप्ता, सीमा देवल, दीपा गुप्ता, सारिका केसरवानी, नंदिनी देवल, मंजू देवल आदि लोग मौजूद रहे।

# एसटीएच में रक्तदान शिविर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** महाराजा अग्रसेन युवा समिति शनिवार को सुशीला तिवारी अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का उद्घाटन सिटी मजिस्ट्रेट जीएस चौहान ने किया। मुख्य अतिथि ने रक्तदान के लिए अग्रसेन युवा समिति के कार्यकर्ताओं की प्रशंसा की। महाराजा अग्रसेन युवा समिति के अध्यक्ष विपुल अग्रवाल और महामंत्री कनव अग्रवाल ने बताया कि शिविर में 96 लोगों ने प्रतिभाग किया और 81 लोगों ने रक्तदान किया। महाराजां अग्रसेन जयंती की उपलक्ष में आयोजित इसी रक्तदान शिविर में एबंडेंस फाइनेंशियल सर्विस के डायरेक्टर अतिन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ऋषभ बंसल, अग्रवाल सभा अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, महिला समिति अध्यक्ष पायल अग्रवाल, एड. अमित गोयल, तुषार मित्तल, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि, सरिल गोयल, आयुष जैन, साहिल गोयल, अभिनव अग्रवाल, मनीष गोयल, दिव्यम अग्रवाल, कुशाग्र अग्रवाल, प्रद्योत कंसल, ऋषभ अग्रवाल, रुद्राक्ष गर्ग उपस्थित रहे।

# हल्द्वानी में भव्य श्री राम बरात कल

## राधा कृष्ण मंदिर को अयोध्यापुरी की तर्ज पर सजाया गया है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कल सोमवार को हल्द्वानी में भव्य श्री राम बरात निकाली जाएगी। प्राचीन श्री शिव सेवा समिति ने राम बरात की विस्तृत रूपरेखा तय कर ली है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए समिति के संयोजक हरिमोहन अरोड़ा ने बताया कि भगवान श्री राम जी की बारात को भव्य बनाने के लिए तैयारियों को पूरा कर लिया गया। राम बारात में 22 तारीख दोपहर 2 बजे राधा कृष्ण मन्दिर लटूरिया आश्रम से निकाली जाएगी। राधा कृष्ण मन्दिर को अयोध्या पुरी की तर्ज पर सजाया गया है।




जबकि रामलीला मैदान को जनकपुरी का स्वरूप दिया जा रहा है। संरक्षक रूपेन्द्र नागर व मीडिया प्रभारी हेमन्त साहू ने बताया 21 तारीख की शाम अयोध्या से आई प्रभु के चरणों की मेंहदी कार्यक्रम स्थल में हजारों महिलाओं को सजाई जाएगी। बारात में कुमाऊं भर लगभग 20 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने का अनुमान है।

अध्यक्ष धर्मेन्द्र गुप्ता व कार्यक्रम सह संयोजक शिव कपूर ने बताया राम बारात में दर्जनों झाकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। राम बारात में प्रेमानंद महाराज के स्वरूप के साथ झांकी निकाली जाएगी। पत्रकार वार्ता में महामंत्री पदम पाल, सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता, अमित, अश्वनी, मुरली, पंकज गुंबर, धर्मेन्द्र साहू, अनिल अग्रवाल, दीपांशु शर्मा, सूरज लाम्बा, पूरन सागर, राम रूप गुप्ता, अशोक सिंधी थे।

# हरीशचन्द्र पांडे रामलीला कमेटी के संरक्षक बने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रामलीला भवन शीश महल काठगोदाम में युवा सामाजिक एवं सांस्कृतिक समिति शीशमहल ग्राम दमानढूंगा की मीटिंग हुई। जिसमें सर्वसम्मति से रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हरीशचंद्र पांडे को संरक्षक का



दायित्व दिया गया। हरीश. चंद्र पांडे रामलीला कमेटी शीशमहल के 16 बार महामंत्री रह चुके हैं। उन्होने रामलीला में अंगद, विभीषण, राम, लक्ष्मण, लव, मेघनाथ, सुलोचना, दशरथ जैसे कई किरदार निभाए हैं। संरक्षक का दायित्व मिलने पर शीशमहल रामलीला कमेटी के सदस्यों ने उनका फूल मालाओं से सम्मान दिया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष मनोज तिवारी (बिन्नी) और समाजसेवी नीरज जोशी ने हरीशचन्द्र पांडे को संरक्षक बनाए जाने को सुनहरा पल बताया। हरीशचंद्र पांडे ने कहा कि मैं पूर्ण रूप से तन मन धन से समर्पित रहूंगा। इस मौके पर दिनेश फुलारा, गिरीश चन्द्र तिवारी, विक्रम डंगवाल, कैलाश बल्यूटिया, एनडी तिवारी, निर्मल सती, राहुल जोशी, नीरज फुलारा थे।

### राम बाबू मिश्रा प्रदेश सचिव मनोनीत

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने अपने संगठन का विस्तार करते हुए लालकुआं के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा को संगठन का प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। वहीं हल्द्वानी के कारोबारी दीपक माहेश्वरी को संगठन का रणनीति सलाहकार नियुक्त किया है। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि दोनों पदाधिकारियों की नियुक्ति से संगठन को मजबूती प्रदान होगी। संयोजक धर्म यादव, सहसंयोजक देवेश अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, वीरेंद्र गुप्ता, पूरन लाल साह, शिव कश्यप, विनय गोयल, भगवान सहाय, राकेश गुप्ता, वीरेंद्र बिष्ट, कुंदन रावत, प्रज्ञान भारद्वाज, अस्मित गुजराल, कुंदन बिष्ट आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# सीएम को बताई पत्रकारों की समस्याएं

## एनयूजेआई उत्तराखंड के मुख्य संरक्षक संजय तलवार ने की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पत्रकारों की समस्याओं के समाधान को लेकर शुक्रवार को प्रेस क्लब हल्द्वानी के अध्यक्ष एवं नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया उत्तराखंड के मुख्य संरक्षक संजय तलवार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सर्किट हाउस में मुलाकात की। इस दौरान तलवार ने पत्रकारों की पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, सुरक्षा और कल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मुद्दों को मुख्यमंत्री के समक्ष विस्तार से रखा। पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी मांगों पर प्राथमिकता से कार्यवाही का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज



की आवाज़ होते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री के आश्वा. सन पर प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय तलवार ने आभार जताते हुए कहा कि इससे पत्रकारों में नई उम्मीद जगी है। उन्होंने कहा कि सरकार का सकारात्मक रुख पत्रकारों के कार्य को और प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा। मुलाकात के उपरांत प्रेस क्लब अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पत्रकारों की समस्याओं को हल कराने के लिए प्रयास लगातार जारी रहेंगे। आने वाले समय में भी पत्रकारों की आवाज़ को मजबूती से सरकार तक पहुंचाता जाता रहेगा।

# नवरात्रिः हाथी पर होगा मां दुर्गा का आगमन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हाथी पे होके सवार, आएंगी मैया मेरे द्वार। आश्विन माह के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 22 सितम्बर सोमवार से शारदीय नवरात्र प्रारम्भ हो रहे हैं। जो 2 अक्टूबर को विजयादशमी के साथ समाप्त हो जाएंगे। इस वर्ष की शारदीय नवरात्र विशेष संयोग लेकर आ रहे हैं।



ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि इस नवरात्रि पर मां दुर्गा का आगमन हाथी पर तथा प्रस्थान मनुष्य के कंधे पर हो रहा है। आगमन और प्रस्थान दोनों ही मानव कल्याणार्थ है। मगर इस बार नवरात्र नौ दिन के बजाय दस दिन के होंगे। क्योंकि तिथि बढ़ोत्तरी के कारण तृतीया तिथि का व्रत 24 एवं 25 सितम्बर दो दिन रहेगा। महाष्टमी पूजन 30 सितम्बर, महानवमी कन्या पूजन 1 अक्टूबर को मनाई जाएगी। जबकि दशहरा 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा। 22 सितम्बर को पहली नवरात्रि उत्तराफाल्गुनी तथा हस्त नक्षत्र में कलश स्थापना के साथ शुरू होगी। सूर्योदय से लेकर मध्यान्ह तक का समय कलश स्थापना के लिये उत्तम है। इन दिनों माता का दोनों समय पूजन, जप, तप, साधना, अनुष्ठान करना बहुत ही शुभ फलदायक माना जाता है।

# एकता के साथ बड़े आंदोलन की जरूरतः इंद्रेश मैखुरी

## बागजाला में धरने का 34वां दिन: बुद्धपार्क में 'भूमि अधिकार सम्मेलन' सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी ने बुधपार्क हल्द्वानी में विशाल भूमि अधिकार सम्मेलन आयोजित किया। 33 दिन गांव में अनिश्चितकालीन धरने के बाद भी सरकार और प्रशासन की उपेक्षा को देखते हुए 34वें दिन यह भूमि अधिकार सम्मेलन हल्द्वानी में आयोजित किया गया। सम्मेलन से घोषणा की गई कि मालिकाना अधिकार मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। सम्मेलन में बागजाला के अतिरिक्त सुल्तानगरी, पुछड़ी रामनगर, दानी बंगर, बिंदुखत्ता, भूड़ा खत्ता, टांडा खत्ता, बनभूलपुरा, दमुआढुंगा आदि से भी वन भूमि नजूल भूमि पर बसे लोग पहुंचे। भूमि अधिकार सम्मेलन के अंत में उपजिलाधिकारी हल्द्वानी के माध्यम से उत्तराखण्ड के राज्यपाल को मालि.




काना अधिकार देने के लिए राज्य सरकार को निर्देशित करने की मांग पर ज्ञापन भेजा गया। मुख्य वक्ता के रूप में भूमि अधिकार सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि इस सरकार के राज में जनता के पास लड़ने के अलावा कोई विकल्प शेष नहीं बचा है। जमीन पर मालिकाना अधिकार हासिल करने के लिए भूमिहीनों की बड़ी एकता और आंदोलन की जरूरत है। सभा को किसान नेता किशन बघरी, आनन्द सिंह नेगी ने भी सम्बोधित किया। भूमि अधिकार सम्मेलन अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता बहादुर सिंह जंगी ने और संचालन किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द सिंह नेगी ने किया। भूमि अधिकार सम्मेलन में इंद्रेश मैखुरी, यतीश पंत, केके बोरा, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, विमला देवी, कुंदन सिंह मेहता, इस्लाम हुसैन, जीआर टम्टा, मुकेश बौद्ध, नफीस अहमद खान, किशन बघरी, बची सिंह कपकोटी, विमला रौथाण, हेमा देवी, पुष्कर दुबड़िया, गोविन्द जीना, प्रकाश फुलेरिया, एडवोकेट गंगा प्रसाद, सुमित कुमार, हयात सिंह बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, दीपक चन्याल, आरपी गंगोला, जुबैर, तस्लीम अंसारी, नसीर अहमद, प्रेम सिंह नयाल, हरक सिंह बिष्ट, दौलत सिंह कुंजवाल, पुष्पा पाल, सोहन लाल, अनीता अन्ना, दया देवी, अनीता, भगवती, हीरा देवी, कमल जोशी, हरीश लोधी, नवीन मूलनिवासी, आजम, आशु, ऋषि मटियाली, निर्मला शाही, आनन्द दानू, जी एस बगड़वाल, सायमा, अफसर अली, लक्ष्मी, ललित जोशी, हेमंत, अंबा दत्त बचखेती, चेतन, नारायण दत्त आदि शामिल रहे।

# कुसुमखेड़ा की कार्तिकेय कालोनी में बंदरों का आतंक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कुसुमखेड़ा की कार्तिकेय कालोनी में कटखने बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। परेशानी का आलम यह है कि लोग दहशत के मारे अपने दैनिक कामकाज नहीं कर पा रहे हैं। कालोनी में आना-जाना मुस. ीबत का सबब बन गया है। कालोनी के बच्चे जैसे-तैसे स्कूल तो जाते हैं, लेकिन



बंदरों की वजह से कालोनी में उनका खेलकूद बंद हो गया है। स्कूल के बाद बच्चे घरों में कैद हो जाते हैं। कटखने बड़े-बड़े बंदरों के झुंड को कालोनी वालों ने काफी जतन करके डराने व भगाने का प्रयास किया लेकिन नाकाम रहे। बंदर न पटाखों की आवाज़ से डरते हैं और न ही गुलेल से, बल्कि ऐसा करने से बंदर और भी आक्रामक हो जाते हैं। काला. ेनी के कई लोग बंदरों का शिकार हो चुके हैं। कालोनी वालों का कहना है कि वह कई बार बंदरों से निजात दिलाने की गुहार लगा चुके हैं लेकिन सम्बंधित अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंगती। कालोनी वालों का सुझाव है कि ऐसे कटखने बंदरों को एक बाड़े में रखा जाए जिसकी देखरेख स्थानीय निकाय करे। जंगलों में फलदार वृक्ष लगाए जाएं ताकि वे शहरी आबादी में आने को मजबूर न हों। बंदरों को पकड़ने के लिए टीमें बनाई जाएं ताकि आम जनता को राहत मिले।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# देर रात खेड़ा में तड़तड़ाई गोलियां, एक घायल

■ पुलिस ने किया घटना स्थल का निरीक्षण, आरोपियों की धड़पकड़ तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** शुक्रवार की रात्रि मौहल्ला खेड़ा में हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से क्षेत्र में हड़कम्प मच गया। इस घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के जिला असपताल ले जाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और आरोपियों की धड़पकड़ के लिए मुहिम शुरू कर दी। मामले की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

बताया जाता है कि खेड़ा निवासी रिजवान उर्फ रिजवी गत रात्रि करीब 11 बजें अपने मित्र साहिल पुत्र मुबारक अली व शाहरूख पुत्र फईम के साथ



रेशमबाड़ी से अपने घर पर पैदल आ रहा था। मार्ग में पहले से घात लगाकर बैठे कुछ युवकों ने ईदगाह गेट मजार के पास रिजवान को देखते हुऐ पिस्टल से सीधे फायरिंग कर दी । गोली उसके कन्धे के पास से निकल कर ईदगाह के गेट पर लगी। जिसके बाद रिजवान जान बचाकर घर तरफ भागा। बताया जाता है कि हमलावरों ने रिजवान का मस्जिद के बडे गेट तक पीछा किया। इतने में आस पड़ोस के लोगो ने हल्ला किया तो ये लोग फायरिंग करते हुऐ मौके से रेशमबाडी दूधिया नगर की तरफ भाग गये। बताया जा रहा है कि जिसके बाद हमलावरों को साहिल ईदगाह मस्जिद के पास मिल गया तो उन्होने उसके उपर पिस्टल की बट से जान से मारने की नियत से हमला कर दिया। जिसे साहिल लहूलुहान बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। हमलावर साहिल को मरा हुआ छोड़कर मौके से फरार हो गयें। मामले की जानकारी तत्काल पुलिस को दे दी गई। साहिल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले गये। रिजवान के भाई नजीर पुत्र लईक अहमद ने पुलिस को मामले की तहरीर दे दी है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि हमलावरों पर पूर्व में कई संगीन आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## मुकदमा वापसी लेने को लेकर मुस्लिम युवाओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** कानपुर के रावतपुर कस्बे के सैय्यद नगर मौहल्ले में जुलूस ऐ मोहम्मदी में दौरान 'आई लव मौहम्मद' लिखे बैनर को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा फाड़े जाने से मुस्लिम समाज की भावनाएं आहत हुई हैं, जिसका मुस्लिम समुदाय द्वारा कड़ा विरोध किया गया। जिस पर उत्तर प्रदेश पुलिस प्रशासन द्वारा बिना जांच किए 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

मुकदमें को वापस लेने को लेकर बाजपुर के मुस्लिम युवाओं ने राष्ट्रपति और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम डा. अमृता शर्मा को सौंपा। वक्ताओं ने कहा कि भारत के संविधान ने हर धर्म के लोगों को उनके त्यौहार मनाने की आजादी दी है। इस मौके पर साबिर हुसैन, अनवर अली, मुस्तफा प्रधान, उसमान अली, कौसर अली, मतलूब, आसिफ खान, अकरम अली, मोहसिम अली, नदीम अली, जुबैर अली, यूसुफ अली, फईम चौधरी, अजीम अहमद, अली हसन आदि उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर शिक्षक संघ ने विधायक यशपाल आर्य को सौंपा ज्ञापन

■ धामी सरकार की हठधर्मिता से सभी प्रभारी प्रधानाचार्यों ने अपना प्रभार दिया त्याग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** कैंप कार्यालय में 30 सूत्रीय मांगें को लेकर शिक्षक संघ ने ज्ञापन कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष और क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य को सौंपा।

कैंप कार्यालय में समस्यायाओं का समाधान करते हुए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा उत्तराखंड राजकीय शिक्षक संघ द्वारा रखी गई न्यायोचित मांगों का मैं पूर्ण समर्थन करता हूं और शिक्षकों की मुख्य मांगें शत-प्रतिशत पदोन्नति, प्रधानाचार्य पदों पर सीधी भर्ती का निरस्तीकरण और वार्षिक स्थानांतरण सहित 30 सूत्रीय मांगें हैं। वर्तमान में 5% से भी कम विद्यालयों में प्रधानाचार्य कार्यरत हैं और अधिकांश विद्यालयों में



शिक्षक प्रभारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। धामी सरकार की हठधर्मिता के कारण सभी प्रभारी प्रधानाचार्यों ने अपना प्रभार त्याग दिया है, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई है। यह आंदोलन अब शिक्षकों के मान-सम्मान और स्वाभिमान से जुड़ गया है, और शिक्षक आमरण अनशन जैसे कड़े कदम उठाने के लिए तैयार हैं। यह आंदोलन उत्तराखंड भर में फैल चुका है, जिसमें शिक्षकों की हड़ताल के कारण उत्तराखंड बोर्ड की सुधार उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन ठप पड़ा है, जिससे लगभग 19 हजार छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है, लेकिन सरकार ने अभी तक कोई गंभीरता नहीं दिखाई है। मैं राज्य सरकार से अपेक्षा करता हूं कि शिक्षक संघ की सभी न्यायोचित मांगों पर शीघ्र एवं सकारात्मक निर्णय लिया जाए।

## तीन पानी डाम के पुनर्निर्माण को मिली मुख्यमंत्री की मंजूरी

■ महापौर विकास शर्मा के आग्रह पर मुख्यमंत्री की घोषणा में शामिल हुआ निर्माण कार्य

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** क्षेत्रवासियों के लिए लंबे समय से परेशानी का सबब बने तीन पानी डाम और पुलिया के पुनर्निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। महापौर विकास शर्मा के प्रयासों के फलस्वरूप मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस महत्वपूर्ण कार्य को अपनी घोषणा में शामिल कर लिया है। जल्द ही शासन को प्रस्ताव भेजकर निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

खटीमा कैंप कार्यालय में महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की और रुद्रपुर नगर की विभिन्न जनसमस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान महापौर ने वार्ड नंबर एक, फुलसुंगा क्षेत्र में स्थित तीन



पानी डाम की बदहाल स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि यह डाम पिछले कई वर्षों से जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में है, जिससे बरसात के दौरान जलनिक. ासी में भारी दिक्कतें आती हैं। परिणामस्वरूप, सड़कों पर जलभराव हो जाता है और आसपास की कॉलोनियों के साथ-साथ कई घरों में भी पानी घुस जाता है। महापौर ने जानकारी दी कि हाल ही में हुई भारी वर्षा के चलते डाम और पुलिया की हालत और भी बदतर हो चुकी है।

वर्तमान में केवल दोपहिया वाहन ही इस पुलिया से गुजर पा रहे हैं, जिससे आमजन को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

इस गंभीर समस्या को सुनने के बाद मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उक्त डाम और पुलिया के पुनर्निर्माण कार्य को मुख्यमंत्री घोषणा में सम्मिलित करने की मंजूरी दी। साथ ही मौके पर मौजूद जिलाधिकारी नितिन भदौरिया को निर्देश दिए कि वे शीघ्र इस कार्य का विस्तृत प्रस्ताव शासन को भेजें, ताकि जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू किया जा सके।

महापौर विकास शर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि तीन पानी डाम और पुलिया का पुनर्निर्माण कार्य लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इसके बनने से हजारों की आबादी को जलभराव जैसी समस्या से मुक्ति मिलेगी और क्षेत्र में यातायात सुगम हो सकेगा।

## जसपुर राइस मिल एसोसिएशन ने जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर ।** जसपुर राईस मिल एसोसिएशन ने नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी, जिला पंचायत सदस्य एवं व्यापार मंडल को सम्मानित किया।

नगर के अफजलगढ़ रोड स्थित रेडिसन होटल में जसपुर राईस मिल एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में राईस मिल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सचिन गोयल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष निकेश अग्रवाल एवं कार्यकारिणी, नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य नईम अहमद, नवनिर्वाचित व्यापार मंडल के अध्यक्ष हरिओम सिंह एवं पदाधिकारियो को अंगवस्त्र एव स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सचिन गोयल राईस मिलर्स के हितो कार्य करने राईस मिलर्स की समस्याओ को सरकार तक पहॅचाने और हल कराने और उनके साथ प्रमुखता से खड़ा रहने की बात कही।

## मांगों को लेकर बंगाली समाज का सांकेतिक धरना

### चार प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री धामी के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बंगाली समाज की लंबित मांगों को लेकर आज शनिवार 20 सितंबर को रुद्रपुर स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में बंगाली कल्याण समिति के बैनर तले एक सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए और शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज बुलंद की। धरना प्रदर्शन के उपरांत समिति के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी समेत प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में समाज की चार प्रमुख मांगों को तत्काल प्रभाव से पूरा करने की बात रखी गई।

पहली और सबसे अहम मांग में बंगाली समाज को अनुसूचित जाति (SC) का दर्जा देने की बात शामिल



थी। समिति का कहना है कि यह मांग समाज वर्षों से करता आ रहा है, लेकिन अब तक पूरी नहीं हुई है। दूसरी मांग के रूप में बंगाली छात्र-छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना शुरू करने की बात कही गई, जिससे गरीब और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शिक्षा में बराबरी का अवसर मिल सके। तीसरी मांग बंगाली पौंड, मांझी नमोशुद्र जाति के छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति पुन: प्रदान कि मांग चतुर्थ प्रमुख मांग में शिक्षा प्रणाली में बांग्ला भाषा को एक विषय के रूप में शामिल करने का मुद्दा उठाया गया। समिति का कहना है कि मातृभाषा से जुड़ाव बच्चों की पहचान और संस्कृति की रक्षा के लिए बेहद आवश्यक है। पांचवा और अहम मांग के रूप में "बंग भवन" के निर्माण की आवश्यकता पर जोर दिया गया, जिससे समाज की सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक कार्यक्रमों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष दिलीप अधिकारी ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द इन मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं की, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि यह लड़ाई समाज के अस्तित्व और अधिकारों से जुड़ी है और इसे अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। सांकेतिक धरना प्रदर्शन में बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, महासचिव नारायण हाल्दार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रायोजित राय, संगठन सचिव भास्कर मंडल, उपसचिव अभिमन्यु साना, कोषाध्यक्ष संजीत खान, मीडिया प्रभारी सत्यजीत सरकार, क्षेत्र उपाध्यक्ष विजय सिखदार, पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर गांगुली, तारक बाछड, अमित वैध, विकास वैरागी आदि उपस्थित रहे।

## चाणक्य लॉ कालेज में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सूचना आयोग के आदेश के अनुपालन में, चाणक्य लॉ कालेज ने एक सूचना का अधिकार वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का विषय था सूचना का अधिकार ने सरकारी विभागों में प्रशास. निक दक्षता और जवाबदेही बढ़ाने में सवायचा की है। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में जागरूकता एवं आलोचनात्मक चिंतन को प्रोत्साहित करना था, ताकि वे लोकतंत्र और सुशासन को सुदृढ करने में सूचना का अधिकार के महत्व को समडा सकें। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज के चेयरमेन एसपी सिंह द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता में कुल 110 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जिनमें से 19 विद्यार्थी वाद-विवाद में प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। विद्यार्थियों के साथ-साथ महाविद्यालय के कई प्राध्यापकगण भी उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम की शैक्षणिक गरिमा को बढ़ाया और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु प्राचार्य डॉ. दीपाक्षी जोशी ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि किस प्रकार सूचना का अधिकार ने सरकारी विभागों में पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि सूचना का अधिकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का एक प्रभावी साधन है, जिसने आम नागरिकों को शासन में सक्रिय भागीदारी का अवसर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई मामलों में सूचना के अधिकार को मौलिक अधिकारों से जोड़ा है- जैसे उत्तर प्रदेश राज्य बनाम राज नारायण तथा भारत संघ बनाम एसोसिएट फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म में न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सूचना तक पहुंच नागरिकों का मौलिक अधिकार है।

वाद-विवाद में पक्ष और विपक्ष दोनों ओर से रोचक तर्क प्रस्तुत किए गए। पक्ष में विद्यार्थियों ने बताया कि सूचना का अधिकार ने नागरिकों को सशक्त बनाया है, प्रशासनिक दक्षता में सुधार किया है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत किया है। वहीं विपक्ष के प्रतिभागियों ने सूचना का अधिकार के दुरुपयोग, अधिकारियों पर अत्यधिक लिपिकीय बोझ तथा इसके व्यावहा. रिक कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं की घोषणा की गई, जिसमें पक्ष में रितिका बोरा बीए एलएलबी तृतीय सेमेस्टर, विपक्ष ने प्रथम अवस्थी बीए एलएलबी एवं उप-विजेता अदीबा अन्सारी नवें सेमेस्टर रहे। सांत्वना



पुरस्कार अर्जुन प्रताप सिंह बीबीए एसएसबी तृतीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। विजेताओं को कॉलेज के चेयरमैन, निदेशक, प्राचार्य, प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। कालेज की प्राचार्या डा. दीपाक्षी जोशी ने समी विद्यार्थियों को उनके मूल्यवान विचारों के लिए एवं प्राध्यापकगण की सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद नापित किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक सलीम अहमद, अनिल कुमार डा. आयशा अमीन, प्रतिभा सिंह, डा. रुबीना, उपासना तिवारी, मनप्रीत कौर, डा. हरकमल कौर, आकांशा रघुवंशी, सिद्धि अग्रवाल, हिमानी फुलारा, वर्णिका वर्मा एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने अवैध कच्ची शराब बेचने वालों के खिलाफ खोला मोर्चा

■ एसडीएम से की कच्ची शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** ग्राम भट्टपुरी, नगदपुरी, भूड़ी में अवैध कच्ची शराब बेचने वालों के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोलते हुए बाजपुर एसडीएम डा. अमृता शर्मा से कार्रवाई की मांग की।

कांग्रेस ब्लॉकध्यक्ष पवन शर्मा की अगुवाई में महिलाओं ने बाजपुर एसडीएम डा. अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंप कर अवैध कच्ची शराब माफिया पप्पू सिंह के विरूध्द कड़ी कार्रवाई किये जाने का अनुरोध किया। साथ ही आरोप लगाया कि पुलिस संरक्षण में यह अवैध धंधा खूब फलफूल रहा है। शिकायत करने पर पुलिस



द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती, बल्कि उल्टा शिकायतकर्ताओं को ही धमकाया जाता है। महिलाओं का कहना है कि ग्राम में बेरोकटोक चल रहे नशे के कारोबार से युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इस मौके पर तुलसी देवी, गंगा देवी, कांति देवी, माया, रमन सिंह, पायल, रामवती, चंदो देवी, कमला देवी, नन्ही देवी आदि उपस्थित रही।

## विधायक पांडे और शकील की मुलाकात से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** विधायक अरविंद पांडे और समाजसेवी शकील अहमद की एक मुलाक. ात के बाद गदरपुर की राजनीतिक गलियारो में हलचल तेज हो गई। लो. कप्रिय विधायक अरविंद पांडे से मुस्लिम समाज के कुछ लोग व्यक्तिगत जुड़कर उन्हें मजबूत नेता के रूप में देख रहे हैं।



समाजसेवी शकील अहमद ने विधायक अरविंद पांडे के निवास पर पहुंचकर उनसे गर्मजोशी से मुलाकात की। विधायक अरविंद पांडे और शकील अहमद दोनों ने एक साथ चाय पी और खुलकर बातचीत की। इस दौरान शकील अहमद की टीम के भी कुछ लोग मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि विधायक के साथ बातचीत करीब एक घंटा से अधिक चली, इसमें गदरपुर की तमाम समस्याओं को लेकर भी भारी मंथन किया गया। शकील अहमद ने बताया कि विधायक की लोकप्रियता के चलते अब ग्रामीण क्षेत्र के मुस्लिम लोग भी पांडे जी का गुणगान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पांडे जी की दूर दृष्टि सोच से आज भी वह लोगों के दिलों में राज कर रहे हैं।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अजीम पुत्र अनीश अहमद, पुत्रवधू यासमीन पत्नी अजीम तथा दो सन्तान पुत्री अनाया उम्र 04 वर्ष, अरहम पुत्र 09 माह को मनमानी करने व बात ना मानने, समझाने पर तथा वाद विवाद करने पर अपनी चल व अंचल संपत्ति से बेदखल कर दोनों से हमेशा हमेशा के लिए सभी रिश्ते नाते खत्म कर लिए हैं। भविष्य में दोनों अपने द्वारा किए गए कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नाजमा पत्नी अनीश**
**निवासी- रजा नगर, बंडिया, थाना किच्छा, जिला उधम सिंह नगर**

## एक नजर

### टिंकू यादव ने किया नौ दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत उप जिला चिकित्सालय बाजपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मण्डल अध्यक्ष टिंकू यादव द्वारा नौ दिव्यांगों को ट्राई साईकिल वित. रित की गई। इस मौके पर भाजपा



जिला मंत्री बिट्टू चौहान, सुल्तानपुर पट्टी मंडल अध्यक्ष गुरमुख सिंह, सभासद मुकेश शाह, शुभम पाण्डेय, बिट्टू सिंह डब, संदीप गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पी.डी. गुप्ता, दलजीत सिंह गौराया आदि थे। इस दौरान आयोजित स्वास्थ्य शिविर में सर्जन डॉ. आशु सिंघल द्वारा मरीजों की जांच कर दवाईयां वितरित की।

### डा. धीरेंद्र मोहन गहलोत ने 50 बेड के अस्पताल की मांग रखी

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर अपर जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीपी सिंह ने औचिक निरीक्षण किया साथ ही मरीज को सभी प्रकार की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की भी दिशा निर्देश दिए।

स्वास्थ्य केंद्र जसपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में आयोजित स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत नि:शुल्क शिविर में पहुंचे अपर जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीपी सिंह ने भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल के साथ शिविर और अस्पताल का निरीक्षण किया इस दौरान सरकार द्वारा जनता को दी जा रही चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराने के चिकित्सा अधीक्षक धीरेंद्र मोहन गहलोत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धीरेंद्र मोहन गहलोत ने अस्पताल में कुछ और विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती करने एवं अस्पताल का उच्चीकरण कर 50 बेड अस्पताल बनाने की मांग भी रखी भाजपा जिला अध्यक्ष एवं एसीएमओ डॉक्टर डीपी सिंह ने शीघ्र ही डॉक्टरों की समस्याओं को दूर करने का भरोसा दिलाया।

### वरिष्ठ भाजपा नेता डा. यूनुस चौधरी ने गुलदार के हमले में घायल का हाल-चाल जाना

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** डाम क्षेत्र में अचानक हुए गुलदार के हमले में गंभीर रूप से घायल मजदूर को भाजपा के वरिष्ठ नेता/वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर यूनुस चौधरी ने अपनी टीम के साथ जाकर हाल-चाल जाना उन्होंने घायल मजदूर के उचित उपचार को लेकर चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही डीएफओ भी को भी मौके पर बुलाकर वन विभाग द्वारा उचित मुआवजा दिलाने के बात कहीं।



विदित हो कि जसपुर क्षेत्र के डाम क्षेत्र में शाम के समय गुलदार ने अपना आतंक मचा रखा है ग्रामीणों ने गुलदार को पकड़ने की मांग वन विभाग के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कर पिंजरा लगाने की मांग की है परंतु अभी तक इस विषय पर वन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है इसी का नतीजा है कि बीती शुक्रवार की शायरी करीब 7:00 बजे मजदूरी कर घर लौट रहे गुरुद्वारे के पास डाम क्षेत्र निवासी शहजाद अली पुत्र युसूफ अली पर एक गुलदार ने अचानक हमला कर दिया एक जिससे वह जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया उसकी चीज पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने गुलदार को भगाकर घायल को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गुलदार के हमले में घायल शहजाद के बारे में पता चलने पर भाजपा परिवार के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी यूनुस चौधरी तत्काल स्वास्थ्य केंद्र जसपुर पहुंचे जहां उन्होंने घायल का उचित उपचार करने के साथ ही फॉरेस्ट डीएफओ को भी इस संबंध में सूचना दी और उन्हें मौके पर आने को कहा डीएफओ अपनी टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने उचित मुआवजे का आश्वा. सन भी दिया यहां डॉक्टर यूनुस चौधरी के अलावा मोहम्मद इकराम चौधरी, फुरकान, अमानत अली, शाहनवाज, मोहम्मद सलमान सिद्दीकी, वसीम सिद्दीकी, जाकिर हुसैन, बृजेश कुमार सत्यपाल सिंह आदि रहे। या।

### ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 22 सितंबर से हो रहा शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** इस फेस्टिव सीजन में अमेजॅन प्राइम मेंबर्स के लिए अमेजॅन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान शानदार मूल्य, सुविधा और आनंद प्रदान करने के लिए कई लाभों के साथ उत्ध्सवों को और भी मजेदार बना रहा है। 22 सितंबर से 24 घंटे पहले एक्ध्सेस के साथ, सदस्य प्राइम फेस्टिव ऑफर्स को एक्ध्सेस कर पाएंगे, जिसमें स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, उपकरणों फैशन, होम एवं किचन,ब्ध्यूटी और अन्ध्य श्रेणियों में मौजूदा फेस्टिव डीलध्स पर 10 प्रतिशत तक की छूट शामिल है।

अमेजन प्राइम इंडिया के डायरेक्ध्टर और हेड, अभिनव अग्रवाल ने कहा, ष्त्योहारी सीजन खुशी और उत्सव मनाने के साथ घर को अपग्रेड करने और प्रियजनों को उपहार देने का सही समय है। प्राइम के साथ, हम सदस्यों को एक ऐसा अनुभव प्रदान करते हैं जो खरीदारी, बचत और मनो. रंजन को एक साथ लाता है।

### शुरू हुई पायते वाली रामलीला पहले दिन नारद मोह की सुंदर लीला का हुआ मंचन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर। दशहरे** पर्व को लेकर शुक्रवार की रात कोसी रोड स्थित पायते वाली रामलीला का शुभारंभ नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई एवं अग्रवाल सभा प्रबंध कार्यकारिणी के संरक्षक उमेश अग्रवाल द्वारा किया गया।उन्होंने रामल. ीला कमेटी के सभी पदाधिकारी का आभार जताते हुए कहा कि आज हम सभी को अपने बच्चों को अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आगे लाना होगा। रामलीला मंचन को मनोरंजन नहीं बल्कि भगवान राम की आदर्श को अपने जीवन में उतरना होगा। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने बताया कि दशहरा पर्व 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा और एमपी इंटर कॉलेज के क्रीड़ा मैदान में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा ।उन्होंने कहा कि पुतला दहन हाईकोर्ट द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत करते हुए कोर्ट के आदेशों का पालन किया जाएगा।



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** देहरादून में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट से भाजपा नेता इंदर सिंह रावत ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ शिष्टाचार भेंट की। भाजपा नेता इंदर सिंह रावत ने बताया कि उन्होंने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अभी से कड़ी मेहनत करने और संगठन को मजबूत करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन और आशीर्वाद हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। इस दौरान पूर्व ब्लॉक प्रमुख अर्जुन कश्यप, पूर्व ब्लॉक प्रमुख देवाल, डॉक्टर दर्शन दानू आदि मौजूद रहे।



# कांग्रेस ने निकाली जन-आक्रोश रैली

■ भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ निकाला गुबार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने कांग्रेसियों/क्षेत्रीय नागरिकों/जनप्रतिनिधियों के साथ बिगड़ती कानून व्यवस्था, खेल स्टेडियम, रोडवेज बस अड्डा, पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना नगर में पेयजल योजना फेज- 2 का क्रियान्वयन करने भोगपुर क्षेत्र/तीरथ नगर डाम को राजस्व ग्राम घोषित करने आदि को लेकर जन आक्रोश रैली निकालकर मांगों से संबंधित मांग पत्र राज्यपाल को संबोधित कर उप जिलाधिकारी जसपुर चतर सिंह चौहान को सौंपा।

शनिवार अफजलगढ़ बस स्टैंड रोड स्थित पृथ्वीराज चौहान चौक में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हैं नेता प्रतिपक्ष/वरिष्ठ कांग्रेसी नेता/विधायक यशपाल आर्य और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व मंगलोर विधायक हाजी काजी निजामुद्दीन ने भी सभा को संबोधित किया। कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार ने युवाओं को रोजगार देने का काम किया था लेकिन भाजपा की सरकार में युवा बेरोजगारी की भयंकर मार झेल रहे हैं। भाजपा सरकार जनता को सपना दिखाकर लूटने का काम कर रही है। सरकार को ना तो स्कूल, अस्पताल ,बेरोजगारी, किसान से कोई लेना-देना है। उनका मतलब तो खनन और जमीनों पर कब्जा करने से है। भाजपा सरकार में अपराध व भू माफिया राज नजर आ रहा है। प्रदेश में पूर्ण रूप से कानून व्यवस्था बिगड़ चुकी है और वह अधिकारी/अफसर शाही बेलगाम होकर हावी हैं। कांग्रेस के शासनकाल में देहरादून और हल्द्वानी में अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की स्थापना की गई थी। कांग्रेस के आयोजनकर्ता व कार्यक्रम के मुख्य आयोजक क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने जसपुर स्टेडियम को मंजूर कर लगभग एक करोड रुपये की धनराशि स्वीकृत कर स्टेडियम का शिलान्यास किया था और चारों ओर चाहरदारी का निर्माण भी कराया, लेकिन भाजपा की सरकार ने आते ही सिडकुल को पैसा रिलीज नहीं किया जिससे स्टेडियम को निरस्त कर दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व विधायक एवं भाजपा पदाधिकारी जसपुर का विकास नहीं चाहती हैं। क्षेत्र के युवाओं को सेना, पुलिस, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेलों में प्रतिभाग करने के लिए सड़कों आदि पर तैयारी करने के लिए दौड़ना पड़ रहा है। इससे पूर्व जन आक्रोश रैली निकाली जिसका समापन सुभाष चौक पर कर मांगों से संबंधित राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जसपुर एसडीएम को सौंपा ।

इस अवसर पर पर प्रदेश महामंत्री संजय पालीवाल, जिला पंचायत सदस्य नईम अहमद, मनोज जोशी, अतिकुर रहमान, गजेंद्र सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष इख्तियार अहमद, बबलू मोइनुद्दीन मजनू ,राजेंद्र सिंह बिट्टू ,मोहम्मद नाजिम, शेख हाशिम अंसारी ,सुखदेव सिंह ,नेता जाकिर हुसैन, हिमांशु नंबरदार, आबिद नूरी, जाकिर नूरी ,नफीस कादरी, संजय चतुर्वेदी, विमल गुड़िया, पूजा सिंह ,संदीप सहगल एडवोकेट, महिमा गहलोत ,सभासद जाकिर हुसैन, आदित्य गहलोत ,धर्मेंद्र सिंह, मोहम्मद हसन, सर्वेश वत्सल ,राहुल चौहान राहुल सिंह ,आफताब आलम समेत सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग ने लगाया विशाल स्वास्थ्य शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सेवा पर्व के अंतर्गत “स्वस्थ नारी ख्र सशक्त परिवार” अभियान के तहत आज नगर निगम हाल, पिथौरागढ़ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक वृहद स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में हल्द्वानी के मैट्रिक्स हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 11 बजे नगर निगम की मेयर कल्पना देवलाल, दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद तथा भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी ने संयुक्त रूप से रिबन काटकर किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसएस नबियाल ने बताया कि कैम्प में कुल 275 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 100 लोगों की यूरिक एसिड जांच, 215 की शुगर जांच तथा 275 लोगों का ब्लड प्रेशर परीक्षण किया गया। शाम 4 बजे तक 210 मरीजों को नि:शुल्क औषधियां वितरित की जा चुकी हैं और यह कैम्प कल भी नगर निगम में स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में संचालित रहेगा। विशेषज्ञ चिकित्सकों में डॉ. प्रदीप पांडे (एम.बी.बी.एस., एम.एस. हड्डी रोग, के.जी.एम.सी. लखनऊ), डॉ. अखिलेश जोशी (एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. न्यूरोसर्जरी) तथा डॉ. प्रियंका पंत (एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी., एम.सी.एच. प्लास्टिक एवं पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा) सम्मिलित रहे। नोडल अधिकारी डॉ. ललित भट्ट ने बताया कि आगामी दिनों में नगर निगम के अन्य वार्डों में भी इस प्रकार के कैम्प आयोजित किए जाएंगे।

एक नजर

# स्टेडियम बनवाने की मांग को लेकर सीएम को ज्ञापन सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** शीघ्र स्टेडियम निर्माण की मांग को लेकर पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट कर 778 युवा खिलाड़ियों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द स्टेडियम निर्माण कराने की मांग की।

प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी खटीमा पहुंचे। यहां पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल व जिला पंचायत सदस्य सन्नी पधान ने मुलाकात कर स्टेडियम निर्माण, रोडवेज बस स्टैंड व क्षेत्रीय विकास के मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन देते हुए जिलाधिकारी को स्टेडियम से जुड़ी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि हमें पूर्ण विश्वास है कि जसपुर के खिलाड़ियों का यह सपना अब शीघ्र ही साकार होगा और युवाओं की ऊर्जा को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, बीजेपी प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा और जिला पंचायत सदस्य सन्नी पधान मौजूद रहे।

# सहकारी समितियों को आवंटित किए जाएं धान क्रय केन्द्र

■ सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति होगी मजबूत

■ मंजीत सिंह ‘राजू’ ने डीएम से वार्ता कर समस्या के समाधान के लिए किया निर्देशित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** किसान हित में बाजपुर ब्लॉक क्षेत्रांतर्गत छ: सहकारी समितियों को दो-दो धान क्रय केन्द्र आवंटित किए जाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय किसानों ने क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. बाजपुर के पूर्व डायरेक्टर विमल शर्मा की अगुवाई में दर्जा गन्ना राज्यमंत्री मंजीत सिंह ‘राजू’ को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि बाजपुर ब्लॉक क्षेत्रांतर्गत समस्त 12 धान क्रय केन्द्र बाजपुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति को आवंटित किए जा रहे हैं, जोकि न्याय संगत नहीं है। बाजपुर सहकारी क्रय-विक्रय समिति लि. बाजपुर में मात्र चार कर्मचारी कार्यरत हैं, जोकि उपरोक्त 12 धान क्रय केन्द्रों को सुचारू रूप से संचालित करने में सक्षम नहीं है। बाजपुर ब्लॉक क्षेत्रांतर्गत छ: सहकारी समितियां हैं, जिन्हें 2-2 धान क्रय केन्द्र आवंटित किये जाने चाहिए। जिससे जहां समस्त सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, वहीं किसान भी असुविधा से बच सकेगें।

दर्जा गन्ना राज्यमंत्री मंजीत सिंह ‘राजू’ ने ऊधम सिंह नगर के डीएम नितिन भदौरिया से वार्ता कर समस्या के समाधान के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर परमपाल सिंह, हरदेव सिंह, निर्मल सिंह, जोगेन्द्र सिंह, करन सिंह, मुख्त्यार सिंह, उपकार सिंह, महेन्द्र सिंह, विकास कुमार, गौरव चौधरी, मेवाराम, नरेश कुमार, सुखदेव सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डीएम के आश्वासन के बाद छात्र आंदोलन समाप्त



■ आदर्श राजकीय महाविद्यालय, देवीधुरा में अपनी मांगों को लेकर छात्र डटे हैं मैदान में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** जनपद में छात्र संघ चुनाव की तैयारियों जोर शोर से शुरू होने के साथ ही शुक्रवार को देर शाम जिलाधिकारी मनीष कुमार द्वारा राजकीय पजी कॉलेज में चल रहे धरना स्थल में जाकर छात्रों को उनकी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिए जाने के बाद छात्रों ने अपना 36 दिनों से चला रहा आंदोलन समाप्त कर दिया।

इस अवसर पर विधायक प्रति. निधि प्रकाश तिवारी, अध्यक्ष गो. विंद वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष गो. विंद सामंत, ब्लॉक प्रमुख महेंद्र ढेक,मोहित पाठक आदि लोगों ने आंदोलन कर रहे। छात्रों को जूस पिलाकर उनका आंदोलन समाप्त करवाया। छात्र संघ के अध्यक्ष ऋतिक ढेक, प्रदेश मीडिया संयोजक विवेक पुजारी, कोषाध्यक्ष साहिल ढेक ने कहा कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं की गई तो वे छात्र संघ चुनावों के परिणामों के बाद शपथ ग्रहण नहीं करेंगे। इस महाविद्यालय में आज तक हुए आंदोलनों में यह सबसे लंबे समय तक चला छात्र आंदोलन था।

उधर बाराही धाम में आदर्श राजकीय महाविद्यालय के छात्रों द्वारा अपने दो सूत्री मांगों को लेकर किया जा रहा धरना प्रदर्शन एवं अनशन 18वे दिन भी जारी रहा। धरना स्थल में पुलिस, मेडिकल टीम आदि छात्रों के स्वास्थ्य पर निगरानी रखे हुए हैं। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष देवेंद्र भट्ट एवं एबीवीपी के पूर्व जिला संयोजक सुदीप चम्याल के अनुसार वह कोई शौक के तौर पर आंदोलन नहीं कर रहे हैं। इस आंदोलन के पीछे यहां के ग्रामीणों का दर्द छुपा हुआ है। जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती है तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा।

उन्होंने इस बात पर रोष प्रकट किया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री द्वारा पूरा किए जाने की घोषणा के बाद भी उसे कार्य रूप न दिया जाना यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। छात्रों के इस आंदोलन को व्यापक जन समर्थन मिला रहा है।

# पुलिस की तगड़ी नाकेबंदी में होगी यूकेएसएससी परीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** रविवार को होने वाली यूकेएसएससी की परीक्षाओं को पूरी पवित्रता के साथ संपन्न करने के लिए पुलिस ने अपनी सारी तैयारियां पूरी कर ली है। बाहर से आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की जांच एवं निगरानी के लिए सड़कों में बैरियर लगाए गए हैं।

चंपावत के सात एवं लोहाघाट के पांच परीक्षा केंद्र के 200 मी के दायरे में धारा 163 लागू करने के साथ इस परिधि में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की दुकानों, फोटो स्टेट, कोचिंग सेंटरो को पूरी तरह बंद करने के साथ उन पर निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के अनुसार लोहाघाट व चंपावत के सभी परीक्षा केंद्रों की सघन निगरानी के लिए लोहाघाट में सीओ वंदना वर्मा एवं चंपावत में सीओ एसएस राणा को नियुक्त किया गया है। इसके अलावा दोनों स्थानों के इंस्पेक्टर प्रभारी परीक्षाओं को पूर्ण पवित्र वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूरी तैयारी कर चुके हैं। एक केंद्र में पांच पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मैदानी क्षेत्र से आने वाले लोडेड बड़े भार वाहन रविवार को सुबह 10:00 बजे बाद ही संचालित हो सकेंगे। ऐसा मैदानी क्षेत्र से आने वाले परीक्षार्थियों को स्वाला डेंजर जोन व अन्य स्थानों में उनके वाहनों के आवागमन में कोई दिक्कत ना हो। आज से ही पुलिस ने सड़कों में बैरियर लगाकर संदिग्ध लोगों के चंपावत एवं लोहाघाट नगरों में प्रवेश पर निगरानी रखी जा रही है। इसके अलावा सभी होटल, ढाबों, रेन बसेरों में पूरी चेकिंग की जा रही है। एसपी के अनुसार सभी पुलिस कर्मियों को बाकायदा पूरी ब्रीफिंग की गई है। सादी वर्दी में महिलाओं एवं पुरुष पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ जगह-जगह खुफिया तंत्र सक्रिय हैं। लोहाघाट के इंस्पेक्टर प्रभारी अशोक कुमार ने प्रत्येक परीक्षा केंद्रों के कक्षों में जाकर पूरी छानबीन कर ली है।

# मां पूर्णागिरी पर्यावरण संरक्षण समिति व एसएसबी के जवानों ने किया संयुक्त रूप से पौधारोपण

■ अध्यक्ष, दीपा देवी के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक पौधे रोपित कर संरक्षित करने का लिया संकल्प




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर (चम्पावत)।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत तमाम सामाजिक संगठनों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को सशस्त्र सीमा बल के जवानों व माँ पूर्णागिरी पर्यावरण संरक्षण समिति ने संयुक्त रूप से ‘मां गरदेवी मंदिर परिसर’ में अध्यक्ष दीपा देवी के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक पौधों को रोपित कर इनको संरक्षित रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर अध्यक्ष दीपा देवी ने बताया 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक पूरे देश में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत समिति द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान और पौध रोपण किया जा रहा है। इस पहल से पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि शनिवार को सिल्ट इजेक्टर के नजदीक ‘मां गरदेवी मंदिर परिसर’ में हमारी समिति और एसएसबी की टीम द्वारा संयुक्त रूप से पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इसके अलावा गेंडाखाली नं 01 और गेंडाखाली नं 03 में ग्रामीण इकाई द्वारा पौध रोपण किया गया।उन्होंने कहा हमारा यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस दौरान 57 वी बटालियन एसएसबी से एसआई अरुण कुमार, स.उ. निरीक्षक हीरा सिंह, निशा प्रधान, रजनेश चोपड़ा, कार्तिक पी, शशि. बंद्रा, सुकेन्द्र सिंह के अलावा मां पूर्णागिरी पर्यावरण संरक्षण समिति अध्यक्ष दीपा देवी, सुनीता सक्सेना, हीरा देवी, आशा देवी, पुष्पलता, मंजू देवी, भगवान देवी, सुनीता देवी, प्रदीप कुमार, मुकेश कुमार प्रहरी के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं दूसरी तरफ गेंडाखाली में गोदावरी देवी, अनीता देवी, गीता देवी ,नेहा देवी ,तुलसी देवी, दीपक चंद्र, जीवंती देवी, सरस्वती देवी,मुकेश कुमार प्रहरी, कमलेश कुमार प्रहरी, सविता देवी, लीला देवी, सुरेश लाल प्रहरी, प्रेम राम कोहली, किशन राम कोहली, कौशल्या देवी, शकुन्तला देवी, बिमला देवी,ऊषा देवी, रूपा देवी, अभिषेक, आशीष आदि मौजूद रहे।

# पहली बार लंबी पैदल दूरी नाप कर बकोड़ा गांव पहुंचे डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार आज 10 किलोमीटर से अधिक लंबी पैदल दूरी तय कर अधिकारियों के दलबल के साथ जिले के दूरस्थ गांव बकोड़ा के ग्रामीणों से रूबरू हुए। अपनी ‘क्विक एक्शन’ की कार्य संस्कृति के लिए विशिष्ट पहचान बना चुके जिलाधिकारी के गांव में आने पर उन्होंने ग्रामीणों से जो आत्मीय रिश्ता जोड़ा उसे देखकर जीवन की जटिलताओं से संघर्ष कर रहे, यहां के लोगों को पक्का यकीन हो गया है कि अब उनके भी अच्छे दिन आएंगे।

पहली बार ग्रामीणों ने अपने बीच किसी जिलाधिकारी को यहां अन्य अधिकारियों के काफिले के साथ देखा। आज सभी अधिकारियों ने भी पहली बार इस गांव को देखा। जिलाधिकारी ने पूरी तरह ग्रामीण परिवेश को आत्मसात करते हुए, जमीन में बैठकर चौपाल लगाते हुए ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने मंच से बकोड़ा सड़क मार्ग के अलावा सीम-चुका से बोकोड़ा तक लिंक सड़क की मांग करते हुए जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को तत्काल सर्वे करने का आदेश दिया। उन्होंने यहां ऐसी भूमि उपलब्ध कराने को भी कहा,जिससे यहां हेलीपैड का निर्माण किया जा सके। जिलाधिकारी ने बकोड़ा गांव को वाइब्रेट विलेज की सूची में शामिल करने के भी तत्काल आदेश दिए।

# खाद्य विभाग ने गदरपुर इंडेन गैस एजेंसी का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने इंडेन गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम के रख रखाव के बारे मे भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने गोदाम मे रखे खाली और भरे सिलेंडरो का भी स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया। निरीक्षण मे सभी कार्य नियमानुसार सही पाए गए। शनिवार को खाद्य अधिकारी मलकीत सिंह के नेतृत्व मे पूर्ति निरीक्षक एवं खाद्य विभाग की टीम ने गदरपुर गैस सर्विस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने गैस गोदाम में रखे खाली और भरे गैस सिलेंडरो का मिलान स्टॉक रजिस्टर से किया जो सही पाया गया। तत्पश्चात टीम ने एजेंसी के अन्य दस्तावेजों की जांच की। इस दौरान उन्होंने एजेंसी और गोदाम पर लगे अग्निशमन यंत्रों का भी गहनता से अवलोकन किया जोकि 2026 तक वैध पाए गए। जांच के दौरान एक उपभोक्ता को कैश एंड कैरी का लाभ भी दिया गया। इस दौरान खाद्य अधिकारी ने बताया कि गैस गोदाम के निरीक्षण के दौरान अत्यधिक मात्रा में 19 केजी व 5 केजी कमर्शियल सिलेंडर रखे होने सख्त नाराजगी जताई गई। जिस पर प्रबंधक गणेश आर्य द्वारा जांच टीम को बताया गया कि इस संबंध में उन्होंने कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों का औपचारिक निरीक्षण करते हुए प्रतिष्ठान स्वामी से वार्ता की थी। जिस पर मलकीत सिंह ने तत्काल गदरपुर गैस सर्विस के प्रबंधक गणेश आर्य को व्यापार मंडल से समन्वय बनाकर इस समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मलकीत सिंह, पूर्ति निरीक्षक चंद्रशेखर कांडपाल, गदरपुर गैस सर्विस के प्रबंधक गणेश आर्य, स्टोर कीपर बसंत बल्लभ कर्नाटक सहित कार्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

# खेल प्रतिभाओं के उत्साह से गूंज उठा विद्यालय परिसर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शक्तिफार्म।** सितारगंज का स्कॉलर वैली इंटरनेशनल विद्यालय शनिवार को खेल प्रतिभाओं के उत्साह से गूंज उठा। अवसर था अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग की ब्लॉक स्तरीय मिनी क्रीड़ा प्रतियोगिता का, जिसमें सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपने कौशल और मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह, बलविंदर सिंह, दया तिवारी, अजय कठायत एवं ग्राम प्रधान हरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप सिंह ने की।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक क्षमता का विकास करते हैं बल्कि अनुशासन, एकजुटता और संघर्ष की भावना भी सिखाते हैं। प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। मैदान के चारों ओर अभिभावकों, शिक्षकों और साथियों की तालियों ने खिलाड़ियों का हौसला कई गुना बढ़ा दिया। बच्चे पूरी ऊर्जा और लगन के साथ दौड़े, कूदे और हर खेल में जीत हासिल करने की जिद के साथ मैदान में उतरे।

बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ : प्रथम तनिष्का आर्य, द्वितीय ख्र अनुष्का विश्वास, 400 मीटर दौड़ : प्रथम दिव्या बिष्ट, द्वितीय फातिमा, 600 मीटर दौड़ : प्रथम आकांक्षा, द्वितीय काजल, बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ : प्रथम वंश सिकदर, द्वितीय आयुष आर्य, 200 मीटर दौड़ : प्रथम रुद्र अग्निहोत्री, द्वितीय सचिन साहनी, 400 मीटर दौड़ : प्रथम गौरव मेवाड़ी, द्वितीय अंशु विश्वास, 600 मीटर दौड़ : प्रथम गौरव मेवाड़ी, द्वितीय आयुष आर्य। इसके अतिरिक्त खो-खो, कबड्डी, चक्का फेंक, गोला फेंक, रिले रेस एवं बाधा दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं, जिनमें बच्चों ने जबरदस्त संघर्ष और टीम भावना का परिचय दिया। ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीत-हार खेल का हिस्सा है, असली खिलाड़ी वही है जो खेल भावना से मैदान में उतरकर पूरे मनोयोग से प्रयास करे। कार्यक्रम का मंच संचालन खिलानंद अटवाल और पंकज राय ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन में निर्णायक के रूप में निमाई चंद माझी, रामानंद राणा, बलवीर सिंह, रामजन्म चौहान, पुष्पेंद्र कटिहार, वीरेंद्र तोमर, अजय क्वीरा, अनिल श्रेष्ठ, विजन बिहार, दिनेश चौहान, परमेश्वरी सहाय, जनार्दन सिंह, खिलेंद्र चौहान, मनोज कुमार, जसूद मेहता और पवन कुमार सहित कई शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नन्ही परी को न्याय दिलाने को उमड़ा जनसैलाब

■ कैंडल मार्च निकालकर लोगों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा।** नन्ही परी को न्याय को लेकर न्यायपालिका के खिलाफ आज शनिवार को बनबसा में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए और नन्ही परी को न्याय को लेकर कैंडल मार्च निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने न्याय कार्यपालिका के खिलाफ नारेबाजी भी की। प्रदर्शन के दौरान न्यायपालिका होश में आओ होश में आओ के नारे गूंज रहे थे। प्रदर्शन के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा।

उल्लेखनीय है कि 20 नवंबर 2014 को हल्द्वानी में एक विवाह समारोह के दौरान सात वर्षीय बच्ची नन्ही परी विवाह समारोह से गायब हो गई थी, जिसका बाद में विवाह समारोह से दूर उसका मृत शरीर बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने नन्ही परी के बलात्कार और हत्या के आरोप में अख्तर अली नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अख्तर अली पर पोक्सो एक्ट और आईपीसी की धारा 376 के तहत केस दर्ज किया। पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत किए गए साक्ष्य के आधार पर स्पेशल कोर्ट ने वर्ष 2016 में अख्तर अली को फांसी की सजा सुनाई। स्पेशल कोर्ट के इस फैसले को 2019 में हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा। इसके बाद अख्तर अली सुप्रीम कोर्ट चला गया। अख्तर अली को कुछ दिनों पूर्व ही सुप्रीम कोर्ट ने सबूत के अभाव में बरी कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सैकड़ों की संख्या में सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया और न्यायपालिका के खिलाफ नारेबाजी की। इसके साथ ही प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से सुप्रीम कोर्ट में नन्ही परी को न्याय दिलाने के लिए रिव्यू पिटिशन डालने का आग्रह भी किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला प्रदर्शनकारी भी शामिल थी, जो क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहर से प्रदर्शन में शामिल होने के लिए आई थीं।

# लोन दिलाने के नाम पर पीएसी कर्मी से 3.75 लाख ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की

**रुद्रपुर।** प्रीत विहार निवासी एक पीएसी जवान से लोन दिलाने का झांसा देकर साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रीत विहार वार्ड 25 निवासी गरीब दास पुत्र स्व. रामलाल पीएसी की 46वीं बटालियन में चालक पद पर कार्यरत हैं। गरीब दास ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वर्ष 2024 में उन्होंने अपने पुत्र का जाति प्रमाणपत्र बनवाने के लिए तहसील रुद्रपुर में संपर्क किया। इसी दौरान गांधी कॉलोनी निवासी मोहम्मद सलीम से उनकी मुलाकात हुई। आरोप है कि सलीम ने तहसील में अपनी जान-पहचान का हवाला देकर प्रमाणपत्र जल्दी बनवाने का भरोसा दिलाया और 2100 लेकर जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध भी करा दिया। इससे उसका विश्वास सलीम पर बढ़ गया। इसके बाद आरोपी ने पीड़ित को उनकी पत्नी के नाम पर सब्सिडी वाला लोन दिलाने का झांसा दिया और पंजाब नेशनल बैंक से अच्छे संबंध होने का दावा किया। आर्थिक तंगी झेल रहे गरीब दास उसकी बातों में आ गए और मार्जिन मनी के नाम पर अलग-अलग किस्तों में करीब 3,75,402 रुपये आरोपी को खाते में ट्रांसफर करने व नगद देने के अलावा तीन ब्लैंक चेक भी सौंप दिए। पीड़ित के अनुसार 19 दिसंबर 2024 को सलीम तीन अज्ञात व्यक्तियों को साथ लेकर उनके घर पहुंचा और उन्हें बैंक कर्मचारी बताकर सत्यापन शुल्क की मांग की। बाद में जब पीड़ित ने पंजाब नेशनल बैंक जाकर जानकारी ली तो पता चला कि उनकी पत्नी के नाम से कोई लोन स्वीकृत ही नहीं हुआ है और न ही कोई राशि जमा की गई है। धोखाधड़ी का पर्दाफाश होने पर जब पीड़ित ने आरोपी से पैसे लौटाने की मांग की तो सलीम ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के साथ जान से मारने की धमकी भी दी। इस दौरान मोहल्ले के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो उनके साथ भी गाली-गलौच की गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मोहम्मद सलीम खान के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और एससी-एसटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रो. साहू विश्व के 2 फीसदी शोधकर्ताओं में शुमार

## उपलब्धि पर कुमाऊं विश्वविद्यालय परिवार में खुशी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के रसायन विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. नंदा गोपाल साहू ने लगातार पिछले 6 वर्षों से वैश्विक स्तर पर अपनी शोध उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की विश्व के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिक 2024 सूची में स्थान बनाए रखा है। बता दें कि यह प्रतिष्ठित सूची दो प्रकार की रैंकिंग प्रदान करती है–सिंगल ईयर (2024) जो केवल वर्ष 2024 के शोध प्रभाव को दर्शाती है और करियर लॉन्ग जो पूरे शोध जीवन के कुल योगदान का सूचक है। 2024 में प्रो. साहू का सिंगल ईयर रैंक पाल. ीमर विज्ञान में 632 और नैनोसाइंस



एवं नैनोटेक्नोलॉजी में 761 रहा जबकि करियर लॉन्ग रैंक क्रमश: 2090 और 1891 है। उनके प्रयोगात्मक और सैद्धांतिक अनुसंधान ने कई उच्च प्रभाव वाले अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित होकर वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में उन्हें मान्यता दिलाई है। प्रो. साहू की शोध रुचियाँ विशेष रूप से पॉलीमर और नैनो सामग्री, ऊर्जा भंडारण प्रणालियाँ, पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ रसायन प्रक्रियाएँ और उन्नत सामग्रियों के विकास पर केंद्रित हैं। उनके कार्य ने न केवल अकादमिक क्षेत्र में बल्कि समाज के लिए भी कई लाभ प्रस्तुत किए हैं। इस महत्वपूर्ण कामयाबी पर कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत, रजिस्ट्रार डा.मंगल सिंह मंद्रवाल, विज्ञान संकाय के डीन समेत रसायन विभाग, कूटा अध्यक्ष तथा विजेंटिंग प्रोफेसर डायरेटोरेट के डायरेकटर प्रो. ललित तिवारी ने प्रो. नंद गोपाल साहू को हार्दिक बधाई दी और उनके निरंतर उत्कृष्ट शोध प्रयासों की सराहना की।

## स्कूल परिसर में भिड़े छात्र चोटिल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल में दो छात्र भिड़ गए। मारपीट में दोनों चोटिल हो गए। शिक्षकों ने बीच बचाव कर दोनों को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में उपचार दिलाया। जानकारी के अनुसार शहर के तल्लीताल क्षेत्र स्थित स्कूल में पढने वाले नौवीं के छात्रों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वह स्कूल की छुट्टी के बाद विद्यालय परिसर में ही भिड़ गए। धक्का मुक्की के दौरान एक का सिर लोहे के पोल से टकरा गया और वह चोटिल हो गया। शिक्षकों ने बीच बचाव कर किसी तरह झगड़ा शांत किया। जिसके बाद छात्रों को बीडी पांडे अस्पताल लाया गया। मामले में जिला अस्पताल के पीएमएस डा. तरुण कुमार टम्टा ने बताया कि दोनों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

# शोध आधारित युग में लगातार बढ़ रहा है आईपीआर का महत्व

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबीप परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा है कि आज के शोध आधारित युग में आईपीआर का महत्व लगातार बढ़ रहा है। यह न केवल नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहन देता है बल्कि आविष्कारों और नई खोजों की कानूनी सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। प्रो.तिवारी ने यह विचार शनिवार को एससीएसएस गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कापकोट बागेश्वर द्वारा रोल ऑफ इंटीलेटुअल प्रॉपर्टी राइट्स इन फोस्टरिंग इनोवेशन विषय पर आयोजित एक विशेष ऑनलाइन व्याखयान में बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए।अपने व्याखयान में प्रो. तिवारी ने पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, डिजाइन, ज्योग्राफिकल इंडिकेशन्स और ट्रेड सीक्रेट जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आईपीआर जैसे पेटेंट, कॉपीराइट और ट्रेडमार्क से किसी व्यक्ति या कंपनी को अपने विचार और काम पर कानूनी हक मिल जाता है। उदाहरण के लिए मैगी का नाम और स्वाद नेस्ले कंपनी का ट्रेडमार्क है। एआर रहमान के गानों और धुनों पर उनका कॉपीराइट है, कोई और बिना अनुमति उनका इस्तेमाल नहीं कर सकता। कोका-कोला की खास रेसिपी और उसका लोगो पेटेंट और ट्रेडमार्क से सुरक्षित है। मैकडॉनल्ड्स का नाम और लोगो ट्रेडमार्क के तहत सुरक्षित है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि यदि छात्र व शोधकर्ता और अध्यापक समय रहते आईपीआर की बारीकियों को समझें और उनका सही उपयोग करें तो वे न केवल अपनी कामयाबियों की रक्षा कर सकते हैं बल्कि स्टार्ट अप तथा उद्यमिता और शैक्षणिक विकास में भी बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं और संकाय सदस्यों ने व्याख्यान को अत्यंत प्रेरणादायक और उपयोगी बताया।

## एक नजर....

### डीएसबी परिसर के छात्रावासों का निरीक्षण

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने परिसर के कलावती पंत तथा गौर देवी छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समस्याओं के निदान के निर्देश दिए। प्रो. पंत ने छात्रावास के छात्रों से उनकी समस्याओं के लिए बातचीत भी की। उन्होंने फील्ड का काम शुरू करने तथा साफ सफाई का निरीक्षण भी किया। इस दौरान प्रो. पंत ने कहा कि छात्र संघ चुनाव के दौरान छात्रावासी अनुशासन को शीर्ष प्राथमिकता दें कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे छात्रावास की गरिमा को ठेस पहुंचे। निरीक्षण के दौरान निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर डायरेटरेट प्रो. ललित तिवारी समेत प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. नीलू लो. धियाल, डा. अशोक कुमार, डा. हिमांशु लोहनी सहित विद्यार्थी रहे।

### नैनीताल समाचार की निबंध प्रतियोगिता आज

**नैनीताल।** नैनीताल समाचार की निबंध प्रतियोगिता विगत वर्ष की भांति इस बार भी चेतराम साह ठुलघरिया इंटर कॉलेज में रविवार (आज) को प्रात: 11 बजे से होगी। बता दें कि वर्ष 1992 से प्रारंभ हुई इस प्रतियोगिता का यह 391वाँ संस्करण है। नैनीताल बैंक के आर्थिक सहयोग से होने वाली इस प्रतियोगिता में तीन वर्ग होते हैं कनिष्ठ (कक्षा 4 से लेकर 6 तक), मध्यम (कक्षा 7 से लेकर 9 तक) तथा वरिष्ठ (कक्षा 10 से लेकर 12 तक)। प्रतियोगियों को विषय ठीक प्रतियोगिता शुरू होते समय दिये जाते हैं। नैनीताल नगर और आसपास खुर्पाताल, ज्योलीकोट तथा भवाली, भीमताल से भी बच्चे उत्साहपूर्वक इस प्रतियोगिता में भागीदारी करते हैं। आयोजकों के मुताबिक प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

### छात्र-छात्राओं ने की उत्कृष्ट सफलता हासिल

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के छात्र-छात्राओं ने कई प्रतियोगी परीक्षाओं में कामयाबी हासिल की है। डीएसबी परिसर प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक सांख्यिांकी अधिकारी शोध अधिकारी पद के लिए गणित विभाग के रोहित कुमार,नरेंद्र विश्वास,किशन दानी और दीपा थुवाल का चयन हुआ है। इसके साथ ही सहायक सांख्यिकी अधिकारी पद के लिए सुमन तथा अन्वेषक कम संगणक पद के लिए अल्का खाती वहीं वाणिज्य विभाग के डा. गौतम रावत का चयन भी सहायक सांखियकी अधिकारी के रूप में हुआ है। कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने इन सभी चयनित छात्रों और संकाय सदस्य को उनकी कामयाबी पर हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विश्वविद्यालय के शिक्षकों एवं विभागीय सहयोगियों ने भी सभी चयनित छात्रों को इस कामयाबी पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### अवैध निर्माण और कटान पर कार्रवाइ

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल में राजस्व विभाग ने शनिवार को अवैध निर्माण और अवैध कटान पर कार्रवाई करते हुए ना केवल चालान की कार्यवाही की बल्कि अवैध रूप से खनन कर रही जेसीबी को भी सीज कर दिया। मामले में उप जिलाधिकारी नवाजिश खालिक ने बताया क्षेत्र में लगात भूमि पर अवैध कबजा ओर पेड़ों के कटान की शिकायत मिल रही थी, जिसको देखते हुए राजस्व विभाग नैनीताल के कानूनगो हेतराम ममगई के नेतृत्व में भीमताल के ग्राम सोनगांव की पहाड़ियों में अवैध निर्माण के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई। बताया कि सोनगांव में बांझ के पेड़ काटकर अवैध निर्माण की सूचना मिली थी। जांच कराने पर पता चला कि सोनगांव में कुमाऊं विश्वविद्यालय की ब्रांच के बगल में बांज के करीब 25 पेड़ों को काटा जा चुका है। अवैध निर्माण के लिए अधिक संखया में बांज के पेड़ काटे जाने का आंकलन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि नाजिम ठेकेदार की जेसीबी को सीज कर दिया गया है। सोनगांव का निर्माण वाला क्षेत्र गधेरे के जद में है। भीमताल का बड़ा समुदाय कई समय से पेड़ लगाने का कार्य कर रहा है। बड़े पैमाने पर अवैध कटान का लोगों में रोष है। निरीक्षण करने वाली टीम में राजस्व उप निरीक्षक राकेश कठैत समेत जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के जेई अंकित बोरा आदि मौजूद थे।

### मारपीट करने पर तीन के खिलाफ कार्रवाई

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में देर रात कुछ लोगों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट करने पर पुलिस ने तीन के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल क्षेत्र में देर रात किसी बात को लेकर कुछ लोगों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो धक्का मुक्की हो गई। इस दौरान गाली गलौच और धक्का मुक्की मारपीट में बदल गई। मारपीट की सूचना लोगों ने पुलिस को दे दी। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत किया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मारपीट कर हुड़दंग काटने पर मल्लीताल निवासी महेश, रविंद्र व महेश के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

### माल रोड में बंदर कई राहगीरों पर झपटे

**नैनीताल।** नैनीताल की शान समझी जाने वाली माल रोड पर शनिवार को बंदर कई राहगीरों पर झपट गए। गनीमत रही कि कोई राहगीर घायल नहीं हुए लेकिन बंदरों की डर से राहगीर भागते नजर आए। बता दें कि शनिवार को अपराह्न करीब ढाई बजे लेक ब्रिज चुंगी से दो सौ मीटर आगे नैनी झील किनारे पेड़ों पर बंदरों का झुंड बैठा था। इस दौरान एक बंदर पेड़ से उतरकर सड़क पर बैठ गया। इस दौरान वह वहां से गुजरते व्यक्ति को झपट गया। हल्ला करने पर बंदर थोड़ा आगे बढ़ गया। जिसके बाद वह पर्यटकों पर झपटा और स्कूली बच्चों के पीछे भी दौड़ा। बंदर की डर से लोगों ने अपना रास्ता बदल लिया। जिसके बाद कुछ युवकों ने छाते से बंदर को भगाया। ऐसे ही शहर के कई क्षेत्रों में इन दिनों बंदर लोगों को परेशान कर रहे हैं।

# बिजली लाइन में धमाका

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित पुराना घोड़ा स्टेंड के समीप बिजली लाइन में स्पार्किंग व तेज धमाके के साथ क्षेत्र के लाइट चली, वहीं धमाके की आवाज सुन महिला गिरकर चोटिल हो गई। अस्पताल में उपचार के बाद उसे जांच के लिए हल्द्वानी भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर में आर्य समाज मंदिर के समीप बिजली की लाइन में स्पार्किंग होने से तेज धमाका हुआ तो लाइट चली गई। इस दौरान सात नंबर निवासी भोजन माता चंपा देवी नगर पालिका के पीछे स्थित स्कूल में बर्तन धो रही थी। वह बिजली की लाइन में स्पार्किंग के साथ तेज धमाके से डरकर असंतुलित होकर गिर गई। इस दौरान उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। स्पार्किंग होने की शिकायत पर उर्जा निगम एडीओ प्रियंक पांडे कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। वह महिला को तत्काल बीडी पांडे अस्पताल लेकर गए। जिला अस्पताल के चिकित्सक डा. अनिरुद्ध गंगोला ने बताया कि महिला के सिर पर गंभीर चोट है।

### क्षेत्र में एक सप्ताह में दूसरा हादसा

**नैनीताल।** पुराना घोड़ा स्टैंड के समीप बिजली की लाइन में बीते एक सप्ताह में स्पार्किंग व धमाका होने का यह दूसरा मामला है। जो राहगीरों के लिए भी खतरा बना हुआ है। शनिवार को लाइन में स्पार्किंग होने से मल्लीताल क्षेत्र में बिजली आपूर्ति घंटो बाधित रही। शाम पांच बजे बाद उर्जा निगम कर्मियों ने लाइन में फाल्ट ढूंढा। एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि बंदर या लंगूर के कूदने से दो लाइनों के टकराने के कारण स्पार्किंग हुई थी। जिससे जंफर फट गया था। बताया कि अब विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

## तल्लीताल में सीवर बहने से लोग परेशान

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल डांठ पर सुलभ शौंचालय के समीप रास्ते के किनारे सीवर बहने से राहगीर परेशान रहे। लोगों की शिकायत पर जल संस्थान ने समस्या का समाधान किया। जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह से तल्लीताल सुलभ शौचालय के समीप सड़क किनारे सीवर बह रहा था। सीवर बहते हुए सड़क पर जा पहुंचा। जिससे राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिसकी शिकायत लोगों ने सोशल मीडिया और फोन के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को की। शिकायत के बाद विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जल संस्थान के सहायक अभियंता डीएस बिष्ट ने बताया कि लाइन चोक होने के चलते सीवर बहने की समस्या सामने आई थी। समस्या का समाधान कर दिया गया है।

# एबीवीपी से तनिष्क अध्यक्ष प्रत्याशी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नैनीताल स्थित डीएसबी कैंपस में छात्रसंघ अध्यक्ष पद के लिए तनिष्क मेहरा को अपना आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया है। तनिष्क मेहरा को जिम्मेदारी मिलने के बाद एबीवीपी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। एबीवीपी कार्यकर्ताओं का कहना है कि तनिष्क मेहरा छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और कैंपस में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। दूसरी ओर तनिष्क मेहरा का कहना है मैं हर उस मुद्दे पर छात्रों की आवाज बनूंगा जो अब तक अनसुना रह गया है। कैंपस के विकास और छात्र हितों की रक्षा के लिए हमेशा अग्रसर रहूंगा।

## एबीवीपी के कार्यकताओं ने किया मिष्ठान वितरण

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर में छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्र नेताओं उत्साह देखने को मिल रहा है। छात्र अलग-अलग रंगों को भगवा, पीला, महरून तथा हरा व काला आदि रंगों के झंडे लेकर चुनावी मैदान में उतरे हैं। एबीवपी से तनिष्क को प्रत्याशी घोषित होने पर कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष पंकज भट्ट, मोहित पंत, उत्कर्ष बिष्ट, पार्थ साह, मनकरन सिंह व देव चौहान आदि मौजूर रहे।

### उपाध्याय प्रत्याशी ने परिसर में निकाली महारैली

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर में शनिवार को डीएसबी परिसर में उपाध्यक्ष प्रत्याशी दिनेश चंद्रा ने रैली का आयोजन कर परिसर में अपने प्रचार के साथ ही छात्र छात्राओं से वार्ता की। दिनेश चंद्रा ने कहा कि वह छात्र राजनीति में छात्र हितों के लिए आए हैं, उनके मुखय चुनावी मुद्दे परिसर में छात्रों को समय से किसकी भी कार्यक्रम या विभागीय सूचना नहीं मिलना है, जिसके लिए परिसर में डिजिटल सूचना बोर्ड की सुविधा मुहैया कराना, परिसर में महिला सुरक्षा के लिए से सीसीटीवी लगवाना आदि हैं। इस दौरान कमलेश चंद्र, हिमांशु आर्या, ज्योति प्रकाश, शेखर चंद्र, तिलक कुमार आदि मौजूद रहे।

# जीआईसी खैरना में लगा विधिक शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सी.डि. )/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल के द्वारा शनिवार को राष्ट्र निशान जागरूकता अभियान (राष्ट्रीय प्रतीक जागरूकता मिशन) के तहत पंडित गोविन्द बल्लभ पंत राजकीय इंटर कॉलेज खैरना गरमपानी में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य राजीव सिंह द्वारा सिविल जज (सी.डि.)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल का स्वागत अभिनंदन किया गया, जिसके बाद छात्रों द्वारा स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। शिविर मे सचिव ने बताया कि राष्ट्र निशान जागरूकता अभियान



(राष्ट्रीय प्रतीक जागरूकता मिशन) जैसे राष्ट्रीय निशान वे प्रतीक होते हैं जो राष्ट्र की सांस्कृतिक व ऐतिहा. सिक और संवैधानिक पहचान को दर्शाता हैं। भारत के प्रमुख राष्ट्रीय प्रतीकों में शामिल हैं राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा राष्ट्रीय चिह्न (सिंह स्तंभ) राष्ट्रगान (जन गण मन) तथा राष्ट्रीय गीत (वंदे मातरम) राष्ट्रीय पक्षी (मोर), राष्ट्रीय फूल (कमलऋ तथा राष्ट्रीय वृक्ष (बरगद) है। इन सभी प्रतीकों का भारतीय संविधान, परपरा और संस्कृति से गहरा संबन्ध हैं। एक राष्ट्र की पहचान उसके इतिहारए संस्कृति और राष्ट्रीय प्रतीकों से होती है, हमारे देश भारत की गरिमा को दर्शाने वाले प्रतीक न केवल हमारी एकता के प्रतीक है बल्कि यह हमारे गर्व व सममान और देशभक्ति की भावना को भी उजागर करते हैं। यह प्रतीक केवल पहचान का माध्यम नहीं बल्कि राष्ट्र की एकता, अखण्डता तथा गौरव और आत्मा का प्रतीक होते हैं। इन्हीं प्रतीकों के प्रति सममान और जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय निशान जागरुकता अभियान चलाया जाता है। यह एक ऐसा जन सहभागिता अभियान है जिसका उद्देश्य देश के नागरिकों को राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति सममान तथा समय और सही उपयोग की भावना को बढ़ाना है। शिविर में सचिव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य प्रणाली व महिलाओ कों घरेलू हिंसा, पाकसों एकट, दहेज उत्पीड़न, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, राहवीर योजना समेत अन्य विधिक जानकारी छात्र छात्रों को दी तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य प्रणाली के बारे में बताया। शिविर में प्रधानाचार्य राजीव सिह समेत पीएलबी यशवंत कुमार, सजय कुमार व अन्य शिक्षक शिक्षिकायें उपस्थित रहे।

# न्याय पंचायत स्तरीय विद्यालयी खेलकूद हुए

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के दूरस्थ ओखलकान्डा विकास खंड के अन्तर्गत न्याय पंचायत स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रैकुना में शनिवार को किया गया। बता दें प्रतियोगिता में न्याय पंचायत तुषराड के समस्त विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रति. निधि भूपाल सिंह, ग्राम प्रधान रैकुना भुवन टमटा एवं पूर्व प्रधान थलाडी गणेश सिंह द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को मैडल देकर सममानित किया गया एवं भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई। प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों को विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता में 24 सितंबर बुधवार को राजकीय इंटर कालेज ओखलकान्डा में प्रतिभाग करना है। उक्त प्रतियोगिता में मेजबान विद्यालय रैकुना उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक लाल बहादुर ने सभी उपस्थित छात्र छात्राओं व अध्यापकों और जनप्रतिनिधियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों से आये अध्यापकों में गोपाल सिंह बिष्ट समन्वयक एनपीआरसी तुषराड, हीरा बल्लभ भट्ट, विनय पलड़िया, हरीश चंद्र सिंह नयाल, खीम सिंह बोहरा, भुवन चंद्र, रमेश चंद्र, कमलेश चन्द्र, अनिल बहुगुणा, गौरव सिंह गोस्वामी, नवीन चन्द्र जोशी,चन्दन सिंह, लाल सिंह रमौला तथा भुवनेश्वर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने जनसमस्याएं सुनीं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भीमताल बलाक के ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने शनिवार को ब्लाक के आपदाग्रस्त क्षेत्र ग्राम बजून के तोक दुधली का विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। विभागीय अधिका. रियों को ग्रामीणों की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए साथ ही जल्द से जल्द मार्ग खोलने के निर्देश दिए। डा. बिष्ट ने कहा कि ग्रामीणों को रोजमर्रा के सामान के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। डा. बिष्ट ने आपदा से पीड़ित भूपाल सिंह ढैला, पूरन सिंह ढैला व हरेंद्र सिंह ढैला के परिवारों से मुलाक. ात की। प्रमुख ने पीड़ित परिवारों को कृषि, विद्युत, पेयजल आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए। बलॉक प्रमुख ने



ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। कहा प्रदेश सरकार पीड़ितों की हर संभव मदद करेगी। कृषि विभाग की ओर से खेतों को ठीक किया जाएगा। पशुपालन विभाग द्वारा भी शीघ्र प्रभावित परिवारों के गौवंश का बीमा एवं सहायता दी जाएगी। इस दौरान ग्राम प्रधान जानकी देवी, प्रेमा मेहरा, खुशाल बिष्ट, गोविंद अधिकारी, हेम, योगेश्वर सिंह तथा क्षेत्र पंचायत सदस्य मुकेश मेहरा, गणेश बिष्ट, मयंक पंत, राजू मनराल, बीडीओ प्रदीप पंत, उत्तम नाथ गोस्वामी, वीडीओ किरन कोछड़ तथा सहायक अभियंता गोविंद जनौटी मौजूद थे।

# मदरसा का ताला खुला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** कालाढूंगी के वार्ड नंबर चार में स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया तालीमुल कुरान मदरसे में लगा ताला प्रशासन की टीम ने शनिवार को खोल दिया। शासन के निर्देश पर दस्तावेज पूर्ण न होने की वजह से 06 महीने पहले इस मदरसे को सील कर दिया गया था, तथा मदरसे के दस्तावेज दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए थे। फिलहाल अब उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में मदरसे के भवनों में लगे सील को खोल दिया गया है, लेकिन पढ़ाई के लिए अलग से अनुमति लेने के भी निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक टीम में पहुंचीं तहसीलदार मनीषा मड़काना ने मदरसा कमेटी से कहा कि जब तक पढ़ाई के लिए अनुमति नहीं मिलेगी तब तक यहां पढ़ाई कार्य बंद रहेगा। इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जसविंदर सिंह, हल्का पटवारी आशुतोष चंद्र, इमरान खान, नगर पालिका से भूपाल सिंह बोरा, मदरसा कमेटी के हाजी जलील अहमद, जुल्फिकार सहित नईम अहमद आदि उपस्थित रहे।



# मानसखंड चित्रकला व ऐपण प्रदर्शनी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित नैनी महिला जागृति संस्था नैनीताल द्वारा आयोजित मानसखंड चित्रकला एवं ऐपण प्रदर्शनी का आयोजन शनिवार को नैनीताल कलब में किया गया। कार्यक्रम में मुखय अतिथि समाजस. ेवी एवं महामंत्री भाजपा आशीष बजाज तथा विशिष्ट अतिथि प्राची आर्या प्रबंधक केनरा बैंक, अमिता साह, मीनू बुधलाकोटी ने प्रतिभागियों के लोक कला संरक्षण के प्रयासों की सराहना की।

आयोजक समिति ने कार्यशाला को स्वर्गीय गंगा प्रसाद शाह को समर्पित किया एवं लोक कला के संरक्षण हेतु उनके प्रयासों को प्रतिभागियों से साझा भी किया। शुचि जोशी द्वारा स्व गंगा प्रसाद साह को समर्पित धुलर्ग चौकी का प्रदर्शन कार्यशाला में किया



गया। निर्णायक पारुमीता साह एवं अध्यक्ष मंजू रौतेला ने मानसखंड चित्रकला एवं ऐपण की परंपरागत बारीकियों से प्रतिभागियों को अवगत कराया।

इसके साथ ही प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी मौके पर ही किया गया। इस दौरान भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, एमएलसाह बाल विद्या मंदिर, जीजीआईसी तथा राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक निशांत विद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। संचालन नीरज बिष्ट ने किया।इस दौरान आयोजक सचिव हरीश राणा, संस्था की वरिष्ठ सदस्य अशरफ जहां, आशीष साह, विशाल वर्मा, पवन साह, सागर बिष्ट, सूरज रावल, युवराज करायत, प्रियांशु कुमार, दुर्गासा जैन, आयुषी वर्मा, भूमिका थापा, चेतना, प्रिंसी वर्मा, दीक्षा पांडे तथा पल्लवी बिष्ट ने कार्यशाला में प्रतिभाग किया।

# नैन्सी कॉन्वेंट में रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**


**नैनीताल।** सुशीला तिवारी सरकारी अस्पताल हल्द्वानी के सहयोग से शनिवार को नैन्सी कॉन्वेंट समूह विद्यालय ज्योलीकोट में इस वर्ष भी प्रतिवर्ष की भाँति भव्य रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। विद्यालय के निदेशक डा. संजय कुमार सिंह ने शिविर में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले सभी गुरुजनों व विद्यार्थियों और चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों की भावना विकसित करते हैं। प्रबंध निदेशक इंजीनियर आईपी सिंह ने सभी रक्तदाताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि रक्तदान समाज सेवा का सबसे बड़ा दान है और प्रत्येक व्यक्ति को समय.समय पर इसे करना चाहिए। चिकित्सक दल ने रक्तदान को जीवन रक्षक महादान बताते हुए विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों की सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि नैन्सी कॉन्वेंट समूह विद्यालय द्वारा आयोजित यह शिविर समाज के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम का समापन सभी रक्तदाताओं और सहयोगियों को आभार ज्ञापन देकर किया गया।




# शेरवुड, बसंत वैली ओवरऑल चैंपियन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित शेरवुड कालेज में 13वीं लबलीन नेशनल इंटर स्कूल क्विज व वाद-विवाद प्रतियोगिता में शेरवुड कालेज व बसंत वैली स्कूल दिल्ली ने संयुक्त रूप से आलओवर ट्राफी अपने नाम की। राष्ट्रीय सैन्य कालेज देहरादून दूसरे स्थान पर रहा। विद्यालय प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने विज. ेताओं को ट्राफी प्रदान की। विद्यालय सभागार में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों के प्रख्यात विद्यालयों ने लिया लिया और अपनी प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ लिखित परीक्षा से हुआ और छ: टीमें क्वालीफाई कर पाई। जिसमें पाइन ग्रोव मंसूरी, मार्डन स्कूल बाराखंभा दिल्ली, शेरवुड कालेज नैनीताल, बसन्त वैली दिल्ली, राष्ट्रीय सैन्य कालेज देहरादून व सेकरेट हार्ट लुधियाना दूसरे राउंड में पहुंच पाई और फाइनल मुकाबला कांटे का रहा जिसमें शेरवुड कालेज नैनीताल व बसंत वैली स्कूल दिल्ली ने बराबर अंक हासिल किए। राष्ट्रीय सैन्य कालेज देहरादून प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने में कामयाब रही।




प्रधानाचार्य अमनद. ीप संधु ने विजेताओं को ट्राफी प्रदान करते हुए कहा कि शेरवुड के पूर्व प्रधानाचार्य लबलीन की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता में देश के प्रतिष्ठित पबलिक स्कूलों के विद्यार्थियों को मंच प्रदान किया जाता है जिससे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा के आंकलन करने का पता चल पाता है। प्रतियोगिता के क्विज मास्टर आनन्द पाल सिंह थे जबकि बासु साह स्कोरर थे। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र व शिक्षक उपस्थित रहे।

## 612 का टीकाकरण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत शनिवार को जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदि. रों व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेतालघाट में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जहां 6187 लोगो का पंजीकरण किया। इस दौरान डाक्टरों ने 860 लोगों की खून की जांच की, जिसमें 123 गर्भवती महिला शामिल थीं। इसके साथ ही साथ 71 गर्भवती महिलाओं समेत 612 लोगों का टीकाकरण किया गया, वहीं 2122 का बीपी की जांच की। इसके अलावा 1351 की ओरल कैंसर स्क्रिनिंग वहीं 418 की टीबी स्क्रिनिंग की गई साथ ही 19 आयुष्मान कार्ड बनाये गये। सीएमओ डा. एचसी पंत ने बताया कि अभियान के तहत 22 सितंबर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालाढूंगी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खन्स्यु में स्वास्थ्य शि. विर का आयोजन किया जाएगा।

# रामलीला का मंचन होगा 22 से लेकर 3 अक्टूबर तक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर की प्रतिष्ठित श्री राम सेवक सभा द्वारा श्री रामलीला महोत्सव का मंचन 22 सितंबर सोमवार से लेकर आगामी 3 अक्टूबर शुक्रवार तक किया जाएगा, जबकि वीरवार को विजयादशमी का आयोजन किया जाएगा तथा 3 अक्टूबर को श्री राम राज्याभिषेक संपन्न होगा। इस संदर्भ में शनिवार को श्री राम सेवक सभा कार्यकारिणी की बैठक सभा के अध्यक्ष मनोज साह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में यह भी तय हुआ कि विजयादशमी पर श्री राम को समर्पित भजन संध्या तथा सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया जायेगा। तय हुआ कि 24 सितंबर बुधवार को श्री राम बारात का भव्य आयोजन किया जाएगा तथा सभा द्वारा राम बारात में सभी राम अनुरागी को आमंत्रित किया है। अध्यक्ष मनोज साह ने बताया श्री राम बारात 6 बजे सायं सभा भवन से प्रारंभ होगी। सभा भवन में रामलीला की तालीम की जा रही है जिसमें अधिकाश पात्र की भूमिका में मातृ शक्ति तथा बालिकाएं नजर आयेगी, गिरीश भट्ट तथा सतीश पांडे ने नेतृत्व में ये बाल कलाकार तालीम में अभयास कर रहे हैं। सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने बताया कि श्री नंदा देवी महोत्सव में विशेष कार्य सहयोग के लिए मातृ शक्ति का सममान समारोह 23 सितंबर मंगलवार को सभा भवन में अपराह्न 2.30 बजे आयोजित किया गया है। बैठक का संचालन सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने किया। अंत में उन्होंने सभी का आभार जताया।

# भारत को पाक के पलटवार से सतर्क रहना होगा




● यह मुकाबला सिर्फ एक आम खेल नहीं है, यह एक उत्सव एक भव्य रंगमंच है जहां भावनाएं तंदूर से भी ज्यादा तेज होंगी

| भारत की संभावित एकादश | पाक की संभावित एकादश |
|---|---|
| अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती | साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), फखर जमान, सलमान आगा (कप्तान), हसन नवाज, मोहम्मद नवाज, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, हारिस रऊफ, अबरार अहमद |

**दुबई, वार्ता।** सट्टेबाजों ने रविवार को दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मुकाबले में भारत की जीत की संभावना लगभग 80 प्रतिशत बताई है, लेकिन क्रिकेट, जिंदगी की तरह, शानदार अनिश्चितताओं से भरा है। और पाकिस्तान का चंचल स्वभाव उसे गन्ने के खेत में कोबरा जितना खतरनाक बनाता है। यह मुकाबला सिर्फ एक आम खेल नहीं है। यह एक उत्सव है, एक भव्य रंगमंच है जहां भावनाएं तंदूर से भी ज्यादा तेज होंगी। टिकट किसी पंजाबी शादी में जलेबियों से भी तेज़ी से गायब हो गए, और खचाखच भरे घर में हर रन, विकेट और मिसफील्ड का शोर मचने की उम्मीद है। दुनिया भर में लाखों लोग स्क्रीन से चिपके रहेंगे, उस जादुई पल का इंतज़ार करेंगे जो सिर्फ भारत-पाकिस्तान मुकाबले में ही मिल सकता है। भारत पूरी ताकत से, अपराजित और आत्मविश्वास से भरा हुआ है। उन्होंने ग्रुप चरण में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था, और उनकी बल्लेबाज़ी किसी नदी की तरह बह रही है। शुभमन गिल टीम को संभाले रखने वाले बांध की तरह हैं, सूर्यकुमार यादव आसमान को रोशन करने वाले वज्र की तरह हैं, जबकि अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा ऊपरी क्रम में आतिशबाज़ी करते हैं। संजू सैमसन स्टंप के पीछे और मध्य क्रम में विश्वसनीयता लाते हैं, जबकि हार्दिक पांड्या किसी भी विपक्षी टीम की कमर तोड़ने वाला हथौड़ा हैं। गेंद से, भारत किसी सर्जन की छुरी की तरह तेज नजर आता है। कुलदीप यादव धैर्यवान मकड़ी की तरह जाल बुनते हैं, वरुण चक्रवर्ती हवा से करतब दिखाने वाले जादूगर हैं, और अक्षर पटेल टीम को अंतिम रूप देते हैं। फिर जसप्रीत बुमराह हैं तेज गेंदबाज़ी के रोल्स रॉयस, जो यॉर्कर तीर की तरह सीधे विपक्षी टीम के दिलों में दागने के लिए तैयार हैं। इस बीच, पाकिस्तान इस मुक.ाबले में असली चॉकलेट का डिब्बा है: आपको कभी नहीं पता होता कि आपको क्या मिलने वाला है। उन्होंने यूएई को 41 रनों से हरा दिया, उनका शीर्ष क्रम पुराने ट्रैक्टर की तरह लड़खड़ाता रहा। फिर भी, फखर ज़मान के शानदार 50 रनों ने दिखाया कि उनकी क्लास कायम है, जबकि कप्तान सलमान आगा और हसन नवाज मध्यक्रम की मजबूती की कुंजी हैं। पिछले मैच में शाहीन अफरीदी का कैमियो रेगिस्तान में बारिश की तरह अप्रत्याशित था, और मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज अंत में पासा पलटने में सक्षम हैं। उनकी गें.दबाजी, हमेशा की तरह, उनका गौरव और तलवार है। नई गेंद के साथ अफरीदी और हारिस रऊफ आग उगल सकते हैं।

## पाकिस्तान की फिर हुई किरकिरी

# भारत-पाक मैच में फिर रेफरी होंगे एंडी पायक्राफ्टः आईसीसी



**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले एशिया कप के सुपर-4 मुक.ाबले के लिए एंडी पायक्राफ्ट को मैच रेफरी चुना है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की बार-बार उन्हें हटाने की मांग के बावजूद खेल की वैश्विक संस्था ने पायक्राफ्ट को ही यह जिम्मेदारी सौंपी है। एंडी पायक्राफ्ट भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के लिए मैच रैफरी हैं। बता दें कि, कल मैच के लिए मैच अधिकारियों की सूची अब भी सार्वजनिक नहीं की गई है। टूर्नामेंट में दूसरे मैच रैफरी वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान रिची रिचर्डसन हैं। इसके अलावा पाकिस्तान ने मैच से पहले होने वाली प्रेस कान्फ्रेंस भी रद्द कर दी है। टूर्नामेंट के एक सूत्र ने कहा कि पायक्राफ्ट की नियुक्ति और हाथ न मिलाने के विवाद से बचने के लिए पाकिस्तान ने एक बार फिर मैच पूर्व प्रेस कान्फ्रेंस रद्द कर दी है।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ओलंपियन गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों को प्रेरित किया

**जालंधर, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम का गौरव और ओलंपियन खिलाड़ी गुरजीत कौर ने शनिवार को सुरजीत हॉकी अकादमी, जालंधर के उभरते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए अकादमी का दौरा किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों के साथ अपने अनुभव साझा किए और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अकादमी के सीईओ इकबाल सिंह संधू ने ओलंपियन खिलाड़ी का भव्य स्वागत किया और उन्हें अकादमी के खिलाड़ियों और कोचों से मिलवाया। इस दौरान गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों से बातचीत की और उनके सवालों के जवाब दिए। टोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाने वाली गुरजीत कौर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन की आवश्यकता होती है।

### ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने भारत को दिया 413 रनों का लक्ष्य

**नई दिल्ली, वार्ता।** बेथ मूनी (138 ) की शतकीय, जॉर्जिया वॉल (81) और एलिस पेरी (68) की अर्द्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने शनिवार को तीसरे और निर्णायक वनडे मैच में भारत को जीत के लिए 413 रनों का लक्ष्य दिया। यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान एलिसा और जॉर्जिया की सलामी जोड़ी ने 43 रन जोड़े। 5वें ओवर में क्रांति गौड़ ने एलिसा हीली18 गेंदों में 30 रन को आउट किया।

# पाक मैच से पहले सूर्या का पूरा ध्यान क्रिकेट पर




● कहाः मुझे लगता है कि अगर आपको इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना है और आगे बढ़ना है तो यह बहुत जरूरी है कि हमें बाहर से आने वाले शोर को रोकना होगा

**दुबई, वार्ता।** दुबई में एशिया कप लीग मैच में भारत द्वारा पाकिस्तान को हराने और जानबूझकर हाथ मिलाने से बचने के कुछ ही मिनट बाद, सूर्यकुमार यादव खचाखच भरे प्रेस रूम में पहुंचे। जब उनसे पूछा गया कि उन्होंने मैच की तैयारी के दौरान सोशल मीडिया पर हो रहे शोर से कैसे निपटा, तो उन्होंने कंधे उचका दिए। उन्होंने कहा कि उन्हें 'पता नहीं' था कि वहां क्या हो रहा है, और फिर उन्होंने आगे कहा कि दुबई पहुंचने पर टीम ने सोच-समझकर फैसला लिया था: ऐप्स डिलीट कर दो, बाहरी शोर को '70-80 प्रतिशत' तक कम कर दो। अब, भारत-पाकिस्तान के एक और मुकाबले की पूर्व संध्या पर, सूर्यकुमार प्रेस के सामने फिर से थे। वही सवाल फिर से आया, इस बार उन सब बातों की याद दिलाते हुए जो तब से हुई थीं। अपना कमरा बंद करो, अपना फोन बंद करो और सो जाओ उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा। मुझे लगता है यही सबसे अच्छा है।

फिर उन्होंने समझाया: ष्देखो, यह कहना आसान है, लेकिन कभी-कभी मुश्किल भी होता है क्योंकि आप बहुत सारे दोस्तों से मिलते हैं, आप डिनर पर जाते हैं और आपके आस-पास बहुत सारे खिलाड़ी भी होते हैं जो ये सब देखना पसंद करते हैं। इसलिए यह बहुत मुश्किल है, लेकिन फिर यह आप पर निर्भर करता है कि आप क्या सुनना चाहते हैं, आप अपने दिमाग में क्या रखना चाहते हैं और आगे बढ़कर अभ्यास सत्र या फिर से खेलना चाहते हैं। लेकिन मैं सभी खिलाड़ियों के साथ बहुत स्पष्ट रहा हूं, मुझे लगता है कि अगर आपको इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करना है और आगे बढ़ना है, तो यह बहुत जरूरी है, हमें बाहर से आने वाले शोर को रोकना होगा और जो आपके लिए अच्छा है उसे अपनाना होगा। मैं यह नहीं कह रहा कि शोर पूरी तरह बंद कर दो, बल्कि जो तुम्हारे लिए अच्छा है उसे अपनाओ और कोई तुम्हें अच्छी सलाह भी दे सकता है जो खेल में तुम्हारी मदद कर सकती है, जो मैदान पर तुम्हारी मदद कर सकती है। इसलिए मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत जरूरी है और बाकी मुझे लगता है कि हर कोई एक अच्छी जगह पर अच्छा है। यह बात बहुत मायने रखती थी। एक बार फिर, भारत-पाकिस्तान मैच की पूर्व संध्या पर, ध्यान क्रिकेट के अलावा हर जगह भटक गया था। सूर्यकुमार के जवाबों ने इसे वापस खींच लिया। उन्होंने कहा कि पिछली रात मैदान पर भारत ने जो अंतर दिखाया था, वही बातचीत का विषय था। भारत के खिलाफ पिछले मैच के बाद पूरे भारत में जश्न के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने सरलता से कहा कि हम जीत गए, इसलिए वे जश्न मना रहे हैं। मेरा मतलब है, जिस तरह देश हर मैच में हमारा समर्थन करता है, उसी तरह उन्हें इस मैच में भी हमारा समर्थन करना चाहिए। और आज रविवार है, इसलिए मुझे लगता है कि ज़्डादा लोग मैच देखेंगे।

## पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०

### निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी आपूर्तिकर्ता/ ठेकेदारों/ फर्मों से निम्नलिखित कार्य हेतु सील बंद लिफाफों में (दो भाग में) निविदायें दिनांक 06/10/2025 के 13:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिसका प्रथम भाग 15:00 बजे एवं द्वितीय भाग 17:00 बजे दिनांक 08/10/2025 को उपस्थित निविदाकारों/प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जायेंगी। उक्त तिथि को अवकाश पड़ने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।
निविदादाताओं को निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि निविदा में उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि निर्धारित प्रारुप में भरकर पृथक रूप से प्रथम भाग लिफाफे में संलग्न करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि निर्धारित प्रारुप में, निविदा शुल्क एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के आभाव में निविदा का दूसरा भाग नहीं खोला जायेगा। फर्म/ठेकेदार का आयकर/जी0एस0टी0/ ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0 तथा उत्तराखण्ड राज्य में विद्युत कार्य करने हेतु वैध ए-क्लास लाईसेंस में पंजीकरण अनिवार्य है।
निविदा केवल विभाग की वैबसाईट www.ptcul.org से दिनांक 27/09/2025 तक डाउनलोड की जा सकती हैं। निविदा मात्र पंजीकृत डाक (स्पीड-पोस्ट/रजिस्ट्री) द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 06/2025-26 | Work of providing, fixing and rectification of 400KV PGCIL bay BMK's control and power spares at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 100/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 2. | 07/2025-26 | Supply and fixing of 220KV circuit breaker control switch at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/-(जीएसटी अतिरिक्त) |
| 3. | 08/2025-26 | Repairing work of old store and around security guard room near main gate at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/-(जीएसटी अतिरिक्त) |
| 4. | 09/2025-26 | Work of fabrication and fixing of 220KV Bay No. 204, 208 & 210 breaker platform at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 5. | 10/2025-26 | Work of providing and fixing of sign board, phase sequance number of 400/220KV bay equipments at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 6. | 11/2025-26 | Work for making trench cover of 400KV switchyard at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/-(जीएसटी अतिरिक्त) |
| 7. | 12/2025-26 | Work of rectification of 400/220KV switchyard BMK's interlocking circuit at 400KV Sub-Station , Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 8. | 13/2025-26 | Supply and Erection of LED street lights of residential campus at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/-(जीएसटी अतिरिक्त) |

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

(अधिशासी अभियंता)
400 केवी(परि. एवं अनु.) खण्ड, काशीपुर

संख्या 825/अधि.अभि.(का)/
दिनांक 20-09-2025

# अक्षर को लगी चोट, आज खेलना संदिग्ध




● अक्षर मिड ऑफ से दौड़ते हुए हम्माद मिर्जा का कैच लेने की कोशिश में संतुलन खोकर गिर पड़े जिससे उनके सिर में चोट लगी

**अबु धाबी, वार्ता।** अक्षर पटेल पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले भारत के सुपर फोर मैच में नहीं भी खेल सकते हैं। उन्हें अबु धाबी में ओमान के खिलाफ ग्रुप ए मैच में फील्डिंग करते समय सिर पर चोट लगी थी। अक्षर को 15वें ओवर में यह चोट लगी थी। वह मिड-ऑफ से दौड़ते हुए हम्माद मिर्ज़ा का कैच लेने की कोशिश में संतुलन खोकर गिर पड़े, जिससे उनका सिर जमीन से टकरा गया। इसके बाद उन्हें सिर और गर्दन को पकड़ते हुए देखा गया और फिज़ियो की मदद से मैदान से बाहर ले जाया गया। वे ओमान की पारी के बचे हुए हिस्से में फील्ड पर नहीं लौटे। अक्षर ने सिर्फ एक ओवर डाला जिसमें चार रन दिए। इस मैच में भारत ने कुल आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया और 21 रन से मैच जीता। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय टीम के फील्डिंग कोच टी- दिलीप ने बताया कि अक्षर की हालत ठीक है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि मैचों के बीच काफी कम समय है। भारत को पाकिस्तान के खिलाफ दुबई में अपना अगला मुक़ाबला खेलने से पहले 48 घंटों से भी कम का वक्.त मिलेगा। अक्षर ने बल्लेबाज़ी में अच्छा प्रदर्शन किया। पांचवे नंबर पर आकर उन्होंने 13 गेंदों पर 26 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस दौरान उन्होंने संजू सैमसन के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 45 रनों की पार्टनरशिप की। अगर किसी वजह से अक्षर पाकिस्तान के खिलाफ मैच से बाहर रहते हैं, तो टीम के लिए तीन स्पिनरों के साथ मैदान पर उतरना मुश्किल हो सकता है। यह तभी संभव होगा जब किसी और खिलाड़ी को बुलाया जाए। आपको बता दें कि वरुण और कुलदीप ही दो विशेषज्ञ स्पिनर हैं जो अभी टीम में हैं।

## कार्यालय-नगर निगम, काशीपुर

जिला-ऊधम सिंह नगर

पत्रांक: 660/मु0कार्यालय/2025-26 दिनांक: 19/09/2025

### सार्वजनिक सूचना

नगर निगम काशीपुर द्वारा नगर निगम अधिनियम 1959 (यथा प्रवृत्त) उत्तराखण्ड की धारा-541 के अंतर्गत नगर निगम, काशीपुर सीमान्तर्गत निजी/सार्वजनिक सम्पत्ति पर संचालित हाट बाजार में लगने वाले फड़/ठेला आदि हेतु उपविधि के सम्बन्ध में निम्नानुसार उपविधि आपत्ति/सुझाव हेतु प्रकाशित की गयी है:-

| क्र. सं. | उपविधि का नाम | दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि |
|---|---|---|
| 01 | हाट बाजार उपविधि-2025 | 22.04.2025, 23.04.2025, 03.09.2025 (शाह टाइम्स) |

निर्धारित अवधि में आपत्ति/सुझाव प्राप्त न होने पर गजट प्रकाशन हेतु राजकीय मुद्राणालय रूड़की, उत्तराखण्ड को प्रेषित किया जा रहा है।

नगर आयुक्त
नगर निगम, काशीपुर

महापौर
नगर निगम, काशीपुर

### भारत की अंडर-17 टीम भूटान को हराकर सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली/कोलंबो, वार्ता।** भारत की अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने अपने दूसरे ग्रुप बी मैच में भूटान को 1-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ, भारत के दो मैचों में छह अंक हो गए हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने अपने बयान में कहा कि भारत अंडर-17 पुरुष राष्ट्रीय टीम ने शुक्रवार को कोलंबो के रेसकोर्स इंटरनेशनल स्टेडियम में अपने दूसरे ग्रुप बी मैच में भूटान को 1-0 से हराकर सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। एआईएफएफ ने कहा है कि भारतीय टीम अब सोमवार को पाकिस्तान के साथ खेलेगी। इस मैच का विजेता ग्रुप बी में शीर्ष पर रहेगा। मैच का विजयी गोल दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी रहान अहमद के रूप में आया। महासंघ ने कहा कि दूसरे हाफ में शामिल किए गए सुपर-सब रहान अहमद ने 57वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल दागा और भारत को 1-0 से मामूली अंतर से जीत दिलाई।

## कार्यालय ग्राम पंचायत-राजपुर

विकास खण्ड जसपुर, जिला ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

पत्रांक-मेमो/रा.वि./15वां वित्त/अ.का.निविदा/2025-26 दिनांक-20/09/2025

### अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत राजपुर द्वारा राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के स्वीकृत कार्यों के सापेक्ष निर्माण कार्य हेतु प्रांकलन के आधार पर पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 27-09-2025 के अपरान्ह 2.00 बजे तक मोहरबंद लिफाफे में निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों व अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पंचायत भवन राजपुर में निर्माण कार्य समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 26-09-2025 को पंचायत भवन राजपुर में प्रात: 10.00 बजे से 4.00 बजे तक की जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | निर्माण कार्य का विवरण | कार्य की लागत (लाख रू.) | धरोहर धनराशि अग्रिम 2% | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार 'श्रेणी' |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सत्तार मुल्लाजी के घर से दिलशेर के घर की ओर सीसी टाइल्स रोड व नाली निर्माण 100 मीटर। | 4.95 | 9900.00 | 500+ 18% जीएसटी | 3 माह | 30 दिन | डी श्रेणी या उच्चतर |
| 2. | बिलाल के घर से ईदगाह की ओर सीसी टाईल रोडनिर्माण 38 मीटर। | 2.42 | 4840.00 | 500+18% जीएसटी | 3 माह | 30 दिन | डी श्रेणी या उच्चतर |
| 3. | रमेश के घर से ईदगाह की ओर सीसी टाईल रोड निर्माण 80 मीटर। | 5.05 | 10100.00 | 1000+18% जीएसटी | 3 माह | 30 दिन | डी श्रेणी या उच्चतर |
| 4. | आसिम के घर से नजाकत के घर की ओर नाली निर्माण 38 मीटर। | 0.46 | 920.00 | 500+18% जीएसटी | 3 माह | 30 दिन | डी श्रेणी या उच्चतर |

नोट- धरोहर धनराशि का शेष 3 प्रतिशत एफडीआर के रूप में ग्राम पंचायत राजपुर के नाम कार्य स्वीकृति की दशा में जमा करना होगा।

शर्ते-
1. उपरोक्त कार्य हेतु निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार ही निविदा डालने के पात्र होंगे।
2. धरोहर राशि जो ग्राम पंचायत-राजपुर के नाम बंधक रहेगी।
3. निविदा प्रपत्र का लागत मूल्य नगद/डी.डी.+18% जीएसटी प्रपत्र खरीदते समय जमा करना होगा।
4. आई.टी.आर. गत तीन वर्षों का। (यदि कार्य की लागत 5.00.000 से अधिक है।)
5. आई.टी.आर. गत तीन माह। (यदि कार्य की लागत 5.00.000 से कम है।)
6. जी.एस.टी. सम्बन्धी अदेयता प्रमाण पत्र।
7. निविदा हेतु दिये गये समस्त प्रपत्रों की सत्यता हेतु 100 रूपये के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी युक्त शपथ पत्र देना होगा।

नोट- किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत राजपुर
बि.ख.जसपुर (ऊ.सिं.नगर)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, नैनीताल

Email- nppnainital@gmail.com, Contact No.- 05942-235153

पत्रांकः- 1242/XV-18 दिनांकः- 20/09/2025

### अभिरूचि की अभिव्यक्ति की सूचना (E.O.I.)

नगर पालिका परिषद नैनीताल द्वारा अनुभवी फर्मों/ज्वाईट वेंचर्स/संस्था/एन0जी0ओ0 आदि से निम्नलिखित कार्य हेतु अभिरूचि की अभियुक्ति (E.O.I.) सील बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है-

**विषयः-** नगरपालिका परिषद नैनीताल के अन्तर्गत स्थित पब्लिक शौचालयों को पी0पी0पी0 मोड पर संचालन किए जाने के संबंध में।

| क0सं0 | शौचालय का विवरण |
|---|---|
| 1 | तल्लीताल रिक्शा स्टैण्ड के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय। |
| 2 | मल्लीताल चीना बाबा मंदिर चौराहा के समीप नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय। |

**स्थिति :-** उपरोक्त समस्त स्थल उत्तराखण्ड राज्य के नैनीताल शहर में स्थित है।

फर्म/कम्पनी/संयुक्त उपकम (जो आगे फर्म के नाम से संबोधित है) E.O.I. में दी गयी जानकारी के अनुसार फर्म को उपर्युक्त कार्य करने का अनुभव होना जरूरी है। आवश्यक वित्तीय तकनीकी योग्यता सहित एवं संबंधित सूचनाओं तथा अभिलेखों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं आवेदन रजिस्टर्ड डाक/कोरियर द्वारा भेजा जाना चाहिये।

1. (E.O.I.) आवेदन के साथ रू0 10,000.00 की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/टी0डी0आर0/ सी0डी0आर0 संलग्न की जानी है, जो अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद नैनीताल के नाम बंधक कर संलग्न की जानी आवश्यक है।
2. (E.O.I.) में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं/शौचालय पर अपने स्तर से किए जाने वाले कार्य/गतिविधियों के बारे में उल्लेख किया जाना आवश्यक है।

नोट- शौचालय संचालन हेतु E.O.I. से संबंधित समस्त शर्तें नगरपालिका परिषद नैनीताल कार्यालय से किसी भी कार्यालय दिवस में प्राप्त की जा सकती है, तथा E.O.I पूर्णतः उक्त शर्तो के अनुसार प्रेषित किया जाना होगा।

| क0सं0 | उद्देश्य | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | E.O.I. प्रस्ताव जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04.10.2025 सायं 12:00 बजे तक |
| 2 | E.O.I. प्रस्ताव को खोलने तिथि एवं समय | 04.10.2025 अपराहन 2:00 बजे |

अधिशासी अधिकारी,
नगरपालिका परिषद, नैनीताल।

अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद, नैनीताल।

### एटीएम में लोहे की पत्ती लगाकर लोगों के पैसे निकालने वाले

# तीन युवकों को रंगेहाथ दबोचकर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** एटीएम में लोहे की पत्ती लगाकर लोगों की गाढ़ी कमाई अपने पास रखने वाले तीन युवकों को लोगों ने रंगे हाथ दबोच लिया आरोपियों के पास से लोहे की पत्तियां और उनमें सामान बरामद हुआ है लोगों द्वारा आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े गए तीन युवकों में से एक युवक जेल में यह कारनामा सीखकर आया था। पुलिस ने तीनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर ली है।

बीती 18 सितंबर को सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र के ढंडेरा में रविंद्र पुत्र अशोक राणा,शिवम पुत्र विपिन एवं अन्य लोगों ने एक बैंक एटीएम से तीन युवकों को रंगे हाथ पकड़ा। यह युवक एटीएम में लोहे की पत्ती लगा देते थे और जब लोग पैसा निकालने एटीएम में आते थे तो पैसे एटीएम से बाहर नहीं आ पाते थे लोगों के जाने के बाद उक्त युवक एटीएम में जाकर पैसा निकाल लेते थे। तीनों युवकों



को मौके पर पकड़े जाने के बाद लोगों की भारी भीड़ भी वहां जमा हो गई सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे चेतक कर्मी गोविंद तोमर और वीरेंद्र सिंह ने युवकों को हिरासत में लिया और उच्चाधिकारियों को सूचना दी। सूचना के बाद कोतवाली से पहुंचे चालक अनिल शर्मा और कांस्टेबल भूपेंद्र आरोपियों को कोतवाली ले गए। पूछताछ में तीनों युवकों ने अपने नाम जमाल पुत्र हुसैन अहमद निवासी जैनपुर झंझेडी, सलमान पुत्र मुन्तियाज निवासी पठान चौक लंढौरा और आदित्यपाल पुत्र स्वर्गीय मदनलाल मोहल्ला गढ़रियान मंगलौर बताए । जिसमें जमाल ने बताया कि उसका दोस्त सलमान 2016 में लंढोरा में हुए बवाल के बाद जेल गया था जहां उसकी मुलाकात लोनी निवासी आरिफ और अफरोज के साथ हुई। उन दोनों ने सलमान को एटीएम से पैसे निकालने का यह तरीका सिखाया। जेल से आने के बाद सलमान ने जमाल और आदित्य पाल को यह गलत कारनामा करना सिखाया। आरोपियों को ने बताया कि इसके बाद वह रुड़की, भगवानपुर, झबरेड़ा मंगलौर आदि क्षेत्रों के कई एटीएम से इस प्रकार से पैसे निकाल चुके हैं। आदित्यपाल ने बताया कि उसके माता पिता नहीं है और वह अपने खर्च चलाने के लिए इस प्रकार की वारदात करने लगा।

# नदी में डूबकर किशोर की मौत, परिजनों में कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** धनौरी क्षेत्र में नदी में नहाने गया किशोर हादसे का शिकार हो गया। भगवानपुर थाना क्षेत्र के शबुद्दीनपुर निवासी 15 वर्षीय उज्जैफ अपने परिवार के साथ रतमऊ नदी बावनादरा धनौरी घूमने आया था। परिवार के साथ नदी किनारे वह नहाने के लिए कुंड में उतर गया, लेकिन गहराई का अंदाजा न लग पाने के कारण अचानक डूब गया।परिवार के शोर मचाने पर आसपास मौजूद लोगों ने किशोर को बचाने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने पर धनौरी चौकी प्रभारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और जल पुलिस व गोताखोरों को बुलाया गया। काफी मशक्कत के बाद गोताखोरों ओर जल पुलिस ने किशोर के शव को कुंड से बाहर निकाल कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेज दिया।घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि नदी किनारे बने ऐसे खतरनाक कुंडों पर सुरक्षा व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# मन्नाखेड़ी के बाद लहबोली के जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## दो दिन पहले मृतक का दोस्त भी लटका मिला था

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** मन्नाखेड़ी के बाद अब लहबोली के जंगल में युवक का शव पेड़ से लटका मिला है मृतक मन्नाखेड़ी का ही निवासी है। बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व मरने वाले आकाश और मृतक आपस में दोस्त थे पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वही वही सूचना पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और किसी साजिश का आरोप लगा रहे हैं पुलिस के मुताबिक मामला प्रथम दृश्टया आत्महत्या का ही लग रहा है लेकिन कोतवाल अमरजीत सिंह का कहना है कि पीएम के बाद स्थिति साफ हो जाएगी कि यह हत्या है या आम हत्या है मामले की गंभीरता से और पहले ऊपर जांच की जा रही है। मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के मन्नाखेड़ी में एक बार फिर से सनसनी फैल गई। इसी गांव में गुरुवार को आकाश का शव पेड़ से लटका मिला था तो एक बार फिर इसी गांव के एक और युवक शुभम का शव लहबोली के जंगल में पेड़ से लटका मिला है। मृतक शुभम भी शुक्रवार शाम घर से निकला था। शनिवार को किसी व्यक्ति ने शव लहबोली में लटका देखा तो सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिनाख्त की तो शुभम के रूप में हुई। जानकारी पाकर मौके पर शुभम के परिजन भी पहुंच गए। बताया गया है कि दो दिन पूर्व मरने वाला आकाश और शुभम आपस में दोस्त थे। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हत्या है या आत्महत्या यह तो पुलिस जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा। लेकिन फिलहाल गांव से लेकर आसपास में इन दो घटनाओं ने लोगों को दहला कर रख दिया है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह का कहना है मामला आत्महत्या का ही लग रहा है बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट हो जाएगा।

### बीएसएम इंटर कॉलेज के एनएसएस छात्रों ने निकाली स्वच्छता रैली

# स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता अभियान जरूरी : ममतेश

## प्रबंधक ममतेश शर्मा व सचिव रजनीश शर्मा ने रैली को झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** 84 यूके बीएन एनसीसी के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमन कुमार के दिशा निर्देशों में आज बीएसएम इंटर कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया विद्यालय के प्रबंधक श्री ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और श्री रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट सचिव बीएसएम शिक्षण संस्थान वरिष्ठ भाजपा नेता ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली को रवाना करने से पूर्व मुख्य अतिथि श्री ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट और श्री रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की हमें अपने आसपास अपने शरीर और अपने विद्यालय और जहां पर हम निवास करते हैं वहां पर स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिए और सड़क पर गंदगी नहीं फैलानी चाहिए और अगर कोई गंदगी फैला रहा है तो उसे भी ऐसा करने से मना करना चाहिए तभी हमारा शहर हमारा देश साफ सुंदर रहेगा और यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें और देश का एक जिम्मेदार नागरिक बने मुख्य अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है और जब हम स्वस्थ रहेंगे तो हमारी रुचि पढ़ाई के प्रति बढ़ेगी मुख्य अतिथियों ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दी और अपना शुभ



आशीर्वाद प्रदान किया प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल एनसीसी कैडेट का ही नहीं अपितु प्रत्येक छात्र और प्रत्येक देशवासी का यह कर्तव्य है कि वह अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें और सड़क पर कूड़ा ना फैलाएं पानी का काम से कम प्रयोग करें पॉलिथीन का इस्तेमाल न करें और सड़क पर कचरा ना फैलाएं और ना फैलाने दे प्रधानाचार्य ने सभी एनसीसी कैडेट को अपना शुभ आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम में 84 बटालियन के कार्यालय अधिक्षक ट्रेनिंग रवि कपूर का विशेष योगदान रहा साइकिल रैली विद्यालय से होकर शेख पूरी नेहरू नगर गणेशपुर गंग नहर होते हुए सिविल लाइन नेहरू स्टेडियम चंद्रपुरी होते हुए विद्यालय में संपन्न हुई रैली के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को साफ सफाई के लिए जागरूक किया और यह संदेश दिया की स्वच्छता के द्वारा ही हम अपने शहर और अपने देश को एक सुंदर शहर और देश बना सकते हैं और यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। इस अवसर पर ऑफिसर कमल मिश्रा मुख्य अनुशासक अमित कपिल डॉक्टर अभय ढौंड़ियाल विनय वर्मा विशाल शर्मा और 50 एनसीसी कैडेट्स मौजूद रहे।

# परचून की दुकानों पर खाद्य विभाग का छापा, चार सैंपल भरे

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने शहर और देहात की परचून दुकानों पर छापा मारा। छापे में चार दुकानों पर अनियमितताएं मिलने पर सैंपल भरे गए है। विभाग की टीम से परचून दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति मची रही। चार जगहों से टीम ने सैंपल भरे हैं। जिनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिया गया है।

वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी योगेंद्र पांडे ने बताया कि नवरात्रि को लेकर जिलेभर में परचून दुकानों पर चेकिंग की जा रही है। व्रत में कुछ विशेष खाद्य पदार्थों का सेवन किया जाता है। ऐसे में आम दिनों के मुकाबले कुट्टू और सिंघाड़ा आटे की डिमांड बढ़ने लगती है। जिस वजह से मिलावटखोर सक्रिय हो जाते हैं और नियमों को ताक पर रख निर्माण, संग्रह और खाद्य पदार्थों को धड़ल्ले से बेचते है। ऐसे में असुरक्षित खाद्य पदार्थों के सेवन से लोगों की सेहत बिगड़ने लगती है। इन्हीं मामलों को रोकने के लिए शनिवार को गुरुकुल नारसन, झबरेड़ा और रुड़की स्थित परचून दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में चार जगह से कुट्टू और सिंघाड़ा आटे का सैंपल लिया है। दुकानदारों से भी अनुरोध है कि वह निर्माण, संग्रह, वितरण और विक्रय में विशेष सावधानी बढ़ाते। जहां पर भी अनियमितताएं मिलेगी सामान को सील और दुकानदार के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

### क्षेत्र से जल निकासी न होने पर नाराज पार्षद पति का हंगामा

# महापौर व नगर आयुक्त के सामने ही कपड़े उतार कर सुनाई खरी-खोटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सैनिक कॉलोनी के एक घर में भरे पानी की निकासी एक महीने तक लगातार शिकायत करने के बाद भी न निकाले जाने से गुस्साए लोगों ने मेयर और नगर आयुक्त के सामने हंगामा किया। उनके द्वारा कपड़े उतारने का प्रयास किया गया लोगों ने उन्हें शांत किया।

मेयर अनीता अग्रवाल और नगर आयुक्त राकेश तिवारी को पार्षद पति संदीप वर्मा ने बताया कि उनके वार्ड सैनिक कॉलोनी के एक घर में एक माह से पानी भरा हुआ है। उसके निकासी की मांग वह नगर स्वास्थ्य अधिकारी से लगातार करते आ रहे हैं। लेकिन आज तक पानी निकासी की व्यवस्था नहीं हुई। संदीप वर्मा के अनुसार आज उन्होंने मामले में फिर से नगर स्वास्थ्य अधिकारी विक्रांत सिरोही से वार्ता की तो वह भड़क गए और उस घर का पता मांगते हुए कहने लगे कि इतने दिन उस घर में पानी कैसे रुक गया बताएं, उस घर के स्वामी का चालान काटा जायेगा। वहीं पार्षद पति संदीप ने बताया कि क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें खराब हैं लेकिन कई बार बोलने के बाद भी उन्हें न ठीक किया गया और न ही बदला गया।



इसके अलावा वर्मा ने अन्य समस्याओं के संबंध में मेयर और आयुक्त को बताते हुए कहा कि लोग उनके कपड़े फाड़ने को तैयार हैं क्यों न वह खुद अपने कपड़े उतार दें यह कहते ही उन्होंने अपनी टी शर्ट उतार दी। नगर आयुक्त राकेश तिवारी ने उन्हें समझाया। वहीं पार्षद पंकज सतीजा ने तुरंत उन्हें रोका। इसके बाद मेयर प्रतिनिधि ललित अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि जल्द उस घर का पानी निकाल दिया जाएगा।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने पर 02 अभियुक्त को रुड़की गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसारआशु पुत्र नानू व आसिफ पुत्र इरशाद निवासी ग्राम ढडेरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार के द्वारा ढडेरामें सड़क सरेआम हुला कर उडदग बाजी कर ,आने जाने वाले लोगों के साथ गाली गलौज मारपीट पर उतारू थे शांति भंग होने का पूर्ण अंदेशा था पुलिस कर्मी गण के द्वारा समझने का प्रयास किया गया नहीं माने जिन्हें अंतर्गत धारा 170 ठछै में गिरफ्तार किए गए यदि इन्हें गिरपतार नहीं किया जाता तो कोई संज्ञेय अपराध कारित कर देते अभियुक्तो को न्यायालय पेश किया जा रहा है।

# स्वास्थ्य शिविर में डाक्टरों ने की 380 लोगों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंढौरा में शनिवार को स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार अभियान के तहत कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में ऋषिकेश एम्स के डॉक्टरों की टीम ने 380 लोगों के स्वास्थ्य की जांच व दवाइयां वितरित की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंढौरा पर स्वस्थ नारी स्वस्थ परिवार अभियान के तहत कैंप का आयोजन किया गया। अस्पताल प्रभारी डॉ. विक्रांत सिरोही ने बताया कि शिविर में 380 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया इसमें 95 लोगों के एक्सरे, 50 लोगों को खून की जांच की गई। 22 गर्भवती और 17 बच्चों को टीकाकरण किया गया। 17 लोगों के बलगम की जांच की गई। पांच लोगों ने रक्तदान किया और पांच लोगों के विकलांग प्रमाण पत्र बनाए गए राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कहा कि पीएम मोदी के आहवान पर सभी जगहों पर स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा के तहत शिविर का आयोजन कराया जा रहा है। इस मौके पर राज्यमंत्री श्याम वीर सैनी, नगर पंचायत अध्यक्ष डां. नसीम अहमद, अशोक कुमार पांडे, रवि राणा, चरणसिंह, भगतसिंह, विकास पाल डॉक्टरों की टीम में ऑर्थोपेडिक डॉ. ईशान, पीडियाट्रिक डॉ. शिखा सिंह, गायनी डॉ. रीना पाल, सर्जन डॉ. मोहित गोयल, डर्मेटोलॉजी डॉ. अदिति, ईएनटी डॉ. आशुतोष, डेंटस्ट्री डॉ. आकृति चौहान, ओपथोमोलॉजी डॉ. सुनील चतुर्वेदी, पैथोलॉजिस्ट डॉ. यूमन हसन शामिल रहे।

# पुलिस ने एक वारण्टी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर एक फरार वारंटी को दबोचकर न्यायालय में पेश किया जहां उसे न्यायालय ने जेल भेज दिया जानकारी के अनुसार न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक महोदय के द्वारा अ0उ0नि0 अशाढसिंह पवार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया पुलिस टीम के द्वारा मा0न्यायालय से प्राप्त गैर जमानतीय वारण्ट की तामील कर 01 वारण्टी सुनित कुमार पुत्र बल्लू निवासी पतंजलि के पीछे रायपुर दरेड़ा सैदपुर जनपद हरिद्वार को उनके मस्कन पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# पथरी नदी में हुए कटाव से चार गांवों का रास्ता बंद, लोग परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के रायपुर के बराबर में भारी बरसात की वजह से पथरी नदी मैं कटाव हो गया जिससे चार गांव के किसानों का रास्ता बंद हो गया। किसान के माथे पर सिकन महसूस किया जा रहा है की कुछ दिनों के बाद गन्ना फैक्ट्री चल जाएगी और किसानों के आने जाने का जो रास्ता है एक ही रास्ता है वह भी नदी के कटाव से बंद हो गया है वहां पर केवल मोटरसाइकिल से ही निकाला जा सकता है। रायपुर के प्रधान ने बताया कि इस बार भारी बारिश हुई है जिससे किसानो की फसल भी बहुत ज्यादा बर्बाद हो गई है। उन्होंने कहा यह जो रायपुर से आगे कई गांव के किसानों का गन्ना धान खड़ा हुआ है इसको लाने के लिए केवल एक ही रास्ता है उस रास्ते पर भी ज्यादा बरसात होने की वजह से पथरी नदी के बराबर में कटाव हो गया है जिससे किसानों के खेत पर आने जाने का रास्ता बंद हो गया है। उन्होंने कहा सरकार को आपदा के बजट से इस रास्ते पर पथरी नदी के बराबर में दीवार बना देनी चाहिए वहां पर मिट्टी का भराव हो सके और किसानों का आने जाने का रास्ता खुल सके अगर यह रास्ता नहीं खुला तो किसानो की फसल भी खेतों में ही बर्बाद हो जाएगी।

# मगरमच्छ आने से गांव में हड़कंप

**लक्सर।** क्षेत्र के महाराजपुर कला गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक विशालकाय मगरमच्छ दिखाई दिया। मगरमच्छ, गांव के ही किसान जसवीर सिंह के घर के पास मिला। इस खबर के मिलते ही, वन विभाग की टीम को तुरंत सूचना दी गई और मौके पर भेजा गया। वन रेंज अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि महाराजपुर कला गांव से मगरमच्छ दिखने की जानकारी मिली थी। जानकारी मिलते ही, वन विभाग की एक टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने कड़ी मेहनत और मशक्कत के बाद उस विशालकाय मगरमच्छ का रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के बाद, मगरमच्छ को सुरक्षित रूप से गंगा नदी में छोड़ दिया गया। तब जाकर, गांव वालों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि मगरमच्छ मिलने की खबर के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल था।

### निगम सभागार में प्रबुद्धजन सम्मेलन आयोजित

# भाजपा सरकार का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास : त्रिवेंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा ने नगर निगम सभागार में प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन किया । इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, विधायक प्रदीप बत्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और प्रबुद्ध वर्ग के नागरिक मौजूद रहे। सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, डिजिटल इंडिया, किसानों और गरीबों के हित में चलाई जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत विश्व पटल पर सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित हो रहा है।विधायक प्रदीप बत्रा व अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर प्रदेश व जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

### मेथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन

# छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मेथोडिस्ट गर्ल्स पीजी कॉलेज में आयोजित भव्य फ्रेशर्स पार्टी ने छात्राओं और अतिथियों के बीच उल्लास एवं उत्साह का ऐसा माहौल बनाया कि पूरा परिसर आनंद और उमंग से सराबोर हो उठा। नई छात्राओं ने मंच पर एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियाँ देकर सभी का दिल जीत लिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संगीत, नृत्य और फैशन शो की मनमोहक झलकियों ने पूरे कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर विधायक प्रदीप बत्रा पहुंचे, जहाँ कॉलेज प्रबंधन एवं छात्राओं ने उनका भव्य स्वागत किया। विधायक बत्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कॉलेज जीवन युवाओं के सपनों को पंख देने का सबसे सुनहरा दौर होता है। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास को जीवन का आधार बनाने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। पूरे समारोह के दौरान छात्राओं के उत्साह, रंगारंग प्रस्तुतियों की झलक और विधायक के प्रेरणादायी शब्दों ने



कार्यक्रम को एक नई ऊँचाई प्रदान की। अंत में कॉलेज प्रबंधन ने सभी अतिथियों का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं।

# बीएसएम कॉलेज में स्वच्छता अभियान के तहत व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बी.एस.एम (पीजी) कॉलेज, रूड़की में एन.एस.एस इकाई की ओर से शासन द्वारा निर्देशित स्वच्छोत्सव अभियान के तहत, कार्यक्रम अधिकारी डॉ इन्दु अरोरा के नेतृत्व में एक व्याख्यान आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार बी.एस.एम कॉलेज के कृषि विभाग, के डॉ सन्तोष चौधरी जी ने बहुत सरल शब्दों में उदारहण देते हुए स्वयंसेवियों को स्वच्छ रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी इंदु अरोड़ा ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य जीवन के लिए स्वच्छ वातावरण जरूरी है इसलिए हम सब की जिम्मेदारी है कि वह स्वच्छता का ध्यान रखें कोई भी चीज खुले में या सड़क पर ना गिराये सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करें जिसके लिए लगातार स्वच्छता अभियान चलाना जरूरी है। उन्होंने स्वयंसेवकों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के साथ-साथ अपने शरीर, आचरण व मन को भी स्वच्छ रखने का संदेश दिया। स्वयंसेवकों



ने जिज्ञासावश कुछ प्रश्न पूछे, जिनका उत्तर डॉ सन्तोष जी ने बहुत धैर्य से सहज शब्दों में दिया। इस अवसर पर शिक्षक वर्ग से राजनीति शास्त्र से डॉ राजेश चन्द पालीवाल जी उपस्थित रहे।

# सऊदी अरब को परमाणु हथियार देगा पाक

## रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ बोले: भारत से जंग हुई, तो सऊदी साथ देगा, 2 दिन पहले हुई डिफेंस डील

**इस्लामाबाद/लंदन।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान अपने न्यूक्लियर हथियार सऊदी अरब के साथ शेयर करेगा। दोनों देशों के बीच बुधवार को एक रक्षा समझौता हुआ था, जिसके तहत अगर किसी एक देश पर हमला होता है, तो इसे दोनों पर हमला माना जाएगा।

आसिफ ने एक साक्षात्कार में कहा कि हमारी परमाणु क्षमता पहले से अच्छी है। यह समझौता दोनों देशों को एक-दूसरे की रक्षा करने का वादा करता है। हमारे पास युद्ध के लिए ट्रेंड सेनाएं हैं। हमारे पास जो क्षमताएं हैं, वे इस समझौते के तहत निश्चित रूप से उपलब्ध होंगी। जब आसिफ से पूछा गया कि अगर भारत और पाकिस्तान में जंग होती है तो क्या सऊदी अरब इसमें पाकिस्तान की तरफ से शामिल होगा? इस पर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बिल्कुल, इसमें कोई शक की बात नहीं है। हालांकि, उन्होंने किसी देश का नाम नहीं लिया। आसिफ ने कहा कि इस समझौते का इस्तेमाल किसी हमले के लिए नहीं, बल्कि रक्षा के लिए किया जाएगा। मीडिया



रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब ने पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम को आर्थिक मदद दी है। पाकिस्तान के पास करीब 170 परमाणु हथियार हैं, जो भारत के 172 हथियारों के लगभग बराबर हैं। आसिफ ने आगे कहा कि न तो सऊदी अरब ने किसी खास देश का नाम लिया और न ही हमने किसी का नाम लिया। यह बस एक अम्ब्रेला है जो दोनों को मिला है, जिसमें नियम है कि किसी एक पर भी हमला होता है तो दोनों मिलकर उसका जवाब देंगे। आसिफ ने यह भी कहा कि यह कोई 'आक्रामक समझौता नहीं', बल्कि 'रक्षा व्यवस्था' है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा कि सऊदी अरब के साथ हुए ऐतिहा. सिक रक्षा समझौते के बाद कई देशों ने पाकिस्तान के साथ ऐसे ही रणनीतिक रक्षा समझौते करने में रुचि दिखाई है। लंदन में पत्रकारों से बात करते हुए डार ने कहा कि अभी जल्दी है कुछ कहना, लेकिन इस समझौते के बाद अन्य देशों ने भी इस तरह की व्यवस्था की इच्छा जताई है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे समझौते एक नियम के

**पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा: पाक दूसरे देशों के साथ भी ऐसी डिफेंस डील करेगा**

तहत ही तय होते हैं। सऊदी अरब के साथ समझौते को अंतिम रूप देने में ही कई महीने लगे थे। डार ने समझौते को एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और कहा कि पाकिस्तान और सऊदी अरब दोनों इससे संतुष्ट और खुश हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सऊदी अरब ने हमेशा मुश्किल वक्त में पाकिस्तान का साथ दिया है, खासकर हालिया अंतर्राष्ट्रीय और आर्थिक संकट के दौरान। समझौते पर दोनों देशों ने एक जाइंट स्टेटमेंट में कहा कि यह समझौता दोनों देशों की सुरक्षा बढ़ाने और विश्व में शांति स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच डिफेंस कार्पोरेशन भी डेवलप किया जाएगा। रायटर्स के मुता. बिक इस समझौते के तहत मिलिट्री सहयोग किया जाएगा। इसमें जरूरत पड़ने पर पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का इस्तेमाल भी शामिल है।



**गुजरात। भावनगर में एक रोड शो के दौरान उपस्थित जनसमूह का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

## अफगान के वरिष्ठ अधिकारी ने की ट्रम्प की टिप्पणी की निंदा

**काबुल।** अफगानिस्तान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने युद्ध के बाद देश में बगराम एयरबेस पर पुन: कब्जा करने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हालिया बयान की आलोचना की और कहा कि हम अफगान अपने देश में विदेशी सैन्य उपस्थिति को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। अफगानिस्तान के सरकारी रेडियो और टेलीविजन (आरटीए) ने इसकी जानकारी दी। सरक. ारी मीडिया आउटलेट ने विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ राजनयिक जलाली के हवाले से कहा कि अपने पूरे इतिहास में अफगानों ने कभी भी अपनी धरती पर विद. ेशी सैन्य की उपस्थिति को स्वीकार नहीं किया है। अफगानिस्तान और अमेरिका को द्विपक्षीय सम्मान एवं साझा हितों के मद्देनजर आर्थिक और राजनीतिक संबंधों पर सहयोग करने की जरूरत है। ट्रम्प ने गुरुवार को लंदन में अगस्त 2021 में अमेरिकी वापसी के दौरान बगराम एयरबेस को छोड़ने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना करते हुए संवाददाताओं से कहा कि हम इसे वापस लेना चाहते हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### तालिबान ने ब्रिटिश दंपति को किया रिहा

**दोहा।** लगभग आठ महीने तक तालिबान द्वारा हिरासत में रखे गए एक ब्रिटिश दंपत्ति को आखिरकार रिहा कर दिया गया और कतर पहुंचने के बाद वे अपनी बेटी से भावुक होकर मिले। उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार लगभग दो दशकों से अफगानिस्तान में रह रहे पीटर रेनॉल्ड्स (80) और उनकी पत्नी बार्बी (76) एक फरवरी को जब अपने घर लौट रहे थे, तब उन्हें रोक लिया गया। दंपति को शुक्रवार सुबह कतर की मध्यस्थता के माध्यम से रिहा कर दिया गया और बाद में वे दोहा पहुंचे जहां उनकी बेटी सारा एंटविसल ने उनसे मुलाकात की। हवाई अड्डे की इमारत की ओर साथ-साथ चलने से पहले उन्होंने एक-दूसरे को गले लगाया।

#### चीन-रूस ने विधाई सहयोग को मजबूत करने का लिया संकल्प

**मास्को।** चीन और रूस ने मंगलवार से शनिवार तक चलने वाले एक चीनी प्रतिनिधिमंडल की रूस यात्रा के दौरान अपने विधाई निकायों के बीच सहयोग को मज़बूत करने का संकल्प लिया है। इस यात्रा के दौरान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे चीन की राष्ट्रीय जन कांग्रेस की स्थाई समिति के उपाध्यक्ष पेंग किगहुआ ने रूस के स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन, तातारस्तान गणराज्य के प्रमुख रुस्तम मिन्निखानोव और तातारस्तान राज्य परिषद के अध्यक्ष फ़रीद मुखमेतशिन से मुलाकात की। पेंग ने रूसी स्टेट ड्यूमा के उपाध्यक्ष अलेक्जेंडर बाबाकोव के साथ संसदीय सहयोग के लिए चीन-रूस समिति के संयुक्त कार्य समूह की चौथी बैठक की सह-अध्यक्षता भी की।

#### अगले सप्ताह दो दिन की यात्रा पर मोरक्को जाएंगे राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिह, मोरक्को के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदिई के निमंत्रण पर 22 सितम्बर को मोरक्को की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की उत्तरी अफ्रीकी राष्ट्र की पहली यात्रा होगी जो भारत और मोरक्को के बीच बढ़ते रणनीतिक सहयोग के महत्व को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स मोरक्को के बेरेचिड में व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म के लिए नए विनिर्माण संयंत्र का उद्घाटन इस यात्रा का एक प्रमुख आकर्षण होगा। यह संयंत्र अफ्रीका में पहला भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र है। यह आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत भारत के रक्षा उद्योग की बढ़ती वैश्विक उपस्थिति को दर्शाता है।

## आरएसएफ ने मस्जिद पर किया ड्रोन हमला, 70 की मौत

**काहिरा।** सूडान में जारी गृहयुद्ध के बीच उत्तरी दारफुर के अल फशर शहर में एक मस्जिद को निशाना बनाया गया। यहां नमाज के दौरान मस्जिद पर हुए ड्रोन हमले में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई। हमले का आरोप अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस पर लगाया गया है।

स्थानीय राहत समूह के एक कार्यकर्ता ने इस हमले के बाद का भयावह मंजर बयां किया। उसने बताया कि हमले के बाद मस्जिद पूरी तरह ढह गई है और कई शव मलबे में दबे हैं, जिससे मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। वहीं, हमले का वीडियो भी सामने आया है, हालांकि वीडियो की पुष्टि नहीं हो पाई है। वहीं, सूडानी सेना ने इस हमले को लेकर बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना इस विद्रोही

**■ हमले का आरोप अर्धसैनिक संगठन रैपिड सपोर्ट फोर्सेस पर लगाया**

मिलिशिया की पहचान है, और यह पूरी दुनिया के सामने खुलेआम ऐसा कर रही है। गौरतलब है कि इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में ही आरएसएफ ने अल-फाशेर में 18 लोगों की हत्या कर दी थी और 14 अन्य को अगवा कर लिया था, जिनमें तीन लड़कियां भी शामिल हैं। सूडान में गृहयुद्ध अप्रैल 2023 से जारी है, जब सेना और आरएसएफ के कमांडरों के बीच सत्ता को लेकर संघर्ष शुरू हुआ था। इस लड़ाई ने पूर्वोत्तर अफ्रीकी देश को बर्बाद कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार अब तक 40000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और 1.2 करोड़ विस्थापित हुए हैं।

## भारत-यूएई के बीच अहम समझौतों की नींव तैयार

### गोयल के दौरे में बनी सहमति, पाक-अरब समझौते के जवाब के रूप में देखा जा रहा है दौरा

**अबू धाबी।** पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच पारस्परिक सुरक्षा समझौता के कारण बढ़ी नजदीकी के कारण भारत की निगाहें अब पश्चिम एशिया में अपनी पुरानी स्थिति मजबूत करने पर है।

इस कड़ी में भारत की निगाहें क्षेत्र की एक और ताकत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर है। भारत जल्द यूएई के साथ अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में कई अहम समझौते करने जा रहा है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के दो दिवसीय यूएई दौरे पर समझौते की जमीन तैयार कर ली गई है। इसे पाक-अरब समझौते के जवाब के रूप में देखा जा रहा है। भारत यूएई उच्चस्तरीय निवेश कार्यदल की 13वीं बैठक में शिर. कत करने पहुंचे गोयल ने वहां अबूधाबी इंडिया बिजनेस फोरम



**■ इस दौरान दोनों देशों के बीच अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमति बनी**

में भी हिस्सा लिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच अगले तीन वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने पर सहमति बनी है। ऊर्जा, तकनीक समेत कई अन्य क्षेत्रों में अहम समझौते के बाद दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष और समुद्री क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर व्यापक बात. चीत हुई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्दी ही दोनों देश इन क्षेत्रों में कई अहम समझौते पर सहमत होंगे। यूएई में 42 लाख भारतीय हैं। यूएई पश्चिम एशिया में सऊदी अरब की तरह अहम ताकत है। दोनों देशों के बीच तेल के इतर दूसरे व्यापार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। खासतौर पर ऊर्जा और तकनीक के क्षेत्र में दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए हैं। अंतरिक्ष को लेकर सौ से अधिक परियोजनाओं पर काम कर रहे यूएई को इस क्षेत्र में भारत की मदद की जरूरत है। दूसरी ओर भारत को अरब के सबसे बड़े बंदरगाह जबल अली पोर्ट की जरूरत है। यूएई इजरायल मामले में इस्लामिक देशों से अलग रुख अपनाने के कारण चर्चा में है। इजरायल के कतर पर हमले के बाद 50 इस्लामिक देशों की बैठक में सां. केतिक उपस्थिति दर्ज करा कर यूएई ने नया रुख अपनाने का इशारा किया है। यूएई इजरायल को मान्यता देने वाले चुनिंदा इस्लामिक देशों में शमिल है, जिसने पांच वर्ष पूर्व इजरायल के साथ अब्राहम समझौता किया है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) हाई-टेक क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है और भारत इस क्षेत्र में सहयोग की दिशा में देख रहा है। यूएई में दो दिवसीय दौरे के दौरान शीर्ष अधिकारियों, उद्योग जगत के नेताओं और भारतीय समुदाय से मुलाकातों के बाद गोयल ने मीडिया से बातचीत की।

## टिकटॉक के लिए अमेरिका-चीन में समझौता, अगले साल चीन जाएंगे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिग के साथ फोन पर बात की जिसमें दोनों के बीच टिकटॉक को लेकर समझौता, द्विपक्षीय व्यापार तथा कई अन्य मुद्दों पर सहमति बनी। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर इस वार्ता को 'सफल' बताते हुए कहा कि दोनों नेता इस साल अक्टूबर के अंत में दक्षिण कोरिया में होने वाले एपेक शिखर बैठक में मुलाकात करेंगे। इसके बाद अगले साल की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रपति चीन का दौरा करेंगे और बाद में चीनी राष्ट्रपति भी अमेरिका आएंगे। दोनों देशों के बीच पिछले जो बाइडन प्रशासन के दौरान रिश्तों में दूरी आ गई थी। यहां तक कि ट्रम्प भी अब तक चीन के आलोचक रहे थे।

## पुर्तगाल भी देगा फलस्तीन को मान्यता

### अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में चर्चा का केंद्र बन सकता है यह मुद्दा

**काहिरा।** गाजा पर इजरायल के ताजा हवाई हमलों में कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई है। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब कई पश्चिमी देश अब खुले तौर पर फलस्तीन को स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। अगले हफ्ते न्यूयॉर्क में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में यह मुद्दा चर्चा का केंद्र बन सकता है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि मारे गए लोगों में छह लोग एक ही परिवार से थे।

इनमें शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सलमिया के रिश्तेदार भी शामिल हैं। एक अन्य हमले में शावा स्क्वायर के पास पांच लोगों की मौत हुई। राहत एजेंसियां कह रही हैं कि गाजा में हालात अकाल जैसी स्थिति तक पहुंच गए हैं। इजरायल के हमलों के बीच पुर्तगाल ने घोषणा की है कि वह रविवार को आधिकारिक तौर पर फलस्तीन राज्य को मान्यता देगा। इसके अलावा ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, माल्टा, बेल्जियम और लक्ज़मबर्ग जैसे देश भी आने वाले दिनों में यह कदम उठा सकते हैं। पश्चिमी देशों का यह रुख इजरायल पर बढ़ते दबाव का संकेत है। इजरायल की सेना का



**■ एक अन्य हमले में शावा स्क्वायर के पास पांच लोगों की मौत हुई**

**■ पश्चिमी देशों का यह रुख इजरायल पर बढ़ते दबाव का संकेत है**

कहना है कि उसका लक्ष्य हमास की सैन्य संरचना को पूरी तरह नष्ट करना है। हालांकि इसके लिए कोई समयसीमा तय नहीं की गई है। माना जा रहा है कि अभियान महीनों तक चल सकता है। पिछले 23 महीनों में इजरायली बमबारी से गाजा में 65000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और करीब 90 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो चुकी है। गाजा सिटी में रहने वाले हजारों लोगों को दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा जा रहा है। लेकिन कई लोग या तो कमजोर हैं, या फिर उनके पास संसाधन नहीं हैं कि वे बार-बार उजड़कर सुरक्षित स्थानों पर जा सकें। संयुक्त राष्ट्र और अन्य एजेंसियां कह रही हैं कि इस तरह की जबरन निकासी से मानवीय संकट और गंभीर होगा। यूनिसेफ ने खुलासा किया कि कुपोषित बच्चों के लिए भेजा गया जीवनरक्षक भोजन सशस्त्र लोगों ने लूट लिया। चार ट्रकों से यह सामान गाजा सिटी में जबरन छीना गया। इजरायल ने इसका आरोप हमास पर लगाया है, हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उनके पास मदद के दुरुपयोग को रोकने के लिए कड़े तंत्र मौजूद हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास ने दक्षिणी इजरायल में हमला किया था जिसमें 1200 लोग मारे गए और 251 को बंधक बनाया गया। इनमें से 48 अभी भी गाजा में हैं और आधे से भी कम के जिंदा होने की आशंका है। इसके बाद से अब तक 65,100 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

## तीन रूसी विमानों ने एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र का किया उल्लंघन

**तालिन।** तीन रूसी मिग-31 लड़ाकू विमान एस्टोनिया के हवाई क्षेत्र में घुस आए और कुल 12 मिनट तक वहां रहे। बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके बाद एस्टोनिया के विदेश मंत्रालय ने इस घुसपैठ की 'बेशर्मी' करार देते हुए निंदा की और कहा कि तीन रूसी मिग-31 लड़ाकू विमान बिना अनुमति के एस्टोनियाई हवाई क्षेत्र में घुस आए और फिनलैंड की खाड़ी के ऊपर कुल 12 मिनट तक वहां रहे। इस घटना से नाराज़ एस्टोनिया ने रूसी युद्धक विमानों द्वारा अपने हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के बाद अन्य नाटो सदस्यों से परामर्श का अनुरोध किया है। नाटो के एक प्रवक्ता ने कहा कि सैन्य गठबंधन ने 'तुरंत प्रतिक्रिया दी और रूसी विमान को रोक लिया', इसे 'रूस के लापरवाह व्यवहार और नाटो की प्रतिक्रिया देने की क्षमता का एक और उदाहरण' बताया।

## यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष ने की मोदी की तारीफ

**वाशिंगटन।** राजनीतिक विज्ञानी और यूरेशिया ग्रुप के अध्यक्ष इयान ब्रेमर ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद मई में भारत-पाकिस्तान तनाव बढ़ाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के मध्यस्थता के दावों को सार्वजनिक तौर से खारिज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है।

एक साक्षात्कार के दौरान ब्रेमर ने इसे अन्य वैश्विक नेताओं की चुप्पी के उलट पीएम मोदी का साहसिक कदम करार दिया। ब्रेमर ने कहा कि ट्रम्प का रवैया था, मैं ताकतवर हूं, राष्ट्रपति हूं,मेरी बात माननी होगी, लेकिन मोदी ने, चीन और रूस की तरह उनका सामना किया। पीएम मोदी ने साफ कहा कि अमेरिका की इसमें कोई भूमिका नहीं थी। उन्होंने यह कहकर ट्रम्प को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर शर्मिंदा किया। ब्रेमर के मुताबिक, मोदी

**■ इयान ब्रेमर बोले: अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को किया शर्मिंदा**

**■ अमेरिका-पाक रिश्तों में अनैतिक कारोबार की गंध**

का यह फैसला सोचा-समझा था। इससे उन्हें घरेलू राजनीति में मजबूती मिली और उनकी अमे. रिका से अलग स्वतंत्र छवि भी दिखी,जो अमेरिका के अधिकतर सहयोगी देशों में नहीं दिखती। उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर का उदाहरण देते हुए कहा कि स्टार्मर ने ट्रम्प की नीतियों को नापसंद करने के बावजूद उन्हें खुश करने की कोशिश की ताकि बेहतर समझौते मिल सकें। वहीं अधिकतर नेता ट्रम्प की तारीफों के पुल बांधते रहे,लेकिन मोदी ने उन्हें सबके सामने चुनौती दी और घरेलू स्तर पर फायदा उठाया।

## यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक

**लंदन।** यूरोप के तीन बड़े एयरपोर्ट्स पर साइबर अटैक हुआ है। इनमें लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट, जर्मनी का बर्लिन एयरपोर्ट और बेल्जियम का ब्रसेल्स एयरपोर्ट शामिल है।

साइबर अटैक के चलते शनिवार को इन एयरपोर्ट्स पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप हो गए। इसकी वजह से कई उड़ानों में देरी हुई। साथ ही कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल भी करना पड़ा है। चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप होने से यात्रियों को मैन्युअल तरीके से चेक-इन करना पड़ रहा है। इसकी वजह से फ्लाइट शेडयूल पर असर पड़ा है। शनिवार दोपहर तक हीथ्रो एयरपोर्ट से आने-जाने वाली 140 से ज्यादा उड़ानें लेट हुईं।

**■ चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम ठप, मैन्युअल चेकइन कराया गया, कई फ्लाइट लेट, रद्द हुईं**

ब्रसेल्स में 100 से ज्यादा और बर्लिन में 60 से ज्यादा फ्लाइट्स पर इसका असर पड़ा है। ब्रसेल्स एयरपोर्ट के अधिकारियों के मुता. बिक शुक्रवार रात को एयरपोर्ट के चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम से जुड़ी सर्विस प्रोवाइडर कंपनी पर साइबर अटैक हुआ। हीथ्रो यूरोप का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट है। कई फ्लाइट्स कैंसिल भी करनी पड़ीं। हैकर्स ने कालिन्स एयरोस्पेस कंपनी के सिस्टम को निशाना बनाया है। यह कंपनी इन एयरपोर्ट पर चेक-इन और बोर्डिंग सिस्टम की सुविधा देती है।

## हांगकांग में द्वितीय विश्व युद्ध का बम निष्क्रिय किया

**हांगकांग सिटी।** हांगकांग पुलिस ने शनिवार सुबह पूर्वी जिले में एक निर्माण स्थल पर मिले द्वितीय विश्व युद्ध के बम को निष्क्रिय कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि निर्माण स्थल और उसके आसपास का इलाका अब सुरक्षित है और खाली कराए गए निवासी वापस लौट सकते हैं। सभी बंद सड़कों को फिर से खोल दिया गया है। उन्होंने कहा कि 1.5 मीटर लंबे और लगभग 1000 पाउंड वज़नी इस हवाई बम को निष्क्रिय करने के लिए, पुलिस ने शुक्रवार रात 11 बजे तक आसपास की इमारतों से लगभग 6000 लोगों को निकाला था। उनमें से कुछ ने देखभाल टीमों और जिला परिषद सदस्यों की सहायता से साम. ुदायिक केंद्रों में रात बिताई।

## जैश-हिजबुल के आतंकी अब खैबर ठिकाने बना रहे

### दावा: ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीओके छोड़ रहे, इसमें पाकिस्तान सरकार मदद कर रही

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकी ठिकानों पर हमलों से आतंकी डर गए हैं। अब जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन खैबर पख्तूनख्वा में अपने नए ठिकाने बना रहे हैं।

भारतीय डिफेंस और मिलिट्री के सूत्रों ने बताया कि आतंकी ग्रुप्स पीओके को अब भारतीय हमलों के कारण असुरक्षित मानते हैं। इसलिए, अफगानिस्तान से सटे खैबर पख्तूनख्वा की पहाड़ी इलाके उनके लिए सुरक्षित ठिकाना बन गए हैं। सूत्रों ने यह भी दावा किया कि पाकिस्तान की सरकारी संस्थाएं आतंकियों को पीओके से खैबर शिफ्ट होने में मदद कर रही है। हाल ही में पाकिस्तान में कुछ जगहों पर पुलिस सुरक्षा में जैश-ए-मोहम्मद ने सभाएं भी की थीं, जिसे जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई) जैसे



**■ पाकिस्तान की सरकारी संस्थाएं आतंकियों को पीओके से खैबर शिफ्ट होने में मदद कर रही है**

राजनीतिक-धार्मिक संगठनों का भी समर्थन था। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके तहत भारत ने बहावलपुर, मुरीदके, मुजफ्फराबाद सहित पाकिस्तान के 7 शहरों में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर नष्ट कर दिया था। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के इन 7 शहरों में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। खैबर में भारत-पाकिस्तान मैच से जैश ने भर्ती अभियान चलाया सूत्रों ने बताया कि सबसे महत्वपूर्ण घटनाक्रम 14 सितम्बर को खैबर पख्तूनख्वा के मनसेहरा जिले के गढ़ी हबीबुल्लाह कस्बे में हुआ। यहां जैश ने भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच शुरू होने से लगभग सात घंटे पहले एक धार्मिक कार्यक्रम के नाम पर भर्ती अभियान चलाया। यह कार्यक्रम खैबर और कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद के सीनियर कमांडर मोलाना मुफ्ती मसूद इलियास कश्मीरी उर्फ अबू मोहम्मद की मौजूदगी में किया गया था। कार्यक्रम का नेतृत्व जैश-ए-मोहम्मद और जमात-उद-दावा ने किया था।



## रामलीला में पूनम पांडे बनेगी मंदोदरी

**नई दिल्ली।** जानीमानी अभिनेत्री पूनम पांडे लव कुश रामलीला में महाबली रावण की पत्नी मंदोदरी का दमदार किरदार निभाएंगी। लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया, जब हमने मंदोदरी की भूमिका के लिए पूनम पांडे से संपर्क किया तो उन्होंने तुरंत हामी भर दी। पूनम पांडे ने कहा कि यह उनके जीवन का सपना है जो प्रभु श्रीराम की कृपा से पूरा हुआ है। लाइव मंचन में हजारों दर्शकों के सामने मंदोदरी को साकार करना चुनौतीपूर्ण है।

इसलिए वह अभी से गहन रिहर्सल कर रही हैं। पूनम पांडे ने कर्मा द जर्नी, जीएसटी: गलती से सिर्फ़, जैसी फिल्मों और टीवी धारावाहिक सीआईडी में अपनी पहचान बनाई है। मंच पर वह प्रसिद्ध अभिनेता आर्य बब्बर के साथ नज़र आएंगी, जो इस वर्ष रावण की भूमिका निभा रहे हैं।

## रजनीकांत के 50 सुनहरे साल: प्राइम वीडियो ने दिया यादगार नजराना

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के शानदार 50 साल के सिनेमाई सफर का जश्न मनाते हुए एक बेहद खास ट्रिब्यूट वीडियो जारी किया है। यह वीडियो रजनीकांत की तमिल एक्शन थ्रिलर कुली के लॉन्च के साथ आया है। इस खास वीडियो में डायरेक्टर लो. केश कनगराज और म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध भी नजर आ रहे हैं, जिन्होंने रजनीकांत के इस ऐतिहासिक सफर को और यादगार बना दिया है।



वीडियो में रजनीकांत के आइकॉनिक स्टाइल, उनके बेमिसाल ऑन-स्क्रीन प्रेज़ेंस और पीढ़ियों से चले आ रहे उनके फैंस के साथ गहरे कनेक्शन को खूबसूरती से दिखाया गया है। जश्न और वीडियो को और खास बनाने के लिए, प्राइम वीडियो ने चेन्नई भर में एक हाई-इम्पैक्ट बिलबोर्ड कैंपेन भी शुरू किया है। इसमें रजनीकांत के सबसे मशहूर पंचलाइनों को नए अंदाज़ में पेश किया गया है, जो उनके फैंस की तरफ़ से इस लीजेंड को एक अनोखा ट्रिब्यूट है। चेन्नई की सड़कों पर लगे यह बिलबोर्ड पूरे शहर को एक लिविंग कैनवास में बदल देते हैं, जहां हर कोना रजनीकांत के शानदार करियर और उनकी विरासत का जश्न मनाता दिखाई देता है।

कुली अब तमिल में स्ट्रीम हो रही है, साथ ही इसका डब्ड वर्ज़न तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में भी प्राइम वीडियो पर भारत और दुनिया के 240 से ज्यादा देशों व इलाकों में उपलब्ध है। यह फिल्म एक जबरदस्त एक्शन थ्रिलर का अनुभव देती है। जिसमें न्याय, वफादारी और हाई-ऑक्टेन ड्रामा का तड़का है, जो दर्शकों को सीट से बांधे रखता है। रिलीज के बाद से ही कुली दुनिया भर में ट्रेंड कर रही है और 20 से ज्यादा देशों, जिनमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, हांगकांग, यूएई शामिल हैं, वहां टॉप 10 मूवीज़ की लिस्ट में जगह बना चुकी है।

# शाहरुख खान की किंग पर सबकी नजर


### दीपिका पादुकोण ने पौलेंड में शुरू की शूटिंग

### किंग में अक्षय ओबेरॉय की हो सकती है एंट्री

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म किंग की शूटिंग की शुरू कर दी है। दीपिका पादुकोण ने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाला नोट लिखते हुए, शाहरुख खान के साथ अपनी अगली फिल्म किंग की शूटिंग शुरू करने की बात साझा की है। फिल्म किंग दीपिका और शाहरुख की छठी फिल्म है। इससे पहले दोनों कई फिल्मों में साथ नजर आ चुके हैं, जिसकी शुरुआत वर्ष 2007 में प्रदर्शित फिल्म ओम शांति ओम से हुई थी, जो दीपिका का डेब्यू भी था। दीपिका ने शनिवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर किया। दीपिका ने ओम शांति ओम की शूटिंग को याद करते हुए बताया कि शाहरुख ने उन्हें एक सीख सिखाई थी, जिसे वह अब तक लिए गए हर फैसले में अपनाती आ रही हैं। शाहरुख और दीपिका ने वर्ष 2013 में रोमांटिक कॉमेडी चेन्नई एक्सप्रेस, वर्ष 2014 में हैप्पी न्यू ईयर और वर्ष 2023 में रिलीज हुई फिल्म पठान में भी साथ काम किया था। उनकी जोड़ी की आखिरी फिल्म जवान (2023) थी।

उधर, अभिनेता अक्षय ओबेरॉय, शाहरुख खान की आने वाली फिल्म किंग में काम करते नजर आ सकते हैं। अक्षय ओबेरॉय ने सोशल मीडिया पर यह शेयर करके इंटरनेट पर हलचल मचा दी कि वह पोलैंड के लिए रवाना हो रहे हैं। सबका ध्यान इस बात पर गया कि शाहरुख खान की बहुचर्चित फिल्म किंग की शूटिंग भी इस समय पोलैंड में हो रही है। हालांकि अक्षय की तरफ़ से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन समय और जगह के मेल ने फैन्स को उत्साहित और जिज्ञासु बना दिया है। फैन्स ने तुरंत कयास लगाने शुरू कर दिए कि अक्षय शायद इस बहुप्रतीक्षित एक्शन-थ्रिलर की स्टार कास्ट का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इन अटकलों को और मज़बूती देता है अक्षय का किंग के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ पुराना रिश्ता। दोनों पहले फ़ाइटर और फ्लेश जैसी प्रोजेक्ट्स पर साथ काम कर चुके हैं और उनकी अच्छी ट्यूनिंग से ये संभावना और बढ़ जाती है कि अक्षय को किंग के लिए लिया जा सकता है। फिलहाल, फैन्स को इंतज़ार करना होगा कि क्या अक्षय ओबेरॉय सच में शाहरुख खान के इस बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा बनते हैं या नहीं।

**अपूर्व लाखिया ने सलमान के साथ बातचीत की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, 45 दिन पूरे हुए। उन्होंने शूटिंग लोकेशन से भी कई तस्वीरें शेयर की। बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं।**





# सलमान ने पूरी की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

> यह फिल्म 2020 की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भयानक लड़ाई के समय में फिर से लेकर जाती है। उस समय सीमा पर हुआ यह एक दुर्लभ संघर्ष था, जिसमें सैनिकों ने बिना किसी हथियार के लड़ाई लड़ते हुए जान गंवाई थी।

**मुंबई।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने अपनी आने वाली फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग सिर्फ 45 दिनों में पूरी कर ली है। अपूर्व लखिया के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2020 की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई भयानक लड़ाई के समय में फिर से लेकर जाती है।

उस समय सीमा पर हुआ यह एक दुर्लभ संघर्ष था, जिसमें सैनिकों ने बिना किसी हथियार के लड़ाई लड़ते हुए जान गंवाई थी। सैनिकों ने लाठी और पत्थरों से आमने-सामने की लड़ाई लड़ी थी, जिससे यह हाल के भारतीय इतिहास की सबसे ज्यादा भावनात्मक कहानियों में से एक बनकर सामने आई। अपनी दमदार कहानी और कमाल की स्टार कास्ट के साथ बैटल ऑफ गलवान हाल के सालों में भारतीय सेना को समर्पित सबसे असरदार सिनेमाई श्रद्धंजलि बनने जा रही है।

सलमान खान ने फिल्म बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग 45 दिनों के शेड्यूल में अच्छी तरह से पूरी कर ली है। ऐसे में निर्देशक अपूर्व लाखिया ने सोशल मीडिया पर फिल्म के सेट के कुछ खास पर्दे के पीछे के लम्हों को साझा किया है। अपूर्व ने सलमान के साथ बातचीत की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, 45 दिन पूरे हुए। उन्होंने शूटिंग लोकेशन से भी कई तस्वीरें शेयर की। बैटल ऑफ गलवान में सलमान खान के साथ चित्रांगदा सिंह भी अहम भूमिका में हैं।

## प्रियंका को मिला सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड

**यशोदा श्रीवास्तव**

पिछले दिनों अयोध्या में आयोजित पूर्वांचल ब्यूटी अवार्ड शो में सेलिब्रेटी मेकप आर्टिस्ट अवार्ड से सम्मानित प्रियंका जायसवाल ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभाएं केवल शहरों और कुछ परंपरागत घरानों से ही नहीं निखरती। छोटे से कस्बे बृजमनगंज की बहु प्रियंका जायसवाल ने सिलेब्रिटी मेकप की दुनिया में मुकाम हासिल कर न केवल बृजमनगंज बल्कि जनपद महराजगंज (उत्तर प्रदेश) का मान बढ़ाया है। प्रियंका जायसवाल के खाते में मेकप एचीवमेंट का ढेर सारा अवार्ड है। वे इसका कभी गुमान नहीं की। वे सुर्खियों में अयोध्या के होटल कोहिनूर में आयोजित बड़े ब्यूटी अवार्ड शो में परिधि शर्मा के हाथों मिले अवार्ड के बाद आईं। परिधि शर्मा मशहूर टीवी आर्टिस्ट हैं। टीवी सीरियल जोधा अकबर में वे जोधा की भूमिका में थीं। प्रियंका जायसवाल को अपने हाथों अवार्ड देते वक्त उन्होंने कहा कि वे जानती हैं कि ब्यूटीशियन कितनी मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचती हैं। जोधा के रूप में मेरी कामयाब रोल के पीछे प्रियंका जैसी ही मेहनती और अपनी कला में पारंगत कोई



**हेयर स्टाइलिस्ट जावेद हबीब से सम्मानित होती प्रियंका।**

ब्यूटीशियन ही हैं जिसने अपनी मेकप आर्ट के हुनर से मुझे जोधा के रूप में प्रस्तुत किया। प्रियंका जायसवाल अब एक कामयाब सेलीब्रिटी मेकप आर्टिस्ट हैं। गोरखपुर की रहने वाली प्रियंका को यह हुनर उनकी मां से हासिल हुआ जो एक ब्यूटीशियन थीं। अब वे अपने ससुराल बृजमनगंज में रह रही हैं। उत्तर प्रदेश के महराजगंज जिले के इस छोटे कस्बे में उनका एक शानदार मेकप स्टूडियो है जहां वे बच्चियों को ट्रेनिंग भी देती हैं। वे अपनी कामयाबी के पीछे पति गौरव जायसवाल और अपने सास ससुर को देती हैं। कहती हैं कि मां से मिला यह हुनर फ्लॉप हो जाता यदि ससुराल में प्रोत्साहन न मिलता। उनका यह भी मानना है कि प्रतिभाओं को यदि सहारा न मिले तो वे जहां तहां धरी रह जाती हैं।

## होमबाउंड ने आस्कर में बनाई जगह



**मुंबई।** युवा अभिनेता विशाल जेठवा अपनी फिल्म होमबाउंड को 98वें अकादमी अवॉर्ड्स ऑस्कर में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुने जाने को लेकर बेहद खुश हैं। विशाल जेठवा ने कहा, यह पल मेरे लिए बिल्कुल अविश्वसनीय है। यह वही खबर है जिसका हर अभिनेता एक दिन सपना देखता है। यह जानकर कि होमबाउंड दुनिया के सबसे बड़े सिनेमा मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है, मेरे लिए मेरी फिल्मी यात्रा की शुरुआत से परे एक अनुभव है।

मैं निर्देशक नीरज घेवन का बेहद आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे ऐसा रोल दिया जिसने मुझे न केवल बतौर कलाकार बल्कि बतौर इंसान भी बदल दिया। ईशान खट्टर और जान्हवी कपूर के साथ काम करना भी खास रहा -वे सिर्फ सह-अभिनेता नहीं बल्कि सहयोगी साथी थे, जिन्होंने हर सीन को अपनी ऊर्जा और उदारता से बेहतर बनाया।

विशाल ने कहा, यह सम्मान सिर्फ मेरे लिए एक उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरी टीम की मेहनत, जुनून और भारतीय कहानियों की ताकत का प्रमाण है। मुझे गर्व है कि मैं ऐसी फिल्म का हिस्सा हूं जो हमारी संस्कृति और दिल को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले जाती है। इतने शानदार कलाकारों के साथ खड़े होकर और अपने देश का नाम दुनिया के सामने रोशन करना बहुत विनम्र और प्रेरणादायक अनुभव है और मैं आगे के सफर के लिए उत्साह और आभार से भरा हूं। नीरज घेवन के निर्देशन में बनी होमबाउंड को पहले ही अंत. रराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल्स में अपनी संवेदनशील कहानी और शानदार अभिनय के लिए सराहना मिल चुकी है।

यह फिल्म दो बचपन के दोस्तों की कहानी है, जो एक उत्तर भारतीय गांव से पुलिस की नौकरी पाने का सपना देखते हैं, लेकिन जैसे-जैसे वे अपने लक्ष्य के करीब आते हैं, लालच और निजी टकराव उनकी दोस्ती की परीक्षा लेने लगते हैं। धर्मा प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित होमबाउंड अब अपने ऑस्कर अभियान की शुरुआत कर रही है, जिसका उद्देश्य भारत को एक और ऐतिहासिक जीत के करीब लाना है। ईशान खट्टर, जान्हवी कपूर और विशाल जेठवा अभिनीत यह फिल्म 26 सितम्बर को सिनेमाघरों में रिलीजज होगी।

WALK IN INTERVIEW
Required: Staff For D.El.Ed.(B.T.C.)
Principal / H.O.D - 01
Lecturer For: Hindi, English, Sanskrit, Maths, Science, Urdu, Foundation, Phy. Edu., Music & fine Arts, Social Science.
Qualification and Salary:
As per NCTE Regulation 2014/
SCERT U.P./U.P. Govt. Norms
Appear for Interview on
29/09/2025 at 10:00 AM with Resume &
Original Document with Colour Photograph
in the Department of D.El.Ed.(B.T.C.)
ISLAMIA DEGREE COLLEGE
DEOBAND
Email: idcdeoband@gmail.com
Mob: 9045143298, 8755525452
Add: Near Indra Park, Deoband, Saharanpur (247554)

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108